आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 17°C | 11°C |

इनसाइड न्यूज

यूपी का ब्रांड ओडीओपी आज देश और दुनिया में धूम मचा रहा...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 12 जनवरी, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 91 | www.janexpresslive.com/epaper



केजरीवाल ने अन्ना जैसे संत का इस्तेमाल... 12

# रामलला मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर : पीएम

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ: पंचामृत अभिषेक के बाद रामलला का श्रृंगार, पीतांबर वस्त्र में सोने के तार, योगी ने पूजा की

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मोदी ने कहा कि सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष के बाद बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और आध्यात्म की महान धरोहर है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, 卐अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। मुझे विश्वास है कि यह दिव्य-भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा।



### योगी ने अपने गुरू को याद किया

सीएम योगी ने कहा- पूज्य महंत दिग्विजय नाथ को मैं नहीं देख पाया था। मुझे याद है जब मेरे पूज्य गुरुदेव की अंतिम सांस चल रही थी तो संजोग ऐसा था कि अशोक सिंघल उन्हें देखने आए। उनकी आखिरी बातचीत भी उन्हीं से हुई। अंत में मेरे गुरुदेव ने अशोक सिंघल को अपने पास बुलाया और कहा कि क्या राम जन्मभूमि का मंदिर बन जाएगा तो अशोक सिंघल ने कहा जरूर बनेगा। इसके कुछ दिन बाद ही गुरुदेव ने जीवन त्याग दिया।

### योगी ने कहा- हम कमजोर होंगे तो अंजाम धर्म स्थल भुगतेंगे

सीएम ने कहा- अगर हमारा देश किन्हीं कारणों से विभाजित होकर कमजोर होगा, जाति की खाइयां चौड़ी होंगी। क्षेत्र और भाषा के आधार पर विभाजित होंगे, तो इसका खामियाजा हमारे पूज्य धर्म स्थलों को भुगतना होगा। बहन-बेटियों को भुगतना होगा। उस प्रकार की स्थिति हम सबके सामने दोबारा न होने पाए। द्वादश प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हम सभी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। सीएम योगी ने कहा, हमे ध्यान रखना होगा कि किन कारणों से हम बटे हुए थे। आवश्यकता इस बात की है कि हम विभाजित न हों। ऐसा हुआ तो उसकी कहानियां हमारे धर्मस्थलों, बेटियों को भुगताना पड़ेगा। मोदी जी ने एक साल पहले कहा था कि राम है तो राष्ट्र है।

### योगी बोले, अयोध्या अब त्रेता युग का एहसास करा रही

सीएम योगी ने कहा- आज हम यह एहसास कर रहे हैं कि रामजन्मभूमि के लिए जो आंदोलन चला था, आज वो एक सार्थक लक्ष्य के रूप में आगे बढ़ रहा है। अब कोई भी व्यक्ति दुनिया से आता है तो कहता है कि वाह! अयोध्या तो अब त्रेता युग का अहसास करा रही है। एक-दो साल देखें, जब राम जन्मभूमि का पूरा परिसर अपने भव्य रूप में आएगा तो दुनिया का सुंदरतम नगर के रूप में सबसे आध्यात्मिक, धार्मिक और सबसे वैभवशाली धाम के रूप में विकसित होने जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने पिछले 4 वर्ष के दौरान न दिन देखा न रात देखी। केवल एक ध्येय के साथ रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़ने के साथ परिसर को भव्य रूप देने में कार्य कर रहा है।

### योगी बोले, किन कारणों से हमारे आराध्य अपमानित हो रहे थे

सीएम योगी ने कहा- हमें देखना होगा कि किन कारणों से समाज बंटा हुआ था और हमारे पूज्य आराध्य देव स्थल अपमानित हो रहे थे। अगर हम जाति के नाम पर और तमाम अन्य वाद के आधार पर विभाजित रहेंगे तो इस तरह की अपमानजनक स्थितियों का सामना निरंतर करना पड़ सकता है। इसलिए आज की आवश्यकता वह है जो हमारे वर्तमान के साथ भविष्य को भी सुरक्षित रख सके। एकता के सूत्र के साथ एकात्मता को मजबूत करना होगा। इससे सनातन धर्म भी मजबूत होगा, देश और हम सब भी मजबूत होंगे। सीएम ने कहा कि एक बात ध्यान रखना होगा, कि आज से पहले वह कौन सी परिस्थितियां थीं, जब समाज बंटा था। यदि हम जाति के आधार पर बंटे रहेंगे, तो उत्पीड़न झेलना पड़ेगा। एक रहेंगे तो सनातन मजबूत होगा, देश मजबूत होगा। यदि भाषाई, क्षेत्रीय और जाति के आधार बंटेंगे तो सबसे पहले इसका खामियाजा हमारे धार्मिक स्थलों को भुगतना पड़ेगा।

### जाति के आधार पर बंटे, तो मिलेगा उत्पीड़न: सीएम

अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाई जा रही है। रामलला की विशेष पूजा शुरू हो गई। पुजारियों ने रामलला का पंचामृत अभिषेक किया। पहले दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से अभिषेक किया, फिर गंगाजल से नहलाया। इसके बाद रामलला का श्रृंगार किया गया। उन्हें पीतांबर वस्त्र पहनाए गए। इसमें सोने के तारों से बुनाई की गई है। उनके मुकुट में हीरा जड़ा है। यूपी के सीएम योगी भी अयोध्या पहुंच गए हैं। उन्होंने रामलला की पूजा की। दिल्ली, हिमाचल समेत 10 राज्यों से लोग रामलला के दर्शन करने पहुंचे हैं। राम मंदिर को विदेशी फूलों से सजाया गया है। मंदिर ट्रस्ट ने अंगद टीला पर जर्मन हैंगर टेंट लगवाए हैं। यहां पर 5 हजार श्रद्धालु रामकथा सुनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को इस मौके पर बधाई दी। उन्होंने कहा- राम मंदिर विकसित भारत की संकल्प सिद्धि में मदद करेगा। मंदिर ट्रस्ट के मुताबिक, आज 2 लाख भक्त रामलला का दर्शन करेंगे। प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर 11 से 13 जनवरी तक उत्सव होंगे। इन 3 दिनों में वीआईपी दर्शन नहीं होंगे। आम दर्शन सुबह 6.30 बजे से रात 9.30 बजे तक जारी रहेंगे।

### सीएम ने रामजन्मभूमि आंदोलन को याद किया

सीएम योगी ने कहा- रामजन्मभूमि देश का ऐसा आंदोलन हैं। जब 500 वर्षों में 1528 से लेकर 6 दिसंबर 1992 तक का इतिहास उठाकर देखेंगे तो हर 15 से 20 वर्ष के अंतराल में हिन्दू समाज फिर से अपने प्रभु की जन्मभूमि को प्राप्त करने के लिए निरंतर संघर्ष करता रहा। जिस भाषा में शासन तंत्र समझता था, उसी भाषा में समझाने के लिए संघर्ष करता रहा। उन्होंने कहा- ये क्या एक दिन में हो गया। नहीं। इसके लिए एक लंबे संघर्ष को आगे बढ़ाया गया। दर्जनों पीढ़ियां चली गईं। एक ही कामना थी कि अयोध्या में रामलला को विराजमान देख सकें। पूज्यसंतों का चला जाना। लेकिन उनका संकल्प इसे पूरा करने के लिए दृढ़ था। हम सौभाग्यशाली हैं कि इन तिथियों को अपनी आंखों से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

### कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाकर की गई



सीएम योगी ने दीप जलाकर और रामलला के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संचालन ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा कर रहे है। उन्होंने कहा कि योगी जी केवल सीएम नहीं हैं। वे जिस पीठ के है, उसकी तीन पीढ़ियां राम मंदिर आंदोलन के लिए समर्पित रहीं।

## कन्नौज हादसा: निर्माणाधीन इमारत गिरी, तीन की मौत, 40 मजदूर दबे

### 23 मजदूरों को निकाला, 13 करोड़ की लागत से बन रहा था



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

कन्नौज के रेलवे स्टेशन के नजदीक निर्माणाधीन इमारत का लिंटर गिर जाने से हड़कंप मंच गया। इस हादसे में तीन मजूदरों की मौत हो गई, जकि 40 से अधिक मजदूर मलबे में दबे हुए हैं। राहत और बचाव कार्य जारी है। कई मजदूरों को मलबे से निकाल लिया गया। घायलों को ऐम्बुलेंस से अस्पताल भेजा जा रहा है। पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है। अधिकारियों को रेस्क्यू कार्य करने और हर संभव मदद का निर्देश दिया है।

### धमाके की तेज आवाज से सहमे लोग

निर्माणाधीन इमारत के काम में लगे एक मजदूर ने बताया कि हादसा होने से पहले वह खाना खाने के लिए गया था। इमारत में 40 से 50 के करीब लोग काम में लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार लिंटर गिरने की तेज आवाज से लोग सहम गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में जुट गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हादसा कैसे हुआ इसके कारणों का पता लगाया जाएगा।

### ये मजदूर मलबे में दबकर घायल हुए

राम बहादुर (सरायमीरा), आर्यन (सरायमीरा), कमलेश (सुक्खापुरवा), ध्रुव (चौराचांदपुर), कमलेश (चौराचांदपुर), अनिल (चौराचंदपुर), श्यामू (चौराचांदपुर), संदीप (चौराचांदपुर), विकास (ईसवापुर), संजेश (नेरा), राजा (ईसवापुर), रामरूप (चौराचांदपुर), रोहित (चौराचांदपुर), स्वामी दास (बलिया), आदेश पाल (ईसवापुर) घायल हुए हैं। राजू पासवान, राज कुमार गोयल, आकाश और कुलदीप राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किए गए हैं।

### सौंदर्यीकरण का चल रहा था काम

कन्नौज रेलवे स्टेशन पर दो मंजिला निर्माणाधीन इमारत का सौंदर्यीकरण का काम चल रहा था। इसी बीच लिंटर अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ने का अंदेशा है। फिलहाल बचाव कार्य जारी है। रेलवे स्टेशन की इमारत का एक हिस्सा इस तरह से गिर जाने को लेकर गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

# बाघ है या 'डॉन', सर्द मौसम में वन विभाग का निकाला पसीना

### लखनऊ में आतंक बरकरार, शुक्रवार को बाघ ने एक नीलगाय का शिकार किया, जो उसका सातवां शिकार था



- शिकार के बाद बाघ नीलगाय को करीब 200 मीटर जंगल में ले गया और उसका लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा खा गया
- अब तक वन विभाग की टीम बाघ को पकड़ने में नाकाम रही है
- हथिनियों डायना और सुलोचना ने पेट्रोलिंग भी कारगर साबित नहीं हुई

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

'डॉन' को पकड़ना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है। फिल्मी स्क्रीन का यह डायलॉग लखनऊ में आतंक का पर्याय बने बाघ पर सटीक बैठ रहा है। निरंकुश घूम रहा बाघ एक के बाद एक शिकार कर रहा है और इस दर्द मौसम में भी तमाम संसाधनों से लैस वन विभाग का पसीना निकाल रहा है। शुक्रवार को बाघ ने एक नीलगाय का शिकार किया, जो उसका सातवां शिकार था। अब तक वन विभाग की टीम बाघ को पकड़ने में नाकाम रही है। नीलगाय उसका सातवां शिकार था। शिकार के बाद बाघ नीलगाय को करीब 200 मीटर जंगल में ले गया और उसका लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा खा गया। डीएफओ डॉ. सितांशु पांडेय के अनुसार बाघ के शिकार में अब तक तीन शिकार पूरे तौर पर खाए जा चुके हैं। बाघ ने जोन-2 में शिकार किया है, और उसे पकड़ने के लिए रहमान खेड़ा फार्म को तीन जोन में बांटा गया है। हथिनियों डायना और सुलोचना ने पेट्रोलिंग की है और बाघ के पगचिह्न सीआईएसएच परिसर में भी मिले हैं। यहां बाघ को पकड़ने के लिए विशेष निगरानी की जा रही है, ताकि उसे ट्रेंकुलाइज किया जा सके।

### पकड़ने के लिए वन विभाग की 5 टीमों के अलावा 32 ट्रैप कैमरे और 4 पिंजरे भी लगाए गए

अपर मुख्य वन संरक्षक रेणु सिंह के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें 9 टीमें काम कर रही हैं, जिनमें वन विभाग की 5 टीमों के अलावा 32 ट्रैप कैमरे और 4 पिंजरे भी लगाए गए हैं।

### बाघ से बचाव के तरीके बताए

डीसीपी ने ग्रामीणों को बाघ की दहशत को कम करने और बचाव के उपाय भी साझा किए। उन्होंने बताया कि तेज आवाज, चिल्ला कर, खेतों बैठ कर काम करने से बचें, झुंड में खेतों और बाग में जाएं।

# वोटर लिस्ट में नहीं जुड़ा है नाम, तो अभी भी बन सकता है आपका काम

## संबंधित लोग अभी भी अपना वोटर आईडी कार्ड ऑनलाइन व ऑफलाइन बनवा सकते हैं

- मतदाताओं के लिए चलाए गए अभियान में 18 लाख 85 हजार 446 मतदाताओं ने वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाया है
- वोटर्स निर्वाचन आयोग की वेबसाइट या वोटर हेल्पलाइन एप से अपना नाम जुड़वा सकते हैं
- इसके अलावा एक अप्रैल, एक जुलाई व एक अक्टूबर को अर्ह होने वाले मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फार्म-6 भर सकते हैं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



प्रदेश में जो लोग किसी कारण वश वोटर लिस्ट में अपना नाम नहीं जुड़वा पाए हैं, ऐसे मतदाताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है। वो अभी भी अपना वोटर आईडी कार्ड ऑनलाइन व ऑफलाइन बनवा सकते हैं। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची का प्रकाशन मंगलवार को हो गया है। एक जनवरी 2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक की आयु के मतदाताओं के लिए चलाए गए अभियान में 18 लाख 85 हजार 446 मतदाताओं ने वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाया है। लेकिन अभी भी कुछ ऐसे लोग हैं जो इस मतदाता में सूची में नाम जुड़वाने से रह गए हैं ऐसे मतदाताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है। मतदाता कुछ स्टेप्स को फॉलो करके मतदाता सूची में अपना जुड़वा सकते हैं। मतदाता ऑनलाइन और ऑफलाइन मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। वोटर्स निर्वाचन आयोग की वेबसाइट या वोटर हेल्पलाइन एप से अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके अलावा एक अप्रैल, एक जुलाई व एक अक्टूबर को अर्ह होने वाले मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फार्म-6 भर सकते हैं।

### सूची में 10 लाख 24 हजार 299 मतदाताओं के नाम शामिल किए गए

मतदातासूची के अनुसार, प्रदेश अब कुल मतदाताओं की संख्या 15,35,37,430 हो गई है। इस साल 18,85,446 मतदाताओं ने वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाया है, जबकि 8 लाख 61 हजार 147 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। इस प्रकार मतदाता सूची में 10 लाख 24 हजार 299 मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं।

### प्रदेश में मतदाताओं की कुल संख्या 15,35,37,430 हुई



मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के अनुसार प्रदेश में 29 अक्टूबर से यह अभियान शुरू हुआ था। उपचुनाव वाली नौ विधानसभा क्षेत्रों में यह अभियान 27 नवंबर से शुरू हुआ था। प्रदेश में कुल 1,62,462 मतदेय स्थल हैं। मतदाता सूची के ड्राफ्ट प्रकाशन के समय प्रदेश में मतदाताओं की कुल संख्या 15,25,13,131 थी, जो अब बढ़कर 15,35,37,430 हो गई है। पहले मतदाता सूची में प्रति 1000 पुरुषों पर 874 महिलाएं थीं, अब 2025 में जिनकी संख्या अब बढ़कर 876 हो गई है। 18-19 वर्ष की आयु के कुल 4.84 लाख नाम जोड़े गए हैं। यह कुल जोड़े गए नामों का 25.68 प्रतिशत है।

### प्रत्येक पोलिंग बूथ पर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची एक सप्ताह तक प्रदर्शित की जाएगी

निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक, मतदाता सूची में अब 18-19 वर्ष की आयु के कुल मतदाताओं की संख्या 16.23 लाख है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पोलिंग बूथ पर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची एक सप्ताह तक प्रदर्शित की जाएगी। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन अधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी यह उपलब्ध रहेगी।

### पुरुष मतदाताओं की संख्या 8,18,38,679, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 7,16,92, 507 हो गई



अब प्रदेश में पुरुष मतदाताओं की संख्या 8,18,38,679, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 7,16,92, 507 हो गई है। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 6244 है। खास बात यह है कि 18-19 वर्ष की आयु वर्ग के 16. 23 लाख मतदाता है, जबकि 12.83 लाख दिव्यांग मतदाताओं की संख्या है।

# संगम में चलेंगे सवालों के तीर, विकास की 'धार' भी दिखेगी

- महाकुंभ में इस बार होगा विधानमंडल की बैठक का आयोजन
- कैबिनेट बैठक में योगी सरकार जनहित में कर सकती है कई बड़े ऐलान

जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित

**राज्य मुख्यालय।** प्रयागराज महाकुंभ के भव्य आयोजन के बीच जहां तीखे सवालों की बौछार होगी तो वहीं विकास की गंगा की 'धार' भी दिखेगी। जी हां..! आस्था के महाकुंभ में इस बार सजाए जाने वाले माननीयों के मंच पर तीखी नोकझोंक देखने को मिल सकती है। लेकिन इसमें अचरज करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इस बार के महाकुंभ में विधानमंडल की बैठक का आयोजन किए जाने की संभावना है। अगर ऐसा होता है तो पक्ष के साथ विपक्ष के नेता भी मौजूद रहेंगे। ऐसे में आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति भी दिखेगी तो योगी कैबिनेट जनहित में कई बड़े फैसले भी लेगी। इसे लेकर फिलहाल तैयारियां चल रहीं है। जल्द ही विधानमंडल की बैठक की तारीख का एलान हो सकता है।

### योगी कैबिनेट लगाएगी संगम में लगाएगी डुबकी

प्रयागराज महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता की चर्चा हर ओर है। संगम में डुबकी लगाने के लिए देश-दुनिया से लोग पहुंच रहे हैं। वहीं कई नामचीन हस्तियां भी आस्था के इस महाकुंभ में पहुंचेगी। इस बार के महाकुंभ में एक नया मोड़ भी हमें देखने को मिलेगा, जब योगी सरकार की पूरी कैबिनेट एक साथ संगम में डुबकी लगाएगी। इससे पहले 2019 के अर्द्धकुंभ में ऐसा किया था।



### 2019 में भी संगम किनारे हुई थी कैबिनेट की बैठक

साल 2019 के अर्द्धकुंभ के दौरान संगम किनारे योगी सरकार ने कैबिनेट बैठक का आयोजन किया था। उस वक्त जनहित में बड़ा फैसला लेते हुए मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेस-वे जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी मिली थी। यह एक्सप्रेसवे प्रदेश के बुनियादी ढांचे के विकास में अहम कड़ी बन रहा है। इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है और इसकी लंबाई 594 किमी होगी, जो 12 जिलों को जोड़ेगा। महाकुंभ 2025 के आयोजन की भव्यता से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार भी योगी सरकार कोई बड़ा ऐलान कर सकती है।

### अनोखा होगा दृश्य, पहली बार विधानमंडल की बैठक

उत्तर प्रदेश के गठन के बाद ऐसा पहली बार होगा जब महाकुंभ मेले में विधानमंडल की बैठक का आयोजन किया जाएगा। इतिहास में जाएं तो पता चलेगा कि इससे पहले 8 जनवरी 1887 को नार्थ वेस्टर्न प्रॉविंसेज ऐंड अवध लेजिस्लेटिव काउंसिल की पहली बैठक इलाहाबाद के थार्नहिल मेमोरियल हॉल में हुई थी, जिसमें 9 सदस्य शामिल हुए थे। हालांकि उस दौरान उत्तर प्रदेश अस्तित्व में नहीं था। केशरीनाथ त्रिपाठी के कार्यकाल में साल 2023 के दौरान प्रयागराज में उत्तशती समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान तत्कालीन राज्यपाल विष्णुकांत शास्त्री और मुख्यमंत्री मायावती के साथ दोनों सदनों के सदस्यों ने हिस्सा लिया था, लेकिन महाकुंभ के बीच ऐसा करने वाले योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री बन जाएंगे।

### सीएम ने परखीं तैयारियां

13 जनवरी से शुरू होने जा रहे आस्था के महाकुंभ को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को प्रयागराज पहुंचे। यहां दो दिन रहकर सीएम ने तैयारियों को परखा। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को अलर्ट रहने के साथ ही कैबिनेट और विधानमंडल की तैयारियों का निर्देश भी दिया। इसके अलावा महाकुंभ के बीच ही विकास का खाका भी खींचा और सरकार की विभिन्न योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए एक्शन प्लान पर चर्चा भी की।

## अस्थायी रैन बसेरा में नहीं है यात्रियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं- कुरील

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अतर्रा महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं पुरानी बाजार कर्वी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद्र कुरील ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यना से रैन बसेरा की गड़बड़ी की जांच कराने की मांग की है।

शिकायत कर्ता रमेश चंद्र कुरील ने बताया कि चित्रकूट धाम प्रभु श्रीराम की तपोभूमि है। यहां नगर पालिका परिसर द्वारा अस्थायी रैन बसेरा घटिया किस्म के बनाए गए है। जिनमें 15 वर्ष पुरानी पन्नी लगाई गई है। कर्वी बस स्टैण्ड के पास बने रैन बसेरा में यात्रियों के रात्रि विश्राम के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद द्वारा सीतापुर स्थित अस्थायी रैन बसेरा को अपने चहेते ठेकेदारों को दे दिया गया है, जो यात्रियों से अवैध वसूली करते है। ऐसे में नगर पालिका परिषद कर्वी द्वारा बस स्टैण्ड कर्वी व सीतापुर स्थित बनाए अस्थायी रैन बसेरों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। जिससे प्रयागराज महाकुंभ के पावन पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं का आर्थिक शोषण न हो सके।

# समाधान दिवस में मंडलायुक्त और डीआईजी ने सुनी फरियादियों की समस्या

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



कोतवाली कर्वी में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन मंडलायुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता व डीआईजी अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गया। जिसमें मंडलायुक्त व डीआईजी ने सभी अधिकारियों को शासन की मंशानुरूप जन समस्याओं को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

थाना समाधान दिवस में चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त अजीत कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित स्थलीय निरिक्षण कर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में जमीन, चकरोड, तालाब, विद्युत, जल जीवन मिशन से सम्बन्धित समस्याओं का भी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से कहा कि जमीन सम्बन्धित वाद में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर स्थलीय निरीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण कराए। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने उपस्थित तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल को निर्देश दिए कि अपने विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापरक निस्तारण कराए। इसके बाद मंडलायुक्त ने महाकुंभ मेला 2025 को देखते हुए कोतवाली कर्वी में बने मेडिकल कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेडिकल कक्ष में प्राथमिक उपचार के लिए मेडिकल टीम सहित सभी दवाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। कहा कि महाकुंभ मेले के दृष्टिगत छह थानों में बनाए गए मेडिकल कक्षों में प्राथमिक उपचार के साथ मेडिकल टीम मुस्तैद रहेंगी। इस अवसर पर मंडलाआयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकमल सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## अपर एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में शनिवार को राजापुर थाने में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अपर एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने फरियादियों की समस्याए सुनते हुए राजस्व व पुलिस सम्बन्धित मामलों में लेखपालो व राजस्व निरीक्षकों को प्रार्थना पत्र का निस्तारित पारदर्शिता के साथ वादी व प्रतिवादी की सहमति पर करने के निर्देश दिए। कहा कि राजस्व व पुलिस की टीमों का गठन कर 72 घण्टे के अन्दर समस्याओं को निस्तारित कराएं। समाधान दिवस में ग्राम अर्जुनपुर के मजरा लठागुठऊपुर के जागेश्वर प्रसाद, छोटेलाल, शिवम, समरपाल, राम सिंह, गप्पू सहित अन्य किसानों ने एएसपी को बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा गौशाला से गोवंशों को छोड़ दिया जाता है। जिससे गेहूं की फसल को गोवंश बर्बाद कर रहे हैं, जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। इस मौके पर नायब तहसीलदार पारुल सिंह परिहार, सहायक चकबन्दी अधिकारी राजीव दुबे, प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर विनय विक्रम सिंह, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, शारदा संगम, चंद्रेश सिंह पटेल, चंद्रिका पाण्डेय, प्रियंका शुक्ला, कपिल मुनि पाण्डेय सहित लेखपाल व शिकायतकर्ता मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### शिक्षक भाई के घर आई नाबालिग बहन ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िया में शिक्षक भाई के घर नाबालिक बहन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कानपुर देहात के थाना सजेती के ग्राम कोटर मकरंदपुर निवासी जितेंद्र पांडेय अपनी पत्नी शीतल के साथ गोहन के विद्यालय जय गुरुदेव विद्या मंदिर में पढ़ाते हैं और ग्राम गढ़िया में निवास बनाकर रहते हैं। बताया गया कि उनकी बहन 17 वर्षीय शिवानी पांडेय एक सप्ताह पहले आई थी। शनिवार की दोपहर शिवानी ने किन्ही कारणों के चलते घर के अंदर गले में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। जब जितेंद्र व उनकी पत्नी ने उसे फंदे पर लटका देखा, तो वह उसे तुरंत इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मामले में गोहन थानाध्यक्ष संजय यति का कहना है कि सूचना मिली है। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। किशोरी ने खुदकुशी क्यों की अभी इसका कारण पता नहीं चल सका है। फिलहाल पूरे मामले की हकीकत जानने के लिए बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है।

### पुलिस से बैखौफ चोरों ने मंदिर में दिया चोरी की वारदात को अंजाम

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र में पुलिस से बेखौफ होकर बेलगाम घूम रहे चोरों ने पुलिस गश्ती की पोल खोलते हुए मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। जहां से चोर मंदिर में लगे करीब 20 किलो वजन के घंटे चोरी कर रफू चक्कर हो गए। घटना को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस पर सवालिया निशान खड़े कर दिए। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरायां में शुक्रवार शाम को मन्दिर के पुजारी जगराम दास महाराज रोज की तरह पूजा अर्चना कर सोने चले गए। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे शातिर चोर देर रात मन्दिर में घुस गए। जहां पर चोरों ने मंदिर में लगे करीब 20 किलो वजन के घण्टे चोरी कर लिए। जब सुबह पुजारी मन्दिर में पूजा करने पहुंचे तब उन्होंने वहा से घण्टे गायब देखे और मामले की खबर गांव वालों को दी। घटना की खबर गांव पहुंचते ही ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। फिलहाल मन्दिर के पुजारी ने आटा पुलिस को तहरीर दी है। मंदिर में घटी चोरी की घटना को लेकर गांव में चर्चाओं का काफी बाजार गर्म है और ग्रामीणों में पुलिस गश्ती को लेकर सवालिया निशान खड़े किए जा रहे हैं। फिलहाल मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि मन्दिर में चोरी की घटना सामने आई है। जाच की जा रही है जल्द ही चोरो को पकड़ा जाएगा।

### अनियंत्रित होकर पलटी स्कार्पियो कार चालक सहित सात घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र में राठ मार्ग पर तेज रफ्तार भाग रही स्कार्पियो कार अचानक अनियंत्रित होकर कस्बे के समीप होटल के पास अनियंत्रित हो गई, और करीब तीन पलटी खाकर पलट कर क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे कार पर सवार डकोर गांब निवासी सुजीत यादव 35, संदीप 25, वशी 17, राज 16, अंश 16 अगनेंद्र उर्फ बीबू 28 और नितिन 25 बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से गम्भीर हालत में उठाकर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया है। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

### अवैध तमंचा-कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक अरमान आलम तथा उनकी टीम उपनिरीक्षक यूटी अभिनव प्रताप सिंह, आरक्षी आनन्द प्रताप सिंह, सचिन कुमार व दीपक सिंह ने आरोपी सोमदत्त निवासी ग्राम रेहुटा थाना पहाड़ी को देशी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना पहाड़ी में धारा आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

### फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड के तत्वावधान में निशुल्क स्वस्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** ग्राम शिवरामपुर में फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक अनिल प्रधान, ग्राम प्रधान प्रमोद जायसवाल और पूर्व प्रधान आनंद पांडेय उपस्थित रहे। फ्यूजन फाइनेंस के डिविशनल मैनेजर लालजी यादव, एरिया मैनेजर अरुणोदय शुक्ला, शाखा प्रबंधक राजभान कुशवाहा, सहायक प्रबंधक प्रवीण तिवारी और सनत गौतम उपस्थित रहे। शिविर में डॉक्टर ने बताया कि शरद मौसम में ठंड से बचने के लिए गरम कपडे का इस्तेमाल करे। खानपान का विशेष ध्यान रखे। ग्राम पंचायत शिवराम पुर करीब 150 महिला पुरुष व बच्चो ने डॉक्टर से सुझाव लिया व नि:शुल्क दवा का लाभ लिया।

# सरकारी दस्तावेजों में मृत वृद्ध ने डीएम से जिन्दा होने की लगाई गुहार

- समाधान दिवस में वृद्ध ने सुनाई आप बीती, डीएम ने तत्काल पेंशन बहाल करने के दिए आदेश

जन एक्सप्रेस। उरई



सरकारी विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां एक जीवित वृद्ध को सरकारी कागजों में मृत दिखाकर उसकी वृद्धा पेंशन रोक दी। बीते एक वर्ष से वृद्ध अपने आप को जीवित होने का प्रमाण दे रहा है, लेकिन इसके बाद भी उसकी पेंशन शुरू नहीं की गई। जिसके बाद वृद्ध समाधान दिवस में पहुंचा और मामले की जानकारी दी। मामले का संज्ञान लेते हुए डीएम ने तत्काल जांच के आदेश दिए, बल्कि वृद्ध की दोबारा पेंशन शुरू करने के लिए समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए। कोंच तहसील के ग्राम बस्ती निवासी बस्ती अवध बिहारी पुत्र दुर्गा प्रसाद को मृत दिखाकर उसकी वृद्धा पेंशन रोक दी गई। करीब एक साल से पेंशन न आने पर उसने बैंक और समाज कल्याण विभाग के जमकर चक्कर लगाएं। जहां उसे बताया गया कि उसकी मृत्यु हो गई है, जिस कारण उसकी पेंशन को रोक दिया गया। इस दौरान उसने समाज कल्याण विभाग में अपने जीवित होने के प्रमाण पत्र दिया, मगर उसके बाद भी उसकी पेंशन शुरू नहीं हो सकी। शनिवार को कोंच थाने में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे डीएम राजेश कुमार पांडेय और एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार को अवध बिहारी ने प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें बताया कि उसको मृत दिखाकर बंद कर उसकी वृद्धा पेंशन रोक दी, जबकि वह अपने आप को लगातार जीवित दिखा रहा है। पेंशन न मिलने के कारण वह भरण पोषण भी नहीं कर पा रहा है। डीएम ने वृद्ध की बात सुनने के बाद तत्काल जांच कराई जिसके बाद पता चला कि वह जीवित है। जिस पर डीएम ने समाज कल्याण विभाग को तत्काल उसकी पेंशन जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि इस मामले की भी जांच की जाएगी कि किसके द्वारा उसे मृत दिखाया गया है, जिस पर कार्रवाई की जाएगी।

### छः दिन पूर्व लापता हुई युवती बरामद, प्रेमी हिरासत में

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से बीते 6 दिन पूर्व गायब हुई युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया। जबकि उसके प्रेमी को भी हिरासत में लिया गया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। जिसमें बताया था कि उसकी पुत्री घर से गायब हो गयी है। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेकर अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्जकर लिया था और युवती की खोज शुरू कर दी थी। उपनिरीक्षक राजेश कुमार को सौपी थी। मामले की जांच कर रहे उपनिरीक्षक राजेश कुमार को जांच के दौरान जानकारी हुई कि युवती का प्रेम प्रसंग चल रहा था और वह अपने प्रेमी के साथ ही गई हुई है। इसी के चलते उन्होने युवक की खोज शुरू की और उसका मोबाईल सर्विलांस पर लगा दिया था। जिन्होंने शुक्रवार देर शाम लोकेशन के आधार पर युवक को बस स्टैन्ड से दबोच लिया। इतना ही नहीं बल्कि युवक के साथ युवती को भी बरामद कर लिया। पुलिस ने हिरासत में लेकर पूंछतांछ शुरू की तो पता चला कि युवक अतुल पुत्र पन्नालाल ग्राम मुहम्दाबाद का निवासी है। फिलहाल पुलिस द्वारा सम्बन्धित कारवाई की जा रही है।

## आग से जलकर राख हुई गृहस्थी



जन एक्सप्रेस। राजापुर, चित्रकूट

सरधुवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरधुवा के मजरा जलंधर पुरवा में बीती रात दो सगे भाइयों के मकान में अचानक आग लग जाने से घर गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गया । एसडीएम के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार की रात सरधुआ के मजरा जलंधर पुरवा में मैयादीन व बाले प्रसाद के कच्चे आवासीय मकान में आग लग गई। जिसे देखकर पड़ोसियों में हड़कंप मच गया। सभी आग बुझाने का प्रयास करने लगे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आनन-फानन में इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख में तब्दील हो गया। अग्नि पीडित मैयादीन ने बताया कि वह दिव्यांग और उसकी पत्नी मूक बधिर है। आग लगने से सारा सामान व घर पूरी तरह जल गया है। प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने बताया कि घर गृहस्थी का सामान जला है, लेकिन कोई जनहानि व पशुहानि नहीं हुई है। उपजिलाधिकारी आलोक कुमार सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल जगरूप ने मौके पर पहुंचकर क्षति का आंकलन करते हुए राजापुर तहसील में रिपोर्ट दी है।

## भ्रामक खबरों का विश्लेषण करने के लिए छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

गोस्वामी तुलसीदास स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को साइबर सेल टीम द्वारा युवाओं और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भागीदारी के लिए ''डिजिटल वॉरियर'' बनाए जाने के सम्बन्ध में साइबर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा फेक न्यूज और साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस के अभियान में युवाओं और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भागीदारी के लिए ''डिजिटल वॉरियर'' बनाए जाने के सम्बन्ध में दिए गए निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में नोडल अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल निशिकान्त राय एवं उनकी टीम द्वारा गोस्वामी तुलसीदास स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में साइबर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं को ''डिजिटल वॉरियर'' के सम्बन्ध में एवं साइबर योद्धा के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही सभी को बताया गया कि किसी भी जानकारी का विश्लेषण और सत्यापन करके उत्तर प्रदेश पुलिस के ''डिजिटल वॉरियर'' बनकर, साइबर क्राइम एवं फेक न्यूज को रिपोर्ट करें। साथ ही छात्र अपने सामाजिक दायरे में फेक न्यूज एवं साइबर अपराध के प्रति अपने परिवारीजनों एवं मित्रों को भी जागरूक करते रहे। इस दौरान महाविद्यालय प्रबन्धन से आग्रह करके 'साइबर क्लब' स्थापित करवाया गया एवं शिक्षक को इसका नोडल अधिकारी नामित करवाया गया।

## 26 जनवरी से 'नो हेलमेट नो फ्यूल' अभियान की होगी शुरुआत

जन एक्सप्रेस। उरई

मुख्यमंत्री के निर्देशन में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने %नो हेलमे वहट नो फ्यूल% अभियान की शुरुआत के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देश दिये जाते हैं कि आगामी 07 दिवसों में अपने प्रांगण में इस आशय के बड़े-बड़े होर्डिंग लगायेंगे, कि दिनांक 26 जनवरी से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेगा, जिसके चालक तथा सहयात्री ने हेल्मेट नहीं पहना हो। सभी पेट्रोल पम्प संचालक एवं स्वामी यह भी सुनिश्चत करेंगे कि उनके प्रनिष्ठान में सीसीटीबी कैमरा सदैव सक्रिय रहेंगे। इस अभियान के तहत अब से दोपहिया वाहन चालक को बिना हेलमेट के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं मिलेगा। जिलाधिकारी ने समस्त पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने पंपों पर इस संबंध में स्पष्ट चेतावनी देने वाले होर्डिंग्स लगवाएं और इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों से निगरानी भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए यह कदम उठाया गया है। उद्देश्य है कि लोग हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं। जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। यदि कोई व्यक्ति बिना हेलमेट के पेट्रोल डलवाने पंप पर आता है, तो उसे पेट्रोल नहीं दिया जाएगा और उसे हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सभी पेट्रोल पंपों को नोटिस भेजकर हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया है।

# महाकुंभ की तैयारी को लेकर प्रशासन सतर्क, सड़क पर उतरे डीएम, एसपी

जन एक्सप्रेस। उरई।



प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ की तैयारी को लेकर जालौन प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। शासन द्वारा जारी की गई गाइड लाइन का पालन करते हुए डीएम राजेश कुमार पांडेय और एसपी डॉ, दुर्गेश कुमार ने उरई शहर की सड़कों पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर वहां मौजूद यात्रियों से गहनता से पूछताछ की और पुलिस द्वारा सघन चेकिंग भी की गई। बता दें कि प्रयागराज में महाकुंभ आयोजित किया जा रहा है। इसको लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह से सतर्क है। शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि जिले के अधिकारी विशेष निगरानी रखें, साथ ही जगह-जगह सघन चेकिंग अभियान चलाए। जिससे प्रयागराज महाकुंभ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित महाकुंभ में स्नान कराया जा सके। इसी को लेकर डीएम राजेश कुमार पांडेय और एसपी डॉ, दुर्गेश कुमार ने शनिवार शाम को शहर की सड़कों पर उतरकर पैदल भ्रमण किया। साथ ही जगह-जगह सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और महाकुंभ को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील भी की है। इस दौरान डीएम और एसपी ने पुलिस को विशेष निर्देश दिए कि रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड पर विशेष निगरानी रखी जाए, साथ संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के निर्देश दिए। वही जो श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने जा रहा है, उसे किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# भरतकूप व देवांगना बैरियर का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



मंडलायुक्त अजीत कुमार व डीआईजी अजय कुमार सिंह ने डीएम व एसपी के साथ शनिवार को प्रयागराज मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए भरतकूप व देवांगना में बने बैरियर का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ रामघाट में जरूरतमंदों को कम्बल भी बांटे।

भरतकूप व देवांगना बैरियर के निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह को चिन्हित बैरियर स्थलों में टेन्ट, प्रकाश, पानी आदि की करने के निर्देश दिए। साथ ही बैरियर पर लगे भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने एसपी को और पुलिस बल की जरूरत होने पर अवगत कराने को कहा। मंडलायुक्त ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए।

इसके बाद मंडलाआयुक्त ने डीआईजी, एसपी व जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के साथ रामघाट पर जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया। इस दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि जनपद में ठंड से निपटने के लिए चिंन्हित स्थलों पर अलाव जलाते रहें। साथ ही जरूरतमंदों को कम्बल वितरित करते रहे। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

# प्रयागराज महाकुंभ मेले की तैयारियों की मंडलायुक्त ने की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक शनिवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें मंडलायुक्त व डीआईजी ने श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए डीएम व एसपी को मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त अजीत कुमार ने समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते जिलाधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंडलायुक्त को प्रयागराज महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न विभागों द्वारा की गई सुविधाओं की जानकारी दी। मंडलायुक्त ने कहा कि पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने जो बिंदुओं पर निर्देश दिए है, सभी विभाग उन पर ध्यान देकर कार्य करें ताकि महाकुंभ मेले के दौरान कोई समस्या न हो तथा समस्या होने पर डीएम को अवगत कराएं। कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी बिना डीएम के अनुमति के जिले से बाहर नहीं जाएंगे। महाकुंभ की सभी तैयारी प्रत्येक दशा में सोमवार तक हो जानी चाहिए। डीएम व एसपी से कहा कि होल्डिंग एरिया का निरीक्षण कर कमी होने पर संबंधित विभागों को निर्देश देकर निस्तारण कराए। ईओ नगर पालिका परिषद से कहा कि तीर्थ क्षेत्र के नजदीक दिव्यांग लोगों के लिए भी एक अलग से पार्किंग चिन्हित की जाए। कहा कि रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर सफाई व्यवस्था अच्छी रहनी चाहिए, सीसीटीवी कैमरा संचालित रहे तथा आवारा पशु नहीं घूमने चाहिए। अधिशासी अभियंता सिंचाई को रामघाट में मंदाकिनी-गंगा पर बैरिकेडिंग करवाने तथा गोताखोर व नाव की व्यवस्था करने को कहा। अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत तार पोल आदि ठीक कराने को कहा। होल्डिंग एरिया पर फायर सर्विस की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सिटी बस की व्यवस्था की जाए। डीएम व एसपी को रेलवे तथा जीआरपी से समन्वय स्थापित कर आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ की निगरानी करने को कहा। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को सड़कों की गड्ढा मुक्ति तथा साइन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए।

पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ मेला 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा। इसके चलते जनपद के सभी होल्डिंग एरिया में मूल सुविधाएं पूरी कर लें क्योंकि मेला क्षेत्र में भीड़ अधिक होने पर जनपद के होल्डिंग एरिया में श्रद्धालुओं को रोका जाएगा। कहा कि पार्किंग स्थलों पर किराया सूची का बोर्ड भी लगाया जाए। रेलवे व जीआरपी आपस में समन्वय स्थापित कर रेलवे ट्रैक की भी निगरानी करते रहे। अराजक तत्वों से निपटने की भी व्यवस्थाएं करें। जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों व पुलिस अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर मेला को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं के तीर्थ क्षेत्र आने की संभावना के दृष्टिगत जनपद की पुलिस फोर्स को प्रयागराज में महाकुंभ की ड्यूटी से मुक्त किया गया है। जनपद में प्रत्येक माह अमावस्या मेला होता है। बताया कि मेला क्षेत्र को आठ जोन तथा 21 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। इसके साथ ही जनपद में आठ होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। जहां सभी व्यवस्थाओं सहित पुलिस बल की भी व्यवस्था की गई है। कर्वी से राजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में सशस्त्र पुलिस बल लगाया गया है। शाही स्नान के दिन भारी वाहनों को डायवर्जन किया जाएगा। जनपद में मुख्य सड़कों पर बैरियर भी स्थापित किये है, जहां पर चेकिंग भी कराई जा रही है।

जिलाधिकारी ने आयुक्त मंडलायुक्त तथा डीआईजी से कहा कि प्रयागराज महाकुंभ मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए दिए गए निर्देशों का समस्त विभागों से अक्षरशः पालन कराकर मेले को सकुशल संपन्न कराया जाएगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, उपजिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अभियंता जल संस्थान डीके सत्संगी, सिंचाई एसके प्रसाद, विद्युत दीपक सिंह सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



**दिल्ली शराब नीति पर कैग रिपोर्ट...**
विधानसभा चुनाव से 25 दिन पहले दिल्ली में शराब नीति को लेकर कैग (कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया) की रिपोर्ट लीक हुई है। इसमें सरकार को 2026 करोड़ रुपए का रेवेन्यू लॉस होने की बात कही गई है। इंडिया टुडे ने दावा किया है कि रिपोर्ट की कॉपी उसके पास है। पढ़ें पेज 12 पर...

# यूपी का ब्रांड ओडीओपी आज देश और दुनिया में धूम मचा रहा है : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में खादी महोत्सव 2025 का किया उद्घाटन

- कलाकारों, बुनकरों, और उद्यमियों को एक व्यापक मंच प्रदान करता है खादी महोत्सव- मुख्यमंत्री
- प्रजापति समुदाय के लोगों की प्रतिभा को आज सम्मान मिल रहा है - सीएम योगी
- पिछले 7 वर्ष में 3.5 लाख से अधिक लोगों को खादी के माध्यम से मिला रोजगार
- आज त्योहारों में स्वदेशी उत्पादों को मिल रही प्राथमिकता: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खादी महोत्सव 2025 का भव्य उद्घाटन किया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित इस सप्ताहव्यापी महोत्सव में देशभर से आए खादी और हथकरघा उत्पादों के कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। सीएम योगी ने प्रत्येक स्टॉल का दौरा किया और उत्पादों की जानकारी ली। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सीएम योगी खादी को भारत का स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया। सीएम योगी ने कहा कि खादी केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि भारत का स्वाभिमान है। महात्मा गांधी ने इसे एक आंदोलन बनाया, जिसने आजादी की लड़ाई को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। चरखे ने देशवासियों को न केवल रोजगार का साधन प्रदान किया, बल्कि यह राष्ट्रीय आंदोलन का भी महत्वपूर्ण हिस्सा बना। आज, आधुनिक युग में यह मैनुअल, सोलर और इलेक्ट्रिक चरखों के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि खादी न केवल एक कला है, बल्कि समाज की आवश्यकता भी है। सीएम योगी ने ओडीओपी योजना की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना उत्तर प्रदेश की विशिष्ट पहचान बन गई है। हर जिले का एक उत्पाद अब न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के आह्वान को उत्तर प्रदेश ने पूरे देश में सबसे प्रभावी ढंग से लागू किया है। उन्होंने कहा कि हर जिले के उत्पाद न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहे हैं, बल्कि हस्तशिल्प और उद्यमिता को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न जिलों के वस्त्रों और हस्तशिल्प उत्पादों की विशिष्टताओं की चर्चा करते हुए कलाकारों की प्रतिभा की भी सराहना की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने माटी कला के 5 लाभार्थियों को टूलकिट और प्रमाणपत्र वितरित किए। इस अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर सहित कई गणमान्य अधिकारी और कलाकार उपस्थित रहे।

### पर्यावरण संरक्षण और रोजगार का जरिया बनी माटी कला बोर्ड- योगी

महोत्सव में माटी कला बोर्ड द्वारा प्रस्तुत उत्पादों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मिट्टी से बने बर्तनों ने थर्माकोल और प्लास्टिक का पर्यावरण अनुकूल विकल्प प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि माटी कला उद्योग से जुड़े प्रजापति समुदाय को तालाबों से मुफ्त मिट्टी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे वर्षभर बर्तन बना सकें। माटी कला न केवल रोजगार का साधन बनी है, बल्कि दीपोत्सव जैसे आयोजनों ने इसे हर घर की परंपरा में शामिल कर दिया है।

### कृषि की आय बढ़ाने का साधन बना शहद उत्पादन- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने शहद उत्पादन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल एक लाभदायक व्यवसाय है, बल्कि तिलहनी फसलों की उत्पादकता भी बढ़ाता है। उन्होंने इसे आम के आम, गुठली के दाम की संज्ञा दी और कहा कि मधुमक्खियां फसल उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में सुधार करती हैं।

### स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने का किया जा रहा प्रयास

सीएम योगी ने जोर देते हुए कहा कि सरकार ने खादी, माटी कला और अन्य उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने के लिए तंत्र विकसित किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिन लाभार्थियों को सोलर या इलेक्ट्रिक चाक, चरखा आदि प्रदान किए गए हैं, वे अपनी आय का एक हिस्सा बचत के रूप में सुरक्षित रखें और अन्य लोगों को स्वावलंबन के मार्ग पर प्रेरित करें। उन्होंने का कि यह ऊस्वावलंबन की चेनऊ है। सीएम योगी ने कहा कि पिछले 7 वर्ष में 3.5 लाख से अधिक लोगों को अकेले इस विभाग ने खादी के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करवाने में अपना योगदान दिया है।

### आज त्योहारों में स्वदेशी उत्पादों को मिल रही प्राथमिकता- सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा कि अब लोग त्योहारों में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने चीन निर्मित उत्पादों के स्थान पर स्थानीय हस्तशिल्प और हृष्ठहक्कउत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने की सराहना की। सीएम योगी ने कहा कि पहले त्योहार हमारा होता था सामान चीन से बिकने के लिए यहां पर आता था। वे लोग शरारत भी करते थे, उत्पादों में ऐसा जहर मिलते थे कि बच्चे छूते थे तो बीमार हो जाते थे, बहुत सारे लोगों की आंखों की रोशनी जाने का खतरा बना रहता था। सीएम योगी ने कहा कि स्थानीय उत्पाद न केवल हमारे कलाकारों को रोजगार देते हैं, बल्कि भारत के विकास में भी योगदान करते हैं।

### कलाकारों, बुनकरों, और उद्यमियों को एक व्यापक मंच प्रदान करता है खादी महोत्सव- मुख्यमंत्री

खादी महोत्सव को एक व्यापक मंच बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महोत्सव कलाकारों, बुनकरों, और उद्यमियों को अपनी कला प्रदर्शित करने और नई तकनीकों को सीखने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव न केवल खादी और ग्रामोद्योग को प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि देशभर के कलाकारों और उद्यमियों को एक मंच पर ला रहा है। मुख्यमंत्री ने खादी के अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती मांग का उल्लेख करते हुए इसे भारत की सांस्कृतिक धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि खादी और हथकरघा के उत्पाद पर्यावरण अनुकूल हैं और आधुनिक फैशन में भी लोकप्रिय हो रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि महाकुम्भ में 240 से अधिक स्टॉल खादी और ग्राम उद्योग के द्वारा वहां पर स्थापित किए गए हैं, जिसके माध्यम से खादी का प्रचार-प्रसार होगा। सीएम योगी ने कहा कि खादी के वस्त्र ठंड के मौसम में गर्म होगा लेकिन गर्मियों में वही कपड़ा बॉडी को ठंडा रखता है। यही हमारे उत्पाद की पहचान है जो समय के अनुरूप हमें हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सहायक होता है। सीएम योगी ने कहा कि इस महोत्सव की तर्ज पर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी खादी और हस्तशिल्प की प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा।



## हरदोई-लखनऊ हाईवे पर पुल का हुआ उद्घाटन

- हरदोई रोड स्थित ग्राम बुधरिया एवं टिकैत गंज बेहता नाला पुल का हुआ उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

हरदोई-लखनऊ हाईवे पर स्थित नए पुल का शुभ उद्घाटन शनिवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ उद्घाटन। इस विशेष अवसर पर नैनजीत सिंह सोबती (मैनेजिंग डायरेक्टर),राहुल चक्रेश (जनरल मैनेजर ), जगवीर सिंह (जनरल मैनेजर), सूरज जायसवाल (डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर ) अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तित्व उपस्थित रहे। पुल का निर्माण आरपी इंफ्रावेंचर प्रा. लिमिटेड और सोबती इंफ्राटेक लिमिटेड द्वारा इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन मोड के तहत सफलता पूर्वक पूरा किया गया। उल्लेखनीय है कि इस पुल को बहुत कम समय में तैयार कर खड़ा कर दिया गया, जो प्रोजेक्ट टीम की उत्कृष्ट कार्यक्षमता और समर्पण का प्रमाण है। यह पुल अब स्थानीय नागरिकों और यात्रियों के लिए यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हरदोई और लखनऊ के बीच यात्रा को और अधिक आसान, तेज और सुविधाजनक बनाने के लिए यह पुल एक बड़ा कदम साबित होगा।

## अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक शातिर स्मैक तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ़्तार

- पुलिस ने व्यक्ति के कब्जे से 12 ग्राम अवैध स्मैक (100 पुड़िया, घटना में प्रयुक्त 1 दो पहिया वाहन किया बरामद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट पीजीआई थाना क्षेत्र अंतर्गत पीजीआई पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान तेलीबाग चौराहे सेक्टर 5 में फल मंडी तिराहे के पास से समय करीब 4 बजे 1 व्यक्ति जो दो पहिया वाहन सं0 यूपी41बीएल 6415 से था, पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में पाये जाने पर चेक करने पर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मो0 अरमान पुत्र कासिम उम्र करीब 20 वर्ष निवासी टिकरा उस्मान थाना जैदपुर बाराबंकी बताया,जिसके पहने जैकेट के बायी जेब से एक पालिथीन बरामद हुई , जिसमें पालिथीन को खोलकर देखा गया, उसमे कागज मे लिपटा हुआ कुछ पुडिया रखा हुआ था, पुडिया को खोलकर देखा गया, तो उसमे भुरे रंग का पाउडर मिला पुडियो की गिनती की गई, जिसकी सं0-100 थी पकड़े गए व्यक्ति से भुरे रंग के पदार्थ के बारे मे पुछा गया तो बताया की यह स्मैक है बरामद माल को तौलने पर कुल वजन 12 ग्राम पाया गया। पीजीआई पुलिस ने बरामद माल व वाहन को कब्जे मे लेकर नियमानुसार हिरासत मे लिया। वहीं पुलिस ने मु0अ0सं0 017/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर व्यक्ति को जेल भेज दिया गया।

## बहराइच ने सर्विस डिलीवरी और लोक शिकायतों के निस्तारण में मारी बाजी

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर देश में 19 से 24 दिसंबर के बीच आयोजित किया जाता है सुशासन सप्ताह

- योगी सरकार के निर्देश पर प्राथमिकता के आधार पर लोक शिकायतों का किया जा रहा है निपटारा
- बहराइच ने एक हफ्ते में 66 हजार से अधिक लोक शिकायतों के मामलों का किया निस्तारण
- लोक शिकायतों के निस्तारण में मेरठ दूसरे तो सिद्धार्थनगर रहा तीसरे स्थान पर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



योगी सरकार प्रदेशवासियों की लोक शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण एवं समय से सर्विस डिलीवरी देने को लेकर काफी गंभीर रहती है। इसको लेकर सीएम समय-समय पर बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहते हैं। इसी के तहत सुशासन सप्ताह-24 के अवसर पर पूरे देश में बहराइच ने ढाई लाख से अधिक लोक शिकायतों का निस्तारण और 11 लाख से अधिक सर्विस डिलीवरी देकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह लोक शिकायतों के निस्तारण में मेरठ दूसरे तो तीसरे स्थान पर सिद्धार्थनगर रहा है। वहीं सर्विस डिलीवरी देने में सिद्धार्थनगर दूसरे और बरेली तीसरे स्थान पर रहा है।

### सर्विस डिलीवरी के निपटाए गए 11,04,722 मामले

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर पूरे देश में 19 से 24 दिसंबर के बीच सुशासन सप्ताह बनाया जाता है। सुशासन सप्ताह की वर्ष 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, सुशासन सप्ताह के अवसर पर प्रदेश ने कुल 11,04,722 आवेदन सर्विस डिलीवरी के निपटाए जबकि 2,89,174 लोक शिकायतों का समाधान राज्य शिकायत पोर्टल के माध्यम से किया गया है। इनमें पूरे प्रदेश में सर्विस डिलीवरी के सबसे अधिक बहराइच ने 3,05,499 आवेदनों का निस्तारण कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह सिद्धार्थनगर ने 2,55,425 मामलों का निपटारा कर दूसरा और बरेली ने 52,701 आवेदन निपटारा कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा मेरठ ने 47,654, सीतापुर ने 41,272 और इटावा ने 34,370 मामलों को निपटारा कर टॉप टेन में जगह बनायी है।

### बहराइच ने 66,283 लोक शिकायतों का किया गया निस्तारण

सीएम योगी के निर्देश पर प्राथमिकता के आधार पर लोक शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। इसी क्रम में बहराइच ने 66,283 शिकायतों का समाधान कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वहीं मेरठ ने 50,106 मामलों का निस्तारण कर दूसरा और सिद्धार्थनगर ने 35,904 शिकायतों का निवारण कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा इटावा ने 35,379, फतेहपुर ने 13,817 और सुल्तानपुर ने 9,311 शिकायतों का समाधान कर टॉप टेन में जगह बनायी है।

## 11 नए अस्पतालों का लोकार्पण: डिप्टी सीएम ने 146 करोड़ से रखी नींव, बोले, जन जन तक पहुंचेगी सेवा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में शनिवार को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, इंदिरा नगर बी ब्लॉक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां 146 करोड़ की लागत से बनने वाली परियोजनाओं का शिलान्यास किया। साथ ही लखनऊ में 11 नए अस्पतालों का लोकार्पण किया। इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा- इससे क्षेत्र की चिकित्सा सुविधा में सुधार होगा। जन-जन को सेवा मिलेगी।

### चिकित्सा ढांचे को मिलेगी मजबूती: ब्रजेश पाठक

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा- 146.3445 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और 12.3736 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण आज हो रहा है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश के चिकित्सा की बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी। इससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिलेगी।

### इन परियोजनाओं का किया गया लोकार्पण

- महोबा में 200 बेड चिकित्सालय और ट्रॉमा सेंटर के भवन निर्माण और महानिदेशक आवासों एवं अधिकारी आवासों के भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया है।
- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन कार्यालय
- जनपदीय ड्रग वेयर हाउस, बांदा
- ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पनवाड़ी जनपद महोबा
- 20 बेड वार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुलपहाड़, जनपद महोबा
- 20 बेड वार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कबरई, जनपद महोबा
- 20 बेड वार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पनवाड़ी, जनपद महोबा
- 20 बेड वार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चरखारी, जनपद महोबा
- 20 बेड वार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जैतपुर, जनपद महोबा
- जिला संयुक्त चिकित्सालय, औरैया में ब्लड बैंक

### स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी रहे मौजूद

मौके पर डिप्टी सीएम के साथ विधायक ओपी श्रीवास्तव, मुकेश शर्मा और चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद की जन्मशताब्दी पर संगोष्ठी का आयोजन, लगा स्वास्थ्य शिविर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। स्वामी विवेकानंद की 163 में जन्मशताब्दी के अवसर पर मानव सेवा समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी स्टार्टअप इंडिया में मुख्य अतिथि के तौर पर महाराज मुक्तानाथानन्द अध्यक्ष रामकृष्ण मठ सम्मिलित हुए राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष व्यापार व संस्था के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर रक्तदान शिविर रामकृष्ण मठ द्वारा पुस्तकों का विवरण किया गया महिलाओं द्वारा स्टार्टअप इंडिया स्टॉल लगाकर जागरूकता का उद्देश्य से युवाओं को अवगत कराया। इस मौके पर स्वास्थ्य शिविर मैक्स हॉस्पिटल लखनऊ द्वारा लगाया गया। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी स्किल इंडिया के माध्यम से युवाओं का निर्वाण कर रहे हैं और रोजगार के समूचे अवसर युवाओं तक पहुंचाने का काम बखूबी किया जा रहा है उसी कड़ी में मानव सेवा आदर्श समिति युवाओं को जागरूक करने का संकल्प करके स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन कर रही है। युवाओं से जुड़ने व उनमें जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही हैं।

## कल गोरखपुर में मनाया जायेगा निषाद पार्टी का संकल्प दिवस

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी का 12वां संकल्प दिवस 13 जनवरी को गोरखपुर में मनाया जाएगा। निषाद पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री मत्स्य विभाग डॉ संजय कुमार निषाद ने कहा कि निषाद पार्टी का गठन वर्ष 2016 में मछुआ समाज राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक आरक्षण, वर्ग 06की ज़मीन एवं ताल घाट पोखरों राजस्व सहिंता के अनुसार आवंटन को लेकर हुआ था। निषाद पार्टी गठन के पश्चात मछुआ समाज को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए नीत नये कार्य किए गए हैं। आज निषाद समाज प्रदेश में गर्व से जीवन यापन कर रहा है, किंतु पूर्व की सरकारों के समय निषाद,मछुआ समाज को शोषित एवं अपमानित किया जाता था। निषाद पार्टी आगामी संकल्प दिवस को निषाद पार्टी राष्ट्रीय अधिवेशन भी करने जा रही है, जिसके राष्ट्रीय कमेटी एवं प्रदेश कमेटी को पुनः सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नई नियुक्तियों को भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद ही निषाद पार्टी ने अपने प्रदेश कमेटी को भंग कर दिया था और कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की सलाहानुसार कमेटियों को पुनः संचालित किया जाना है। श्री निषाद ने मछुआ समाज से अपील करते हुए कहा कि संकल्प दिवस मनाने 13 जनवरी को गोरखपुर के सिकटौर मैदान में ज़रूर पहुँचे।

## सीएम योगी के नेतृत्व में पीएम आवास के लिए पात्र लाभार्थियों के चयन में ग्राम चौपाल निभा रहे अहम भूमिका

- नये मानकों के अनुरूप पारदर्शिता के साथ हो रहा नये लाभार्थियों का चयन
- प्रत्येक शुक्रवार को 2 ग्राम पंचायतों में चौपाल का आयोजन कर रही योगी सरकार
- गरीबों को आवास देने के लिए तेजी से हो रहा सर्वेक्षण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र लाभार्थियों के चयन और आवास निर्माण में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। सरकार द्वारा पारदर्शी और जनहितैषी प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए, आवास प्लस के नए मानकों के अनुसार लाभार्थियों का चयन तेज गति से किया जा रहा है। इस पहल में ग्राम चौपालें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जहां ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही किया जा रहा है।

### ग्राम चौपालों के माध्यम से हो रही है पारदर्शी चयन प्रक्रिया

प्रदेश सरकार ने ग्रामीण इलाकों में हर शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन शुरू किया है। इन चौपालों में गांव की समस्या-गांव में समाधान के सिद्धांत पर कार्य करते हुए, ग्रामीणों की व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। यह पहल न केवल ग्रामवासियों के जीवन को सुगम बना रही है, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता भी सुनिश्चित कर रही है। चौपालों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्र लाभार्थियों का चयन तेजी से हो रहा है। इसके लिए ऑनलाइन सर्वेक्षण शुरू किया गया है, जिसमें आवास प्लस एप का उपयोग किया जा रहा है। यह एप न केवल चयन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बना रहा है, बल्कि आवास निर्माण की प्रक्रिया को भी सुगम बना रहा है। पहले लाभार्थियों को योजना का लाभ पाने के लिए कार्यालयों में जाकर ऑफलाइन आवेदन करना पड़ता था। अब सरकार ने आवेदन प्रक्रिया को और सरल बना दिया है। इच्छुक आवेदक पीएमएवाई मोबाइल एप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद आवश्यक दस्तावेज तहसीलदार कार्यालय में जमा करने होंगे, जहां उनका सत्यापन किया जाएगा। ग्राम चौपालों के जरिए इस प्रक्रिया के बारे में जागरूकता फैलाई जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठा सकें। जिलों में जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जहां योजना की प्रगति और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए रणनीतियां बनाई जा रही हैं।

### ग्राम चौपालों के माध्यम से व्यक्तिगत, सार्वजनिक समस्याओं का हो रहा समाधान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में सरकार गांवों की जमीनी समस्याओं को हल करने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ठोस कार्ययोजना पर काम कर रही है। ग्राम चौपालों के माध्यम से न केवल व्यक्तिगत, बल्कि सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। चौपालों के जरिए योजना से जुड़ी सभी जानकारियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। तहसील और थाना दिवसों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के मानकों और लाभों के बारे में व्यापक जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही, जिलों में लाभार्थी चयन के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण लाभार्थी चयन-2024 रजिस्टर तैयार किया जा रहा है, जिससे सभी पात्र लाभार्थियों को शामिल किया जा सके।

### 'सभी के लिए आवास' का सपना हो रहा साकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सभी के लिए आवास' के दृष्टिकोण को साकार करने में योगी सरकार का यह प्रयास एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य है कि हर गरीब को उनके जीवन का एक स्थायी ठिकाना मिले। इस योजना के तहत न केवल उन्हें छत प्रदान की जा रही है, बल्कि आत्मसम्मान और सुरक्षित भविष्य का विश्वास भी दिलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना का यह पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन सरकार की ऊसबका साथ, सबका विकासऊ की सोच को मजबूत कर रहा है। ग्राम चौपालों के जरिए जनजागरूकता और पारदर्शिता की यह पहल न केवल ग्रामीण विकास को गति दे रही है, बल्कि गरीबों के लिए 'सभी के लिए आवास' के सपने को साकार करने में भी मील का पत्थर साबित हो रही है।

# ऊँचाहार विधानसभा क्षेत्र जंगलराज की राजधानी: आरके चौधरी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद रायबरेली के विधानसभा सभा क्षेत्र ऊँचाहार के ग्राम उमरन थाना सलोन निवासी रामखेलावन पासी उर्फ़ घसीटे की दिनांक 08ण्01ण्2025 को सामंती लोगों द्वारा की गयी हत्या एवं ग्राम उमरन के ही निवासी खून्नू पासी पुत्र भगौती पासी की दिनांक 03ण्01ण्2025 को अज्ञात लोगों द्वारा हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गयाए तीसरी घटना दिनांक 09ण्01ण्2025 को ग्राम राजा का पुरवा मजरे रसूलपुर थाना सलोन के दुखीलाल पासी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की जाँच एवं परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करने प्रतिनिधि मंडल के सदस्य आरण्केण्चौधरी सांसद मोहनलालगंजए पासी सीण्एलण् वर्मा प्रदेश उपाध्यक्षए श्याम सुन्दर भारती विधायक बछरावाए राहुल लोधी विधायक हरचंदपुरए इंण् वीरेन्द्र यादव जिलाध्यक्षए मुनेश्वर पासी जिला उपाध्यक्षए जगदेव यादव विधान सभा अध्यक्ष पीड़ित परिजनों से मिलकर वस्तुस्थित से अवगत होकर ज़िम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ताकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही एवं पीड़ितों को सरकारी लाभ दिये जाने की बात कही। परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी आपको न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपस्थित मीडिया को संबोधित करते हुए सांसद आरण्केण् चौधरी ने कहा कि उँचाहार विधान सभा क्षेत्र विगत कई महीनों से जंगलराज की राजधानी बन गयी है। सामंतियों द्वारा दलितोंए पिछड़ों के ऊपर ज़ुल्म कर हत्याएँ की जा रहीं है तीन दलित परिवारों में हत्या एवं दुखद मौतों से स्पष्ट है कि यह क्षेत्र गुंडाराज से ग्रसित हो गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा ने कहा कि दलितों वंचितों के साथ हो रहे अन्याय से तानाशाही बीजेपी सरकार का चरित्र उजागर हो रहा है। जिलाध्यक्ष इंण् वीरेन्द्र यादव ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि विगत एक सप्ताह में घटित तीन दलितों की हत्या एवं संदिग्ध मौतों ने क्षेत्र की क़ानून व्यवस्था को धता बता दिया परन्तु समाजवादी पार्टी पीड़ितों के न्याय दिलाने के लिए हर संभव लड़ाई लड़ेगी। उपस्थित लोगों को विधायक श्याम सुंदर भारतीए विधायक राहुल लोधी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राजेंद्र यादवए आरपी यादवए सुरेश निर्मलए ओपी यादवए शशिकांत शर्माए शिवमूर्ति राणाएहसीन अहमदए रज्जु ख़ानए देवराज यादवएविन्देश्वरी पासीए मदन यादवए हसनैन ख़ानए अरशद सुल्तानए रमेश मौर्याए शुभम लोहियाए रेहान काजियानाए नरेन्द्र यादवए अनुराग यादव आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



## आतंकी संगठन की हिट लिस्ट में तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर परमहंसाचार्य

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

संगठन ने एक्स हैंडल पर 108 नामचीन हस्तियों को टारगेट करते हुए एक पोस्टर डाला है। इसमें पहले नंबर पर जगद्गुरु परमहंसाचार्य का नाम है। खुफिया व साइबर सेल ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। आतंकी संगठन के-टू की हिट लिस्ट में तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंसाचार्य भी हैं। संगठन ने एक्स हैंडल पर 108 नामचीन हस्तियों को टारगेट करते हुए एक पोस्टर डाला है। इसमें पहले नंबर पर जगद्गुरु परमहंसाचार्य का नाम है। खुफिया व साइबर सेल ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के लिए साइबर सेल को लगाया गया है। जगद्गुरु परमहंसाचार्य ने बताया कि यह संगठन आईएसआई के इशारे पर देश में दहशत फैलाना चाहता है।

# जिला जेल में पहली बार जेल स्पोर्ट्स लीग का आयोजन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



जिला जेल में पहली बार जेल स्पोर्ट्स लीग का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने किया।जिलाधिकारी और एसपी ने चेस की चाल चल कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उक्त आयोजन के सभी खेलों में बंदियों ने ही प्रतिभाग किया। जेल अधीक्षक अमन सिंह ने कहा कि बंदियों में जो नीरसता आ जाती है उसे दूर करने के लिये जेलों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैए उसी कड़ी में रायबरेली जिला जेल में भी व्यापक पैमाने पर दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाए जिसमें बॉलीवालए बैडमिंटनए चेसए कैरम व रस्साकशी समेत कई खेल आयोजित किये गये हैं। अधीक्षक ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बंदियों में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर डॉ मनीष सिंहए डॉ बृजेश सिंह सहित जिला जेल के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# ई-रिक्शा पर लिखे जा रहे विशेष नंबर हादसा होने पर तुरंत होगी पहचान

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद में ई-रिक्शा चालकों की लापरवाही से बढ़ते हादसों पर लगाम लगाने के लिए जिले की यातायात पुलिस सख्त हो गई है। यातायात पुलिस द्वारा जिले के सभी ई-रिक्शों पर विशेष नंबर अंकित किया जा रहा है।जिससे कि हादसा करने या फिर लापरवाही से चलाने पर तुरंत उनकी पहचान हो जाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक करीब 250 ई रिक्शों पर नंबरों को अंकित किया जा चुका है। बाकी बचे ई-रिक्शों पर नंबर लिखने की प्रक्रिया जारी है। बताते चलें कि जनपद में ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से आए दिन जाम सहित कई परेशानियां लोगों को हो रही हैं। इसके साथ ही हादसों का कारण भी बन रहे हैं।ई-रिक्शा के पंजीकरण नंबर छोटी प्लेट पर लिखा होने से उनकी पहचान में परेशानी होती है।इस परेशानी से निजात दिलाने के लिए यातायात विभाग की ओर से सख्ती करनी शुरू कर दी गई है।चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है।अब सभी ई-रिक्शा पर पेंट से विशेष नंबर बड़े अक्षरों में अंकित करवाया जा रहा है।इस नंबर के आधार पर उनकी पूरी जानकारी रजिस्टर पर भी दर्ज की जा रही है। यातायात प्रभारी ने गौरीगंज स्थित कार्यालय पर चालकों को नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षित ढंग से वाहनों का संचालन करें। उन्होनें बताया कि सभी ई रिक्शों पर विशेष नंबर अंकित किया जा रहा है।जिससे कि चालक की पहचान तुरंत हो जाएगी।और नियम तोड़ने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई की भी की जाएगी। लोगों का कहना है कि ई-रिक्शा पर विशेष नंबर अंकित होने से हादसों और अव्यवस्था पर लगाम लगेगी।यातायात पुलिस के मुताबिक ई-रिक्शा पर छोटे पंजीकरण नंबर होने के कारण उनकी पहचान करना मुश्किल होता था।अब विशेष नंबर अब बड़े अक्षरों में पेंट किए जा रहे हैं,जो दूर से भी आसानी से दिखाई देंगे।इन नंबरों के आधार पर प्रत्येक ई-रिक्शा चालक की पूरी जानकारी रजिस्टर में दर्ज की जा रही है।विशेष नंबर से पहचान सुनिश्चित होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।यातायात पुलिस का यह कदम समस्याओं को कम करेगा।और विशेष नंबर चालकों की जवाबदेही तय करने में मदद करेगा।लोगों ने यातायात विभाग के इस कदम की सराहना की है।यह पहल न केवल हादसों को रोकने में सहायक होगी,बल्कि यातायात व्यवस्था को भी सुधारने का प्रयास है।तथा यह अभियान जिले में सुरक्षित और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# थाना समाधान दिवस के दौरान थाना जायस में डीएम व एसपी ने सुनी जन समस्याएं

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जन समस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने जायस थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना।एवं शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित को निर्देशित किया।इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली।और कहा कि जो भी शिकायतें हैं,उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके हल्के में भूमि विवाद से संबंधित नाली,चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे,तालाबों पर कब्जे,अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतों को तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए।जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो,वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण कराए जाएं।डीएम ने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।इस मौके पर थानाध्यक्ष जायस सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## मिल्कीपुर उपचुनाव: बसपा ने की चुनाव न लड़ने की घोषणा

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

बसपा मिल्कीपुर में होने वाले उपचुनावों में शिरकत नहीं करेगी। पार्टी ने अपना पूरा फोकस दिल्ली विधानसभा चुनावों पर केंद्रित कर दिया है। बहुजन समाज पार्टी अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाला उपचुनाव नहीं लड़ेगी। पहले पार्टी ने वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी रामगोपाल कोरी को उपचुनाव लड़वाने का फैसला लिया था, जिन्होंने जमकर प्रचार भी किया था। नौ सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे सामने आने के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने उपचुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए भविष्य में कोई भी उपचुनाव नहीं लड़ने का फैसला लिया था।

## डीएम ने जनपद के बस अड्डे को पी0पी0पी0 मॉडल पर विकसित किए जाने हेतु किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सदर विधायक अदिति सिंह के साथ जनपद के बस अड्डे को पी0पी0पी0 मॉडल पर विकसित किए जाने हेतु बस अड्डे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ;प्रशासनद्ध सिद्धार्थए सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतारए ए0आर0एम0 दिनेश चंद श्रीवास्तवए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए की आवश्यकता अनुसार बसों की पार्किंग तथा ठहराव हेतु व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएए लगभग 50 बसों की पार्किंग की व्यवस्था बनाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बस अड्डे में पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था न होने से बसें सड़कों पर खड़ी होती है और जाम की समस्या उत्पन्न होती हैए जिससे यातायात प्रभावित होता है। बस अड्डे में पर्याप्त बसों की पार्किंग की व्यवस्था होने पर बसे अपने निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़ी होगीए जिससे जाम की समस्या से निजात मिलेगीए यातायात सुगम बना रहेगा।

# थाना दिवस पर जगतपुर में डीएम एसपी ने सुनी लोगों की फरियाद



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ थाना जगतपुर में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्वए आपसी रंजिस तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायते आईं। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और शिकायतों के निस्तारण पेपर पर ही नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर भी किया जाये। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्षए निर्भीकए पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करे। दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादो को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्यायए अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ सहित पुलिस विभागए राजस्व विभाग व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## शहर में प्री वेडिंग शूट की बढ़ी लोकप्रियता

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

प्री वेडिंग शूट का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। जन्म-जन्मांतर के बंधन में बंधने से पहले यह कपल्स को एक-दूसरे के साथ अपने प्रेम को व्यक्त करने और इन पलों को कैमरे में कैद करने का खूबसूरत मौका देता है। ऐसे में इसे खास बनाने में कोई कमी न रहे, इसके लिए अब खास लोकेशन्स की डिमांड तेजी से बढ़ी है। शहर के वेडिंग इवेंट प्लानर हितेश शर्मा के अनुसार, लोग अब मिरर थीम, पद्मावत थीम और स्पेशल इफेक्ट्स के साथ प्री वेडिंग शूट करा रहे हैं। इनमें स्काई स्कॉट जैसे आकर्षक इफेक्ट्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन शूट्स के लिए लोग खास लोकेशन्स चुनते हैं, जिनमें शहर के प्रमुख स्थल भी शामिल हैं। इस ट्रेंड को देखते हुए शहर में प्री वेडिंग शूट की बुकिंग भी बढ़ी है। हितेश के अनुसार, अब तक उनके पास 25 से अधिक बुकिंग शहर के अलग-अलग स्थानों के लिए आ चुकी है।

विज्ञापन

## डीएम ने पुलिस अधीक्षक के साथ महाकुंभ के दृष्टिगत जनपद में की गई तैयारियों का जायजा लिया



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के साथ दिव्यए भव्य महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत जनपद में की गई तैयारियों की समीक्षा हेतु विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी ने ट्रैफिक व्यवस्थाए प्रकाश की व्यवस्थाए साफ सफाई सहित श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए विश्रामालय शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को ससमय पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिएए इसके पश्चात ;रायबरेली. प्रयागराजद्ध राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माणाधीन कार्यों का भी निरीक्षण किया और एनएचएआई के अधिकारियों को ससमय कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिएए जिससे कि श्रद्धालुओं के आवागमन व विश्रामालय शिविर में ठहरने में किसी प्रकार की कोई असुविधा उत्पन्न ना हो। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्यायए अपर जिलाधिकारी ;प्रशासनद्ध सिद्धार्थ सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## अयोध्या में बोले कुमार विश्वास- राम पर कोई भी कुछ लिख देगा तो कवि बन जाएगा काल्पनिक बताने वालों पर की टिप्पणी

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

कुमार विश्वास अपने तीन दिवसीय %%अपने-अपने राम%% कथा के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। वह आज से शुरू हो रहे प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ कार्यक्रम में भी मौजूद रहेंगे। रामायण विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय %%अपने-अपने राम%% कथा के शुभारंभ अवसर पर कवि डॉ. कुमार विश्वास ने कहा कि राममंदिर का निर्माण बहुत ही भव्यता से चल रहा है। निरंतर भक्तों की श्रृंखला बहुत ही अद्भुत है। मैथिली शरण गुप्त ने लिखा है कि राम तुम्हारा चरित्र स्वयं ही काव्य है। कोई भी व्यक्ति राम जी पर कुछ भी लिख देगा कवि बन ही जाएगा। राम की कहानी गाने का काम कवियों को मिला। सबसे पहले आदि कवि वाल्मीकि ने गाई। फिर तुलसी दास, महाकवि कंबन, कालिदास आदि ने गाई।

उन्होंने अपने-अपने राम की अवधारणा मानवता की खुली आंख के सबसे सुंदर सपने राम, जिह्वा वाणी अर्थवती हो गईं लगी जब जपने राम। माता-पिता, गुरुजन, परिजन ने अपने-अपने देखे थे दुनिया भर ने देखे अपने-अपने राम...की प्रस्तुति से साकार की। कवि ने महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय की स्थापना को दूरगामी सोच कहते हुए उनकी उपलब्धियों को याद किया। उन्होंने कहा कि महर्षि महेश योगी एक दूरदर्शी संत थे, जिनकी सोच और दृष्टि ने विश्व में भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का प्रचार-प्रसार किया। उनके जैसा महान व्यक्तित्व इस दुनिया में बहुत कम ही देखने को मिलता है।

# स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

जन एक्सप्रेस । अमेठी

शनिवार को सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी के तत्वाधान में स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम मुंशीगंज अमेठी के एक इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मीनाक्षी झा ने किया।उन्होंने बताया कि महावारी के दौरान संक्रमण,समग्र यौन एवं स्वास्थ्य पर पड़ रहे व्यापक प्रभाव के बारे में लड़कियों को जानकारी जरूरी है। कार्यक्रम में सैनिटरी नैपकिन का उपयोग और स्वच्छता के बारे में शिक्षित करना और सैनिटरी नैपकिन की गुणवत्ता के बारे में भी बताया गया। साथ ही मासिक धर्म से जुड़ी जागरूकता बढ़ाने और सही प्रथाओं को बढ़ावा देने की बात कही गई। स्नेहलता ने मासिक धर्म के दौरान महिलाओं को आराम करने और साफ़-सुथरा रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस दौरान कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए जैसे पीरियड्स के बारे में जानकारी देना चाहिए। यह शर्माने या छिपाने की बात नहीं है।पीरियड्स के दौरान हल्की गंध होना सामान्य है।लेकिन अगर गंध बहुत तेज है,तो यह इंफ़ेक्शन का संकेत हो सकता है।ऐसे में डॉक्टर से सलाह ले।पीरियड्स के दौरान डाइट में कच्ची सब्ज़ियां और फल शामिल करें। इनमें विटामिन सी और बीटा कैरोटीन होता है।जो हार्मोन को संतुलित रखने में मदद करता है।रेखा जायसवाल ने कहा कि साबुत अनाज में प्रोटीन,फ़ाइबर,और विटामिन होता है।संतरे में कैल्शियम और विटामिन डी होता है।जो पीएमएस के लक्षणों को कम करता है।पीरियड्स के दौरान ठंडी चीज़ें, मीठा खाना,चाय-कॉफ़ी से बचना चाहिए।फ्राई किया हुआ खाना,खाने से बचना चाहिए। क्योंकि इसमें ज़्यादा ट्रांस फ़ैट होता है।स्वास्थ्य से जुड़ी सलाह या जांच के लिए किसी पेशेवर डॉक्टर से बात करें।आहार में बदलाव से मासिक धर्म के लक्षणों को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।सेनिटेशन एंड वाटरमैनेजमेंट नामक संस्था की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर




में 52 प्रतिशत महिलाएं रिप्रोडक्टिव एज मे हैं।और लगभग सभी हर महीने पीरियड्स यानी मासिक धर्म की अवस्था से गुजरती हैं।हालांकि इनमें से अधिकांश को पीरियड्स के दौरान हाइजिन मेंटेन करने और अपनी देखभाल करने के बारे में न तो जानकारी है।और न ही इससेजुड़े संसाधन उपलब्ध हैं।वेजानिल पार्ट और आसपास अच्छे से सफाई रखें। हाथों को साबुन से धोएं।रेग्युलर पैड और कपड़े बदलते रहना चाहिए। पीरियड्स के दर्द और तकलीफ से बचने के लिए रेस्ट करें,टेंशन और स्ट्रेस से बचें।एवं सात आठ घंटे की भरपूर नींद लें।इस अवसर पर सभी छात्राओं को सैनिटरी पैड वितरित किया।इसके उपरांत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें आकांक्षा सोनी प्रथम, काजल कुमारी कश्यप द्वितीय, सुमित सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इंजी.लालमणि कश्यप सदस्य जिला युवा कार्यक्रम परामर्श दात्री समिति और समन्वयक चन्द्रपाल यादव ने प्रमाण पत्र देकर छात्राओं को सम्मानित किया।इस अवसर पर रामपाल,उमा शंकर श्रीवास्तव,कृष्ण कुमार प्रजापति, लवकुश, महेंद्र नाथ शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश में जंगलराज कायम पुलिस बेलगाम : स्वामी प्रसाद मौर्य

जन एक्सप्रेस । सुनहरा/अख्तर अली



लखीमपुर खीरी। मझगईं थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत में रामचंद्र की मौत के मामले में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रदेश सरकार को घेरा।उन्होंने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यूपी में जंगलराज कायम है।पुलिस बेलगाम है।पुलिस की गुंडागर्दी जनता पर भारी पड़ रही है।स्वामी प्रसाद मौर्य शनिवार दोपहर गांव हुलासी पुरवा पहुंचे और मृतक रामचंद्र मौर्य के परिजनों से मुलाकात कर घटना के बारे में जानकारी ली।मौर्य ने कहा कि पुलिस हिरासत में मौतों का सिलसिला लगातार जारी है।रामचंद्र की मौत पुलिस को कटघरे में खड़ी कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि रामचंद्र शराब बना रहा था तो उसके पास न शराब बरामद हुई और न ही शराब बनाने के उपकरण मिले।पुलिस ने शराब का बहाना लेकर उसे मौत के घाट उतार दिया। उसके शराब बनाने की कहानी मनगढ़ंत है। स्वामी प्रसाद ने कहा कि पिछड़ों, अनुसूचित और अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यकों के साथ दुर्व्यवहार पूर्ण व्यवहार कर रही है। इन हत्याओं को लेकर योगी सरकार मौन है। वह झूठी वाहवाही लूट रही है। पूरे प्रदेश में गरीबों पर कहर बरपाया जा रहा है। पुलिसिया जुल्म अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही है। गुंडाराज का नंगानाच हो रहा है। दबंगों की गोली का शिकार लोग हो रहे हैं, जो बच जाते हैं वह पुलिसिया अत्याचार का शिकार हो जाते हैं। भाजपा कर रही नौटंकी- मौर्य महाकुंभ पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि योगी जी, कुंभ में हजार करोड़ों रुपया बहाने में लगे हैं। महाकुंभ ऐतिहासिक और प्राचीन मेला है। भाजपा घूम-घूमकर न्योता बांटकर नौटंकी कर रही है, जबकि कोई त्योहार या पर्व आस्था का विषय है। जहां आस्था का विषय होता है, वहां न्योता नहीं बांटा जाता।गांव हुलासीपुरवा निवासी रामचंद्र की मौत पुलिस हिरासत में हो गई थी। पुलिस ने उस पर अवैध शराब बनाने के आरोप में कुछ दिन पहले ही गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। परिजनों ने पुलिस की पिटाई से रामचंद्र की मौत होने का आरोप लगाया। इस घटना को लेकर जमकर बवाल हुआ। मझगईं थाने के इंस्पेक्टर ने पूरे गांव को जेल भेजने की धमकी दी थी। इसका वीडियो भी वायरल हुआ। सीओ धौरहरा पीपी सिंह का वीडियो भी सामने आया था, जिसमें वह मृतक के परिजनों पर भड़कते नजर आ रहे हैं। सीओ कहते हैं कि न मझगईं थानाध्यक्ष सस्पेंड होगा और न निघासन.. न ही 30 लाख रुपये देंगे। सीओ ने आगे कहा कि जितने दिन रखना है डेड बॉडी को रख लो। हम यहां से जा रहे हैं, जो करना है कर लेना। पुलिस की कार्यशैली को लेकर परिजनों में आक्रोश है।

# स्वामी विवेकानन्द जयन्ती व श्री राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ का कार्यक्रम मनाया गया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



विद्या भारती विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज यू.पी.बोर्ड, लखीमपुर खीरी में आज स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती व श्री राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह व सामाजिक कार्यकर्ता श्री राजेश दीक्षित जी ने मां सरस्वती, भगवान श्री राम चन्द्र एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्चन कर किया। आचार्य श्री अखिलेश कुमार जी ने बताया कि आज हम लोग स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती मना रहे हैं इस जयन्ती को हम राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। स्वामी जी का कहना था कि हमारा देश युवा देश है। स्वामी जी का जन्म 12 जनवरी 1863 को एक बंगाली कायस्थ परिवार में हुआ था। इनके पिता विश्वनाथ दत्त तथा माता भुवनेश्वरी देवी थीं। अपनी माँ का आध्यात्म की तरफ झुकाव होने के कारण ही आपका झुकाव आध्यात्म की तरफ हुआ।विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य विजय कुमार श्रीवास्तव जी ने बताया कि किसी देश की दिशा व दशा को युवा ही तय करता है। विवेकानन्द का जन्म उस समय हुआ था जब हम लोग अपने को सनातनी एवं हिन्दू कहने से डरते थे लेकिन आज यह स्वामी जी की ही देन है कि हम लोग अपने को सनातनी कहने में गर्व महसूस करते हैं। स्वामी जी ने भारत माता का ध्वज समस्त विश्व में फहराया तथा अमेरिका की धर्म संसद में भारत का लोहा मनवाया। स्वामी जी ने कहा डिग्री प्राप्त करना तथा सरकारी पद प्राप्त करना ही शिक्षा नहीं है बल्कि समाज के दबे, कुचले, कमजोर लोगों का उत्थान करना ही हमें शिक्षित बनाता है। सामाजिक कार्यकर्ता श्री राजेश दीक्षित जी ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द का मानवीय संवेदनशीलता का संदेश दिया। उनकी मानसिक एकाग्रता, तन्मयता, करुणा भावना, प्रत्येक जन के लिए प्रेरक एवं अनुकरणीय है। उन्होंने विश्व के चोटियों पर अपना गौरव, अपराजय आत्मविश्वास रखा। सतत आत्मचिंतन, आत्ममंथन, आत्ममूल्यांकन द्वारा समाज के विकारों को दूर करने का सफल प्रयास किया। उनके चिंतन में वैचारिक जड़ता, जर्जरता व अंध विश्वासों का कोई स्थान नहीं था। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती को हम लोग युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। हम सब युवाओं को अपना आदर्श भी स्वामी जी को ही बनाना चाहिए। आजादी की लड़ाई में क्रान्ति तथा शान्ति की धारा के आदर्श स्वामी जी ही थे। स्वामी जी ने 1893 में विश्वधर्म सम्मेलन में भारतीय संस्कृति का परचम लहराया तथा गौ, गीता, गंगा की महिमा से हिन्दुओं को अवगत कराने वाले स्वामी विवेकानन्द जी ही थे। इसके बाद प्रधानाचार्य जी ने श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगाँठ व स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती को सभी को बधाई दी।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सर्वेन्द्र कुमार अवस्थी जी ने किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# प्रदेश स्तरीय गर्ल्स हॉकी टूर्नामेंट प्रारंभ

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

हॉकी एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आज गुरुनानक इंटर कॉलेज के मैदान में शुभारंभ हुआ।एसोसिएशन की सचिव तृप्ति अवस्थी के अनुसार, यह टूर्नामेंट 11 से 13 जनवरी तक चलेगा, जिसमें कुल 15 टीमें हिस्सा ले रही है।तीन दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में सभी मैच नॉकआउट होंगे। जिसमें प्रदेश के मेरठ, पीलीभीत, लखीमपुर, शाहजहांपुर, रामपुर, मथुरा, बुलंदशहर, पीलीभीत, सहित दूसरे प्रदेश की जयपुर टीम भी हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता के अंतिम दिन 13 जनवरी को सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। विजेता,उपविजेता और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कार दिए जाएंगे।साथ ही, सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को मोबाइल की दुनिया से निकालकर खेल के मैदान की ओर आकर्षित करना है।इसी दिशा में गुरुनानक स्पोर्ट्स एकेडमी में 125 बच्चों को नि:शुल्क हॉकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में सर्जन डॉ.अखिलेश वर्मा, संरक्षक सेवक सिंह अजमानी, उपाध्यक्ष डॉ. नमिता श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चंदेल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर महमूदाबाद में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बैंड बाजों की धुन पर



यात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गों से गुजरी। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने जयश्री राम के नारे लगाए। यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। भगवान राम मंदिर निर्माण के प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर विशाल शोभायात्रा एवं निशान यात्रा का शुभारंभ रामकुंड चौराहा स्थित हनुमान मंदिर से हुआ। यात्रा में सैकड़ों महिलाएं, पुरुष, बच्चे भगवान श्री राम का ध्वज लेकर जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा रामकुंड चौराहा से शुरू होकर कोतवाली मार्ग, बस स्टॉप, बजाजा मार्ग, तहसील मार्ग, मां संकटा देवी धाम से होकर पुन: हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। यात्रा में शामिल जनसमुदाय ने जय श्री राम के जोरदार नारों से शहर की गुंजायमान कर दिया। यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान कोतवाल अनिल सिंह, कस्बा इंचार्ज दीपक राठौर, अतुल वर्मा, कृतार्थ मिश्र, हिमांशु राठौर, शोभित सोनी, श्याम सिंह, विकास पोरवाल, मुकेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे। लक्ष्मी-गणेश, कुबेर सुख समृद्धि कल्याण सोसाइटी के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह द्वारा बैसनपुर स्थित राजेश्वर महादेव मंदिर पर भगवान श्रीराम का पूजन-अर्चन व सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन आरती व प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

### ब्राह्मण वेलफेयर महासभा ने दुर्घटना में हाथ कट जाने से घायल के इलाज को फिर दिये 5000 रूपये

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जिले के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के महेशरा पुरैना निवासी अजय कुमार पाण्डेय जिनका गत दिनों एक भीषण सड़क दुर्घटना में दायां हाथ शरीर से पूरी तरह कट कर अलग हो गया था तथा शरीर में गंभीर रूप से चोटें आई थी। शुक्रवार को पुन: ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री राजीव कुमार तिवारी तथा अशोक कुमार त्रिपाठी ने गोंडा अस्पताल जाकर अजय कुमार पांडेय का हाल चाल लिया और सभी के सहयोग से और प्राप्त हुई धनराशि रुपए 5000 रुपए उनकी पत्नी को उनके इलाज हेतु दिया। मालूम हो कि, पांच दिन पूर्व ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र की अगुवाई में प्रदेश संगठन मंत्री रवि मोहन शुक्ल, प्रदेश कोषाध्यक्ष शरद शुक्ल,जिलाध्यक्ष पवन कुमार पांडेय,जिला संगठन मंत्री पुष्पेंद्र कुमार शुक्ल, जिला कार्यसमिति सदस्य मुकुंद प्रसाद शुक्ल ने गोंडा अस्पताल जाकर अजय कुमार पांडेय तथा परिवार से मिलकर ब्राह्मण वेलफेयर महासभा की तरफ से उनकी पत्नी को सभी के सहयोग से एकत्र 25076 रुपये की सहयोग राशि सौंपी थी। शुक्रवार को पुन: 5000 रुपए और इलाज हेतु सहयोग प्रदान किया जिससे अब कुल सहायता रुपए 30076 (तीस हजार छिहत्तर रूपए) का सहयोग ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के द्वारा सभी योगदान से किया जा चुका है।

### एसपी ने समस्त आईजीआरएस पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । बहराइच। रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण में बहराइच पुलिस के प्रदेश में लगातार तीसरी बार 卐प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जनपद के समस्त आईजीआरएस पुलिस कर्मियों को परिश्रम से दायित्वों के निर्वहन पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री के जन सुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर जनपदीय पुलिस ने प्रदेश भर में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शिकायती पत्रों का शत प्रतिशत निस्तारण करते हुए बहराइच पुलिस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छोटे स्तर से लेकर बड़े स्तर तक की सभी आमजन की समस्याओं के दृष्टिगत मुख्यमंत्री की ओर से जन शिकायत (आईजीआरएस) पोर्टल बनाया गया है। जिसमें पीएम पोर्टल, सीएम पोर्टल, डीएम पोर्टल, एसपी पोर्टल, सम्पूर्ण समाधान दिवस, ऑनलाइन व ऑफलाइन प्राप्त होने वाली शिकायतों को एक प्लेटफार्म पर लाया गया है, जिससे शिकायतों का गुणवत्तापरक, पारदर्शितापूर्ण तथा समयबद्ध निस्तारण किया जा सके। इसी पोर्टल पर जनपदीय पुलिस ने कार्य करते हुए शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण किया है। जिसे लेकर प्रदेश भर में जनपद बहराइच को माह दिसम्बर की रैंकिंग में प्रथम स्थान मिला है। प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त करने में आईजीआरएस सेल, क्षेत्राधिकारी कार्यालयों व थानों पर आईजीआरएस कार्य हेतु नियुक्त पुलिस कर्मियों द्वारा अथक परिश्रम किया गया। इस अवसर पर आईजीआरएस के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिहं, आईजीआरएस सेल प्रभारी दिग्विजय नाथ, जनपद के समस्त आईजीआरएस पुलिस कर्मियों के साथ-साथ अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### डीएम व एसपी खीरी की अध्यक्षता में 'थाना समाधान दिवस' का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। शनिवार को जिलाधिकारी खीरी,दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा थाना फूलबेहड़ पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बन्धित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल के थानों पर उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

# भारत-नेपाल पत्रकार मैत्री महासंघ की बैठक आयोजित

■ समाज सेवी रवि गुप्ता ने सम्मानित कर दिए स्मृति चिन्ह

जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी



भारत- नेपाल पत्रकार मैत्री महासंघ की एक महत्त्वपूर्ण बैठक पलिया - दुधवा के मध्य पाम रिसोर्ट में सम्पन्न हुई।बैठक में जहां संगठन का विस्तार किए जाने पर चर्चा की गई, वहीं एक देश के नागरिकों को दूसरे देश में होने वाली समस्याओं को दूर करा नेपाल में एक ही स्थान पर सारी जांचें कर सुविधा एवं भंसार के प्रपत्र जारी किए जाने की मांग की गई।नगर के समाज सेवी भाजपा नेता रवि गुप्ता द्वारा आयोजित एवं वरिष्ठ पत्रकार रामचंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में भारत के विभिन्न समाचार पत्रों एवं टीवी चैनलों आदि के पत्रकारों ने नेपाल पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष श्रवण देउवा सहित ने पाल से आए करीब डेढ़ दर्जन नेपाली पत्रकारों का तिलक -चंदन लगा माल्यार्पण कर स्वागत किया। पश्चात उनके अतिरिक्त नगर के प्रमुख पत्रकार जय कुमार गुप्ता, विवेक अर्कवंशी, निर्जेश मिश्रा, शिशिर शुक्ला, प्रशांत मिश्रा, विष्णु अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, संजय सिंह, आनंद शाह आदि ने अपने विचार रखे और भारत से नेपाल जाने वाले नागरिकों को होने वाली समस्याएं बताईं। उधर नेपाल पत्रकार महासंघ धनगढी कैलाली के अध्यक्ष श्रवण देउवा ने कहा कि भारत और नेपाल के सदा से रोटी- बेटी के सम्बंध रहे हैं। दोनों देशों की सरकारें जब आपस में प्रेम- व्यवहार बढ़ा रही हैं तो हम पत्रकारों को भी इसी रास्ते पर जाकर दोनों देशों की जनता के बीच सौहार्द स्थापित करना चाहिए। इससे दोनों देशों के आम नागरिक लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर नेपाल के पत्रकार बाल कृष्ण ओझा, कृष्ण बहादुर बिष्ट, टेक सिंह, लोकु सिंह ठकुरी, जगत जैगड़ी, सीताराम ओझा, रमाचंद्र, तेजराम भट्ट, सुनील ऑउडी, राम प्रकाश भास्कर, भावना जोशी, अनीता चौधरी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भाजपा नेता रवि गुप्ता एवं सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक बालक राम, समाजसेवी चंदन शुक्ला, सौरभ मिश्रा आदि ने नेपाल से आए पत्रकारों को अंगरखा ओढ़ा स्मृति चिन्ह भेंट किये और प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में पधारने के लिए आमंत्रित किया।

# पूरा विश्व हमारा परिवार है चुनौती जितनी बड़ी होगी सफलता उतनी ही शानदार होगी- आर.के.बाजपेई

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



महमूदाबाद। विवेकानंद भारत के प्राणपुत्र थे। उन्होंने भारत के ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की मानवता के लिए कार्य किया। अपना पराया का भाव लाना छोटी प्रवृत्ति का परिचायक है, पूरा विश्व ही हमारा परिवार है। ऐसी भावना के साथ काम करना चाहिए। चुनौती जितनी बड़ी होगी सफलता उतनी ही शानदार होगी।

उक्त बातें सीता इंटर कालेज के शास्त्री सभागार में में सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती युवा दिवस की पूर्व संध्या पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि हमें विवेकानंद जैसे महापुरूषों के जीवन को अपना आदर्श मानना चाहिए। विवेकानंद का धर्म आध्यात्म, संस्कृति व संस्कारों से परिपूर्ण व्यक्तित्व रहा है। जीवन में संकल्प लेने के बाद उसे कभी तोड़ना नहीं चाहिए। महज 30 वर्ष की अवस्था में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन को संबोधित करके भारतीय संस्कृति का पूरे विश्व में लोहा मनवाया। कार्यक्रम के दौरान देश के प्रधानमंत्री रहे लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें भी श्रद्धाजंली दी गयी। कालेज के डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ऐसे विलक्षण संत थे, जिन्होंने वर्तमान भारत की नींव रखी। उन्होंने पूरे विश्व में भारत के ज्ञान की पताका फहराई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वागीश दिनकर वाजपेयी ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर किया गया कोई भी काम विफल नहीं होता। विवेकानंद के आदर्शों को ध्यान में रखकर हमें काम करना चाहिए।

उप प्रधानाचार्य यशपाल वर्मा ने कहा कि स्वामी जी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे उन्होंने अपनी प्रतिभा और शौर्य के बल पर पूरे विश्व में भारत का नाम बुलंद किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन व मां शारदे, मां भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण से हुआ। युवा दिवस की पूर्व संध्या पर के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कई विद्यार्थियों ने अपनी कविताओं व विचारों से विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी व शिक्षक मौजूद रहे।

# 10 किलो चिप्पड़ गांजा सहित तीन भारतीय युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बहराइच

रूपईडीहा। पड़ोसी नेपाली जिला बर्दिया की पुलिस ने तीन भारतीय युवकों के पास से अवैध चिप्पड़ गांजा बरामद किया है। यह तीनों युवक भारतीय क्षेत्र से बुलेरों गाड़ी से नेपाल में प्रवेश कर रहे थे। बरामद गाड़ी व माल सहित युवकों को मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बर्दिया जिले के डीएसपी प्रकाश सापकोटा ने बताया कि जिले की पुलिस व नारकोटिक्स टीम को भारतीय सीमा से आने वाले लोगों की गहनता से जांच करने के लिए लगा दिया गया है। शुक्रवार की दोपहर प्रसौनी थाने के इंसपेक्टर सुरेश राज भट्ट के साथ पुलिस की टीम गस्त रही थी। तभी प्रसौनी गांव पालिका वार्ड नं. 5 स्थित बेलहिया की तरफ जा रही एक भारतीय नम्बर गाड़ी पर संदेह हुआ। टीम ने गाड़ी को रोका। पुलिस टीम को देखकर गाड़ी में सवार लोग घबराने लगे। गाड़ी की तलाशी लेने पर तीन पैकेट बरामद हुए। पैकेट को खोलकर देखा गया तो इसमें चिप्पड़ गांजा मिला। इसका वजन 10 किलो था। यह सभी यूपी32बीएक्स 4726 नंबर बुलेरों गाड़ी पर सवार थे। पकड़े गये भारतीय युवकों की पहचान धमेन्द्र गुप्ता 38 वर्ष निवासी जवरा बाजार जिला कुशीनगर, चन्द्रभान कुशवाहा 48 वर्ष निवासी सेमरा जिला सिवान तथा चन्द्रभान श्रीवास्तव 32 वर्ष निवासी ट्रान्सपोर्ट नगर लखनऊ के रूप में हुई है। पकड़े गये युवकों व माल सहित गाड़ी को बर्दिया पुलिस मुख्यालय भेज दिया गया है। डीएसपी ने बताया कि इनसे कड़ाई से पूछताछ हो रही है। एनडीपीएस एक्ट के तुहत मुकदमा दर्ज कर गाड़ी सीज कर दी जायेगी।

# सादगी, समर्पण और साहस की प्रतिमूर्ति थे भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री

जन एक्सप्रेस । बहराइच

■ 59वीं पुण्यतिथि शनिवार को सेनानी भवन सभागार में आयोजित किया गया कार्यक्रम

भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 59वीं पुण्यतिथि शनिवार को सेनानी भवन सभागार में मनाई गई।

इस दौरान सेनानी उत्तराधिकारियों ने इतिहास में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले जननायक लाल बहादुर शास्त्री की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि 1965 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा दिया, जब देश में अन्न का अकाल पड़ा तो कहा कि हम एक समय भोजन करेंगे लेकिन विदेशी लाल गेहूं आयात करके नहीं खायेंगे और उन्होंने देश की जनता से एकादशी व्रत सहित तमाम दिवसों पर उपवास की परम्पराओं को बल देते हुए देश की आन बान शान के लिए देश की जनता को तैयार किया, वह परम्परा आज भी कायम है। श्री शास्त्री देश के प्रति समर्पण, सद्भाव, सादगी और सरलता के लिए जाने जाते थे,वो स्वतंत्रता आन्दोलन के जेल यात्री रहे। लाल बहादुर शास्त्री स्वयं को गांधी वादी मानते थे। उनका निधन 11 जनवरी 1966 को ताशकंद में हुआ, उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

जिला संगठन के संरक्षक एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 02 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय वर्तमान में पंडित दीनदयाल नगर में हुआ था, वह एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि हासिल की।वे भारत की आजादी के बाद उत्तर प्रदेश के संसदीय सचिव बने,वे 1961से63 तक देश के गृहमंत्री थे, 1964 से 66 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने 1952, 1957और 1962 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी को जिताने में अहम भूमिका अदा की। संगठन के जिला महामंत्री राजू मिश्र उर्फ मुन्ना भैया ने कहा कि केवल डेढ़ वर्ष की आयु में ही शास्त्री जी के पिता जी का निधन हो गया, पिता हीन बालक लगातार लड़ता रहा और देश के लिए जूझता रहा, उनके कार्यों से देश के किसानों का हौसला बढ़ा। शास्त्री जी की छः संतानें थीं। शास्त्री जी गंगा नदी तैर कर पढ़ने जाते थे, एक रेल दुर्घटना से ग्लानि वश उन्होंने रेलमंत्री पद से इस्तीफा दिया था।

अन्तर्राष्ट्रीय दबाव में युद्ध जीतने के बाद भी शास्त्री जी को पाकिस्तान से समझौता करना पड़ा और उसी दुःख में उनकी मृत्यु हो गई।

अन्त में सेनानी उत्तराधिकारियों ने देश के लाल को भावभीनी श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम समाप्त किया। कार्यक्रम में संगठन महामंत्री आदित्य भान सिंह, विजय सोनी, मुकेश श्रीवास्तव, जाहिर अली, अब्दुल रहमान, दोस्त मोहम्मद, रक्षा राम यादव,अंगनू सहित तमाम सेनानी उत्तराधिकारी मौजूद रहे।

# होमगार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया

जन एक्सप्रेस । बहराइच


कैसरगंज कोतवाली में तैनात एक होमगार्ड जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। रानीपुर थाना क्षेत्र के कटघरा कला गांव निवासी होमगार्ड जवान कपिल देव सिंह (45) पुत्र राम शंकर सिंह की तैनाती कैसरगंज कोतवाली में थी। शनिवार को होमगार्ड जवान बाइक से ड्यूटी के लिए जा रहे थे।

रास्ते में कैसरगंज हुजूरपुर मार्ग पर वह अचेतावस्था में मिले। सूचना पर परिवार के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जिस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार के लोगों का कहना है कि होमगार्ड जवान ने कोतवाली में आमद दर्ज कराया। इसके बाद ड्यूटी पर जाते समय वह जमीन पर गिरे।

# सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में डीएम एसपी ने कोतवाली तालगांव में सुनी शिकायतें, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने कोतवाली तालगांव में फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पैमाईश से सम्बन्धित प्रकरणों को नियमानुसार निस्तारित कराया जाय। उन्होंने कहा कि यदि कहीं चक मार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त हो तो इसकी तत्काल जांच करते हुए कब्जा मुक्त कराया जाय। दो पक्षों में भूमि विवाद सम्बन्धी प्रकरणों में दोनों पक्षों को सुनकर न्यायोचित निस्तारण किया जाय तथा यदि आवश्यकता हो निरोधात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस के रजिस्टर का भी अवलोकन किया। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाय।

# आढ़ती ने सूदखोरों से परेशान होकर की थी आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

राजापुर मंडी समिति में अपनी आढ़त पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले विवेक गुप्ता उर्फ बंटी के मामले में नया मोड़ आ गया है। उसने सूदखोरों से परेशान होकर आत्महत्या की थी। इस बात का खुलासा मृतक के पास बरामद हुए सुसाइड नोट से हुआ है। पुलिस ने मृतक की मां की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के मोहल्ला द्वारिकापुरी निवासी विवेक गुप्ता उर्फ बंटी ने शुक्रवार की देर शाम राजापुर मंडी समिति में स्थित अपनी गुड़ की आढ़त पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक सुसाइड नोट में ब्याज पर रुपया लिए जाने और सूदखोरों पर रुपये देने के बाद भी अतिरिक्त रुपये मांगे जाने की बात कही गई है। मृतक की मां गीता गुप्ता ने बताया कि उनके पुत्र विवेक उर्फ बंटी के पास एक मेडिकल स्टोर की दुकान थी। दुकान चलाने को लेकर विवेक ने बहादुर नगर निवासी सुमित मित्तल, रितेश मित्तल, छाउछ निवासी दिनेश वर्मा व अजय वर्मा से कुछ रुपए लिए थे। चारों लोगों का सारा रुपया ब्याज सहित पुत्र ने दे दिया था फिर भी सभी लोग अतिरिक्त धनराशि की मांग कर रहे थे। घटना से एक दिन पहले चारों लोगों ने मोहल्ला गोटैय्या बाग निवासी नवाब उर्फ आमिर व अकरम को वसूली के लिए घर पर भेजा था। दोनों लोगों ने घर पर आकर धमकाते हुए जान से भी मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि सुमित व रितेश मित्तल ने मेडिकल वाली दुकान के कागज भी भी लिए थे। अब गुड मंडी वाली दुकान पर भी कब्जा करने के लिए धमका रहे थे। इससे परेशान होकर उसके पुत्र ने आत्महत्या कर ली है। शहर कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सभी छह आरोपियों के खिलाफ नामजद आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही है।

# भाजपाई विभीषणों के भरोसे डूब रही है भाजपा: डॉ. संजय निषाद

## कैबिनेट मंत्री ने गोरखपुर में कहा छेद करने वाले विभीषण को हटाना होगा

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री अपनी ही सरकार पर लगातार हमला बोल रहे हैं। वह बार-बार भाजपा को पार्टी के विभीषण से आगाह कर रहे हैं। लेकिन किसी का नाम नहीं ले रहे हैं। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा-भाजपा की नाव डूब रही है। भाजपा के विभीषण ही उनकी नाव में छेद कर रहे हैं। अगर नाव में छेद होगा तो हम नहीं डूबेंगे। छेद करने वाले विभीषण को किनारे छांटना होगा। संजय निषाद शनिवार को गोरखपुर में इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सकों के कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां मीडिया से बातचीत में कहा-लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 43 सीटें हारना और केंद्र में कमजोर सरकार बनना आखिर इसी बात की ओर इशारा है। उन्होंने कहा-भाजपा बड़ा भाई है और हम छोटे। हम उन्हें आगाह कर रहे हैं कि नाव में छेद करने वाले विभीषणों को हटाएं। हम छेद बंद कर देंगे।



### हमें पूरा सम्मान मिला था, आगे भी मिलेगा

2022 विधानसभा चुनाव में सीटों के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम छोटे भाई हैं, हमें पहले भी पूरा सम्मान मिला था। आगे भी सम्मान मिलेगा। हम मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

### सपा-कांग्रेस से पीड़ित, सब मोदी-योगी के साथ

उन्होंने कहा- अखिलेश यादव अपने को पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक कहते हैं। लेकिन सपा, कांग्रेस, बसपा से पीड़ित, दुखी व अपमानित लोग कल भी योगी, मोदी के साथ थे और आज भी हैं। हमारी जीत होगी।

### आरक्षण मिला तो वोट नहीं देंगे

डॉ. संजय ने कुछ नेताओं पर तंज भी कसा। उन्होंने कहा- भाजपा के मंच से, उनके टेंट में, उन्हीं के खर्चे पर ये बोलते हैं कि निषाद को आरक्षण नहीं मिलेगा तो वो वोट नहीं देगा। ये भाजपा को डुबाने वाली बात है। निषाद ने वोट नहीं दिया और 43 सीट हार गए। ये लोग विभीषण नहीं हैं तो क्या हैं? अब जनता ही विभीषणों की पहचान कर रही है। वह जान गई है कि किसके समय आरक्षण छीना गया। सपा-बसपा के समय में इसे छीना गया और ये विभीषण तब उन पार्टियों के साथ खड़े थे।

### कुछ अधिकारियों के कारण हो रही बदनामी

आशीष पटेल के एसटीएफ पर आरोप के सवाल पर डॉ. निषाद ने कहा कुछ अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। ये अधिकारी पिछली पार्टियों की आत्माओं से प्रेरित हैं। उन्हीं के कारण बदनामी हो रही है।

## एसएसबी ने लगाया पशु चिकित्सा शिविर

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

भारत नेपाल बार्डर के सुरक्षा में तैनात 22वी बटालियन के एसएसबी जवानों ने नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत
डॉ0 सुशांत सहाजी पारेकर (कमांडेंट-पशु चिकित्सा) के अध्यक्षता में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार की दोपहर ठूठीबारी के सीमावर्ती ग्रामीण इलाके लोगों के मवेशियों को हो रही बीमारियों का इलाज किया और निश्शुल्क दवा को वितरण किया गया। इस पशु चिकित्सा शिविर में सीमावर्ती राजाबारी, टडहवां, धरमौली, बैरिया, किशुनपुर, रामनगर सहित अन्य गांवों के दर्जनों पशुपालक सम्मिलित हुए। इस दौरान 140 पशुओं स्वास्थ्य परीक्षण कर पशुपालकों के बीच दवाओं का वितरण किया, और ठंड के महिने में पशुओं को स्वस्थ रखने के उपाय भी बताया है। इस संबंध में डॉ0 सुशांत सहाजी पारेकर ने बताया की पशु चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्र के पशुओं का इलाज करके रोग मुक्त कराना है।

## एसपी ने गुरु गोरक्षनाथ मंदिर का लिया जायजा



जन एक्सप्रेस। महराजगंज

पूर्वांचल के गोरखपुर गोरक्षपीठ की तर्ज पर महराजगंज जनपद के चौक स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित वार्षिक खिचड़ी मेले के मद्देनजर मंदिर को सजाने संवारने और सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां जोरों पर हैं। यह मेला 13 जनवरी से प्रारंभ होगा, जिसमें 50 से 1 लाख तक की श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। मेले में नौ बैरियर लगाए गए हैं, ताकि भीड़ को व्यवस्थित किया जा सके। छह पार्किंग स्थल बनाए गए हैं, और मंदिर परिसर में अस्थायी थाना स्थापित किया गया है। पूरे क्षेत्र में तीसरी नजर सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन की मदद से सतर्क निगरानी की जाएगी। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की गई है। बताया गया की श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए व्यापक पुलिस बल तैनात किया गया है। इसमें 2 क्षेत्राधिकारी, 6 थानाध्यक्ष, 22 उपनिरीक्षक, 135 कांस्टेबल, 35 महिला आरक्षी, और 1.5 सेक्शन पीएसी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने भीड़ प्रबंधन और यातायात नियंत्रण पर जोर देते हुए दिशा-निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चिकित्सा और आपातकालीन सेवाओं के इंतजाम भी किए गए हैं। वही महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा हेतु विशेष पुलिस टीम बनाई गई है। यह मेला महराजगंज जनपद के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक है। उपरोक्त खिचड़ी मेले को लेकर जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं को सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल में धार्मिक अनुभव प्रदान करने का भरोसा दिया है।

## फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

जनपद के भारत नेपाल बार्डर से सटे ठूठीबारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सको की तैनाती न होने वजह से फार्मासिस्ट के सहारे अस्पताल चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर इलाज न मिलने से मरीजों को काफी समस्या हो रही है। वे विवश होकर फार्मासिस्ट से दवा लेकर जा रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के लापरवाही से अस्पताल चिकित्सक विहीन और इमरजेंसी सेवा भी उपलब्ध नहीं है।

मिलीं जानकारी के अनुसार आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षेत्रीय भाजपा विधायक प्रेम सागर पटेल के सार्थक प्रयास से शासन ने करोड़ों रुपये की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल का निर्माण ग्रामपंचायत ठूठीबारी के टोला धरमौली में कराया। इससे क्षेत्र के लोगों को उम्मीद जगी कि अब स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिलेगा, लेकिन इनदिनो स्वास्थ्य विभाग के



लापरवाही से चिकित्सको और अन्य जरूरी सुविधाओं के अभाव के चलते सरकारी अस्पताल वीरान पड़ा है। लोगों के लिए सीएचसी महज नाम मात्र का दिखावा बनकर रह गई है। साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष जय शंकर सिंह,भवन प्रसाद गुप्ता, अजय जयसवाल, ग्रामप्रधान अजीत कुमार ने बताया कि सीएचसी पर परमानेंट चिकित्सकों की तैनाती न होने की वजह से यहाँ आने वाले सैकड़ों मरीजों का इलाज फॉर्मासिस्ट के भरोसे संचालित हो रहा है। मरीज विवश होकर सर्दी, जुकाम, बुखार, पेट दर्द, गैस, उलटी, सुगर, बीपी जैसी बीमारियों की दवा फॉर्मासिस्ट से लेकर जा रहे हैं। यहां तक किसी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल पर कोई भी डॉक्टर नहीं है। वही फार्मासिस्ट सतीश शंकर वर्मा ने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन करीब 70 से 80 मरीज ओपीडी के लिए पहुंचते हैं, जिनका स्वास्थ्य चेकअप कर निःशुल्क दवा दी जा रही है।

चिकित्सक विहीन सीएचसी, झोला छाप डॉक्टरों की चांदी-

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरमौली में तैनात फार्मासिस्ट सतीश शंकर सिंह ने बताया की मरीजों के इलाज के लिए डॉ0 संदीप कसौधन व डॉ0 ओमप्रकाश तैनात थे। लेकिन बीते 19 दिसम्बर को डॉ0 ओमप्रकाश रिजाइन दे दिए, जबकि सविंदा पर कार्यरत डॉ0 संदीप कसौधन ट्रेनिंग पर है। लेकिन हैरानी बात यह है कि विगत कई दिनों से अबतक सीएचसी पर स्थाई रूप से चिकित्सक की तैनाती नहीं हो सकी है। ऐसे में सरकारी अस्पताल चिकित्सक विहीन और अन्य सुविधाओं के अभाव में मरीज आसपास के झोला छाप डाक्टर या प्राइवेट नर्सिंग होम की तरफ इलाज कराने के लिए मजबूर हो गए हैं।

## बाबासाहेब की दूरदर्शिता ने आधुनिक भारत की आर्थिक नींव को दिया था आकार- राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम

जन एक्सप्रेस। सलेमपुर देवरिया

संविधान गौरव कार्यशाला का आयोजन मण्डल अध्यक्ष पुनीत यादव कि अध्यक्षता मे किया गया।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने बाबा साहब
भीमराव अम्बेडकर,दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि भाजपा संगठन ने संविधान गौरव अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान का उद्देश्य जनता को बाबा साहब के संघर्ष, संविधान निर्माण में उनके योगदान और कांग्रेस के द्वारा उनके साथ किए गए छल के बारे में जागरूक करना है।

उन्होंने कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की दूरदर्शिता ने आधुनिक भारत की आर्थिक नींव को आकार दिया था।



भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एक दूरदशी नेता, समाज सुधारक और विद्वान थे। जिनके योगदान ने आधुनिक भारत को आकार दिया।

कार्यक्रम संयोजक शेषनाथ भाई ने कहा कि यह संविधान गौरव अभियान 11 जनवरी से 25 जनवरी तक चलेगा। इसके माध्यम से भाजपा देश के आम नागरिकों को संविधान की महत्ता और डॉ. अंबेडकर के योगदान से अवगत कराएगी।

जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल ने कहा कि संविधान हर भारतीय की समानता और अधिकारों का प्रतीक है, और इसे लेकर जागरूकता फैलाना हम सबकी जिम्मेदारी है।इस कार्यशाला के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों से संविधान और बाबा साहब के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक पाण्डेय ने कहा कि भाजपा का यह कदम डॉ. अंबेडकर की विचारधारा और उनके द्वारा बनाए गए संविधान को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरेश सिंह बबलू ने कहा कि देश का संविधान पूरी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंचकर भाजपा की नीतियां एवं सरकार की योजनाओं बताएंगे।

मण्डल अध्यक्ष पुनीत यादव ने सभी कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पुरे मनोयोग से कार्यक्रम को सफल बनावे।

कार्यक्रम को बृजेश उपाध्याय, कन्हैया लाल जायसवाल,ओमप्रकाश यादव,बचनदेव गोंड,अमरदत्त यादव,अशोक तिवारी,धनंजय चतुर्वेदी,अखिलेश कुमार ने भी सम्बोधित किया।

उक्त अवसर पर अमरनाथ सिंह,आशुतोष तिवारी,प्रदीप गोंड,अजय दूबे वत्स,अनूप उपाध्याय,अवधेश यादव,विनोद ठठेरा,प्रकाश पाण्डेय,दीपक श्रीवास्तव, अनिल ठाकुर, विनय पाण्डेय,उमाकांत मिश्र,रमाकांत मिश्र,कमलेश यादव,नागेंद्र गुप्ता,लल्लन सिंह आदि मौजूद रहे।

## जनांदोलन बना सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान, निजी क्षेत्र के चिकित्सक भी आगे आए

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर




जिले में चल रहा सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान जनांदोलन बनने लगा है। सरकारी क्षेत्र के साथ अब इस अभियान का हिस्सा निजी क्षेत्र भी बनेगा। शुक्रवार की देर रात तक निजी क्षेत्र के चिकित्सकों के साथ इस अभियान के बारे में चर्चा की गई। मौका था टीबी नोटिफिकेशन और मैनेजमेंट संबंधित सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का, जिसे डॉक्टर्स फॉर यू संस्था के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग ने आयोजित किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने निजी क्षेत्र से अपील की कि वह अधिकाधिक टीबी मरीजों को खोजने में मददगार बनें। इस बीच, जिले के मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना ने भी एक वीडियो संदेश के माध्यम से उच्च जोखिम समूह के लोगों से टीबी जांच की अपील की है। सौ दिन के अभियान में इस समूह के 9.50 लाख लोगों की टीबी जांच होनी है।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा है कि टीबी एक ऐसी बीमारी है जो समय से इलाज न करवाने पर फैलती है। दो सप्ताह से अधिक की खांसी, पसीने के साथ बुखार, तेजी से वजन गिरना आदि टीबी के लक्षण हैं। साठ वर्ष से अधिक के लोग, मधुमेह रोगी, शराब पीने व धुम्रपान करने वाले लोग, एचआईवी मरीज और अन्य सहरूग्णता वाले लोग टीबी के मरीज भी हो सकते हैं। ऐसे लोगों की नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में टीबी जांच आवश्यक है। जांच के बाद टीबी निकले तो डरने की आवश्यकता नहीं है, इस बीमारी का पूरा इलाज संभव है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कमार दूबे ने बताया कि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ गणेश यादव, जिला पंचायती राज अधिकारी नीलेश प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिनव कुमार मिश्र समेत कई सामाजिक लोगों ने भी वीडियो अपील के माध्यम से इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और पीडियाट्रिक एसोसिएशन के गोरखपुर चैप्टर की मदद से निजी क्षेत्र के कई दर्जन प्रतिष्ठित चिकित्सकों का संवेदीकरण किया गया है और उनकी तरफ से भी आश्वासन मिला है कि वह टीबी मरीज खोजने में मदद करेंगे।

इस अवसर पर उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ विराट स्वरूप श्रीवास्तव, डीपीसी धर्मवीर प्रताप सिंह, पीपीएम समन्वयक अभय नारायण मिश्र, मिर्जा आफताब बेग, मयंक, अभयनंदन, डॉक्टर्स फॉर यू के राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय प्रतिनिधिगण भी मौजूद रहे। पाथ संस्था की प्रतिनिधि डॉ सुचेता ने इस मौके पर आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के बारे में चिकित्सकों को जानकारी दी।

सीएमओ ने निजी क्षेत्र के चिकित्सकों से निक्षय मित्र बन टीबी मरीजों को गोद लेने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के चिकित्सक अपने यहां उच्च जोखिम समूह के अधिकाधिक लोगों की एक्स रे जांच कराएं। अगर टीबी का लक्षण है तो सीबीनॉट जांच के लिए जिला क्षय रोग केंद्र भेजें। निजी क्षेत्र के चिकित्सक मरीज से परामर्श शुल्क ले सकते हैं और साथ में अपने मरीजों को भी सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाएं दिलवा सकते हैं। ऐसे मरीजों को भी निक्षय पोषण योजना के तहत 1000 रुपये प्रति माह की दर से इलाज चलने तक पोषण सहायता राशि दी जाती है। नोटिफिकेशन करने वाले चिकित्सक को 500 रुपये नया मरीज नोटिफाई करने पर, जबकि 500 रुपये मरीज के ठीक हो जाने पर दिये जाते हैं।

## पीएच इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती

जन एक्सप्रेस। गोला गोरखपुर

गोला तहसील क्षेत्र के विकास खंड उरुवा के कुशलदेईया गांव में स्थित पीएच इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल पर स्वामी विवेकानंद जी की याद में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रबंधक मनोज कुमार उमर वैश्य और उप प्रबंधक संगीता गुप्ता ने स्वामी जी की चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर मनाई जयंती और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इमो के पर बच्चों ने भाषण वाद विवाद प्रतियोगिता नृत्य संगीत कला निबंध लेखन आदि कार्यक्रमों में प्रतिभा किया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक श्री उमर वैश्य ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे और इसीलिए उनकी जयंती देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने युवाओं का



आह्वान करते हुए कहा की विवेकानंद जी के उस बात को याद करो जिसमें उन्होंने कहा की उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक तुम अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते। संचालन अमित राज ने किया। प्रधानाचार्य विनय त्रिपाठी ने विवेकानंद जी के जीवन के कई पहलुओं पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शो को अपने जीवन में उतारने के लिए बच्चो को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में आकाश कुमार कक्षा 10 ने विवेकानंद जी के गेट अप पहनकर नाट्य मंचन कर सबका मन मोह लिया। और उनके जीवन मूल्यों को याद किया। कार्यक्रम के अत में प्रबंधक श्री उमर वैश्य ने सर्टिफिकेट देकर बच्चो का मनोबल बढ़ाया।इस अवसर पर अंकित किशन हरि मोहन काजल अंजू पूजा अनामिका पूजा सहित शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## नेपाली शराब के साथ युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध तस्करी का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से तस्करी कर भारतीय सीमा क्षेत्र में लाई जा रही नेपाली शराब खेप के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया गया की क्षेत्र के गंडक नदी के समीप पुलिस ने चेकिंग पर थी, इसी बीच एक संदिग्ध युवक के कब्जे से नेपाल निर्मित से 20 शीशी अवैध शराब की खेप बरामद हुआ है। पकड़े गये युवक की पहचान ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेलवा निवासी प्रमोद गुप्ता के रुप में हुआ। कोतवाली प्रभारी योगेन्द्र कुमार ने बताया की पकड़े गये आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर चालान कर दिया गया।

## मिनी गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी मेले की तैयारियां जोरों पर

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

ठूठीबारी से सटे पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के गोपालपुर स्थित मिनी गुरू गोरखनाथ मन्दिर में आगामी मकरसंक्रान्ति पर्व को लेकर तैयारियां जोरो पर चल रही हैं। मन्दिर व्यवस्थापक रामसूरत वर्मा ने बताया कि खिचड़ी पर्व पर इस मन्दिर मे भारतीय क्षेत्र सहित नेपाल के भारी संख्या में श्रद्वालु हर वर्ष यहां दर्शन और खिचड़ी चढ़ाने के लिए आते हैं। मन्दिर परिसर आसपास मनोरंजन के लिए झूला, सर्कस, चरखी व दंगल का आयोजन किया गया है। मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए महेशपुर, पिपरहवा व बेलासपुर प्रहरी कार्यालय व सशस्त्र सीमा बल के जवानों की तैनाती की मांग की गई हैं।

## विश्व हिंदी दिवस पर डाक्टर भीमराव अम्बेडकर को किया याद

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** ठूठीबारी उपनगर स्थित डीह राजा स्थान पर हिंदी दिवस के अवसर पर डाक्टर भीमराव अम्बेडकर को याद करते हुए उनके बताए गये सतमार्ग पर चलने की अपील किया। स्वामी विवेकानन्द इंटरमीडिएट कालेज के संस्थापक शिक्षक नंद प्रसाद चौधरी ने कहा की हिंदी हमारी मातृभाषा भाषा है। विश्व हिंदी दिवस, जिसे अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस के रूप में भी प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिन हिन्दी भाषा की बढ़ती वैश्विक पहुंच और पहचान को सम्मानित करने के लिए समर्पित है। भारतीय संविधान के रचयिता डाक्टर भीमराव अंबेडकर को भी लोगों ने याद किया इस दौरान विनोद मद्धेशिया, ऋषिकेश चौधरी, सचिंद्र सिंह, शैलेश गुप्ता, सीताराम रौनियर, दयाशंकर चौधरी, अदालत बांसफोर, शारदा चौधरी आदि मौजूद रहें।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सुरौली में सुनी गयी समस्याएं

जन एक्सप्रेस। देवरिया

पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम की शुरुआत की जा रही हैं। शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर जनता की समस्याओं को सुना एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का



निस्तारण भी कराया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने, एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत समस्त थानों पर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने हल्का/ग्राम/बीट की डेस्क लगाकर जनसमस्याओं को सुना गया और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी कराया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा थाना सुरौली में जनसमस्याओं को सुना गया जिसके क्रम में थाना सुरौली पर कुल 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 04 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया शेष प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये। । इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के संबन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 140 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 52 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

## पीएच इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती

**गोला गोरखपुर।** गोला तहसील क्षेत्र के विकास खंड उरुवा के कुशलदेईया गांव में स्थित पीएच इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल पर स्वामी विवेकानंद जी की याद में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रबंधक मनोज कुमार उमर वैश्य और उप प्रबंधक संगीता गुप्ता ने स्वामी जी की चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर मनाई जयंती और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इमो के पर बच्चों ने भाषण वाद विवाद प्रतियोगिता नृत्य संगीत कला निबंध लेखन आदि कार्यक्रमों में प्रतिभा किया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक श्री उमर वैश्य ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे और इसीलिए उनकी जयंती देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा की विवेकानंद जी के उस बात को याद करो।

# पालिका भवन के लिए 17 करोड़ 2 लाख कार्ययोजना पर 5 करोड़ 15 लाख स्वीकृत

### 3 करोड 95 लाख में पालिका भवन, 1 करोड़ 20 लाख अटल थीम पार्क का होगा निर्माण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर को 154 वर्ष बाद अपना नया भवन मिलेगा। जिसको लेकर पालिका प्रशासन ने तैयारियां शुरु कर दी है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि अध्यक्ष डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के अथक प्रयास से आदर्श नगर पालिका परिषद को नाम के अनुरूप वादे एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कथनानुसार धीरू अपने सेहत के अनुसार नगर पालिका के सेहत को बनायेंगे। उन्होंने बताया कि 3 करोड 95 लाख में पालिका का नया भवन आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित होकर बनाया जायेगा। उसी क्रम में बलरामपुर के चौमुखी विकास की ओर अग्रसर करते हुए ऐतिहासिक बजट का आवंटन किया जा रहा है। 1871 में स्थापित बलरामपुर नगर पालिका परिषद 154 वर्ष में पहली बार नगर पालिका के भवन के लिए बजट के आवंटन में जहां चेयरमैन डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के कार्ययोजना एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व नगर विकास मंत्री ए.के.शर्मा की बलरामपुर के प्रति लगाव को लेकर विकास को नया आयाम दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिसर में पहली बार ईंट का फर्स हटाकर टाईल्स लगवाकर कायाकल्प कराया गया है। उसी तरह नगर का भी कायाकल्प कराये जाने की ओर गतिमान है। अम्बेडकर पार्क के कायाकल्प के बाद तुलसीपार्क हेतु 1 करोड़ 20 बीस लाख अटल थीम पार्क हेतु स्वीकृत हुआ है। इसी तरह सभी पार्कों व चौराहों का भी कायाकल्प का प्रस्ताव भेजा गया है। जिससे नगर को स्वच्छ सुंदर बनाया जा सके।

### अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक महासभा का गठन

जन एक्सप्रेस/बलरामपुर। जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित भगवती आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज में शनिवार को अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक महासभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। संजय तिवारी को संगठन का अध्यक्ष व शकील अहमद को महामंत्री मनोनीत किया गया। जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को भगवती आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में मंडलीय अध्यक्ष विश्व गौरव पांडेय की अध्यक्षता में जन?पद के अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधको की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्व सम्मति से संजय तिवारी को जिला अध्यक्ष व शकील अहमद को जिला महामंत्री निर्वाचित घोषित किया गया। संगठन में सलिल सिंह टीटू, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह कलहंस, अनवर महमूद, चतुर्भुज तिवारी, मातादीन तिवारी संरक्षक बनाये गये। गया दीप सिंह व राजेश कुमार सिंह गब्बू को उपाध्यक्ष, पत्र, डॉ इन्द्र मोहन पांडेय व विमला तिवारी को मंत्री, सुनीता को कोषाध्यक्ष तथा अतुल कुमार, नित्यानंद, कौशल कुमार व अनवारुल हक सिद्दीकी सदस्य कार्यकारिणी के पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित किए गए। जनपद के सभी अशासकीय वित्त पोषित व वित्त विहीन विद्यालयों के प्रबंधकों को में संगठन में जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान पूरे जिले में चलाने का निर्णय लिया गया।

# उत्तर प्रदेश मान्यताप्राप्त पत्रकार समिति की फिरोजाबाद जिला इकाई का गठन संपन्न



जन एक्सप्रेस । फिरोजाबाद

उत्तर प्रदेश मान्यताप्राप्त पत्रकार समिति की फिरोजाबाद जिला इकाई का गठन संपन्न हुआ सर्वसम्मति से उमाकांत पचौरी को जिलाध्यक्ष तथा कौशल राठेर को सचिव मनोनीत किया गया। होटल गर्ग में जिले के मान्यता? प्राप्त पत्रकारों की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के जिला ईकाई के गठन पर विचार विमर्श किया। प्रदेश समिति के निर्देश पर पर्यवेक्षक ?के रुप मे प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य सुनील वशिष्ट मौजूद रहे।
जिला इकाई हेतु वरिष्ठ पत्रकारों का एक संरक्षक मंडल गठित किया गया जिसमें छितरिया शर्मा बनारसी लाल भोला द्विजेंद्र मोहन शर्मा राकेश शर्मा चुन्नू सुनील वशिष्ठ को संरक्षक बनाया गया है।
बैठक में सर्व सम्मति से जिला इकाई का उमाकांत पचौरी? को अध्यक्ष संजय त्रिपाठी व हेमंत उपाध्याय (टूंडला) को उपाध्यक्ष कौशल राठौर को सचिव विकास पालीवाल (शिकोहाबाद) को कोषाध्यक्ष रामवीर सिंह को संगठन सचिव नामित किया गया है।
नव मनोनीत अध्यक्ष उमाकांत पचौरी ने बताया कि उक्त संगठन मान्यता प्राप्त पत्रकारों की समस्याओं को जनपद एवं प्रदेश स्तर पर उठाएगा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मान्यता प्राप्त पत्रकारों को दिलाया जाएगा और कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
मनोज त्रिपाठी श्री कृष्ण चितौड़ी पंकज कुमार श्रीमती मिथिलेश शर्मा श्रीमती मनीषा शर्मा शिवेंद्र मोहन शर्मा आदि मान्यता प्राप्त पत्रकारों को कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे नामित किया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय शिकारी को एसएसबी व वन विभाग की टीम ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल 9वीं वाहिनी के भगवानपुर सीमा चौकी तथा वन विभागकी संयुक्त टीम ने जंगली जानवरों का शिकार करने वाले अंतर्राष्ट्रीय शिकारी को भरुई बंदूक़, बारूद तथा शिकार के औजारों के साथ गिरफ्तार किया है। सशस्त्र सीमा बल 9वीं वाहिनी मुख्यालय से 11 जनवरी को मिली जानकारी के अनुसार एसएसबी 9वीं वाहिनी के कमांडेंट मनोरंजन कुमार पांडेय के दिशा निर्देशन में सशस्त्र सीमा बल एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने दिनांक 10 जनवरी 2025 को सूचना प्राप्त हुआ कि नेपाल से आए हुए कुछ शिकारी सीमा चौकी भगवानपुर के कार्य क्षेत्र संरक्षित वन में शिकार करने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलने के उपरांत तलाशी अभियान चलाया गया। कई घंटे तलाशी अभियान चलाने के उपरांत एक शिकारी भरूई बंदूक, बारूद व अन्य शिकार में उपयोग किए जाने वाला सामग्री के साथ गिरफ्तार किया किया गया। शिकारी का नाम राजेश (26) पुत्र राम भरोसे निवासी जबा बैराठ पुलिस स्टेशन पिपरी जिला कपिलवस्तु नेपाल का बताया गया। कार्रवाई को करने वाली सशस्त्र सीमा बल की टीम में सहायक उप निरीक्षक मदनलाल, मुख्य आरक्षी सामान्य संजय कुमार दास, आरक्षी सामान्य राजेश कुमार, आरक्षी सामान्य मुकेश शाह, आरक्षी सामान्य पार्थ, आरक्षी सामान्य किशोर कुमार एवं वन विभाग के फॉरेस्ट गार्ड शैलेश कुमार पाठक व वन दरोगा सूर्य नारायण सिंह शामिल थे।

# कोटेदार के चुनाव में ग्रामीणों ने लगाया धांधली का आरोप

- कलेक्ट्रेट पहुंच कर किया प्रदर्शन जिलाधिकारी से दोबारा चुनाव कराने की रखीं मांग

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



जनपद के आलापुर तहसील अंतर्गत सरफुद्दीनपुर ग्राम पंचायत में 10 जनवरी को हुए कोटेदार के चुनाव में ग्रामीणों ने धांधली के आरोप को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रदर्शन किया
ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उनके ग्राम पंचायत में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के चुनाव में रविन्द्र नाथ एवं प्रवेश कुमार यादव दो उम्मीदवार थे गांव के अधिकांश लोग रविन्द्र नाथ की तरफ थे व प्रवेश यादव के तरफ बहुत कम लोग थे, लेकिन चुनाव कराने आये अधिकारी ज्यादातर यादव विरादरी के थे, इसलिए रवीन्द्रनाथ मौर्य की तरण गणना सही ढंग से न करके प्रवेश यादव को जातिवाद का पक्ष लेते हुए 20 मत से विजई घोषित कर दिए गलत तरीके से अधूरी गणना किए जाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया
*शिवेंद्र कुमार मौर्य के साथ जिला मुख्यालय पर आए सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी से 10 जनवरी को हुए कोटे के चुनाव को निरस्त किए जाने व निष्पक्ष तरीके से दोबारा चुनाव कराए जाने की मांग की है, और जातिवाद का आरोप लगाते हुए लालमुनि सुशीला प्रतिभा प्रमोद राजकिशोर शुभम सीमा विनोद विशाल सहित सैंकड़ों ग्रामीणों ने मांग किया कि जिला स्तरीय टीम गठित कर निष्पक्ष चुनाव कराया जाए।

# कार्यकर्ता बाबा साहेब के जीवन से लें प्रेरणा, संविधान को अवश्य पढ़ें – संदीप

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में भारतीय जनता पार्टी के मंडल गुमड़ी में शनिवार को बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर को समर्पित संविधान गौरव अभियान के तहत मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी के मंडल कार्यशाला को भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य संदीप उपाध्याय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा संविधान गौरव अभियान मनाने का निर्णय सराहनीय है। यह अभियान 25 जनवरी तक चलेगा, 25 जनवरी को सभी बूथों पर संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा जायेगा। श्री उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के विचारों का सम्मान कभी नहीं किया। उन्हें हमेशा हाशिये पर रखने का कार्य किया। बाबा साहेब के राष्ट्रवादी विचारों को कांग्रेस ने कभी स्वीकार नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहेब के विचारों का सम्मान करते हुए उनकी नीतियों पर चल कर समाज के शोषितों और वंचितों के लिए कार्य कर रही है। हम सभी को कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा फैलाये जा रहे भ्रम को उखाड़ फेकना है। मेरा संविधान- मेरा गौरव, मेरा संविधान- मेरा स्वाभिमान के भाव के साथ हम सभी कार्यकर्ताओं को लोगों के बीच जाना है। इस अवसर पर जिला मंत्री सूरज सोनकर, मंडल अध्यक्ष राम निवास वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय पाल सिंह, मंडल महामंत्री राजेश भारती, मुनीश्वर गौतम, धर्मपाल मौर्य व दिनेश वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# दामाद ने सास की चाकू से गोदकर की निर्मम हत्या, आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर

जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सिकन्दर पुर बाजार में शुक्रवार की रात दामाद ने सास को चाकुओं से गोंद कर निर्मम हत्या कर दिया मृतका की पुत्री की तहरीर पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया सिकन्दरपुर के शालिनी की शादी आशा पुर दर्शन नगर कोतवाली अयोध्या के साथ वर्ष 2021 में हुई थी। करीब 1 साल बाद दोनों में अनबन हो गई। शालिनी के परिजनों ने न्यायालय में एक परिवाद दायर किया है। मुकदमे से परेशान होकर गत शुक्रवार की रात राकेश तिवारी सिकंदरपुर स्थित अपनी ससुराल पहुंचा। यहां पत्नी शालिनी के साथ न्यायालय में दर्ज मुकदमे को लेकर कहा सुनी हो गई। विवाद बढ़ गया। आवेश में आकर दामाद ने अपनी सास निर्मला देवी के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। गर्दन और पेट में कई वार से निर्मला खून से लथपथ होकर तड़पने लगी। दामाद ने पत्नी को भी मारने के लिए दौड़ाया लेकिन हल्ला गुहार पर जुटे आसपास के लोगों ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो वह भाग गया। आनन-फानन में स्वजनों ने घायल निर्मला देवी को अस्पताल पहुंचाया जहां देखते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। रात में सीओ सिटी देवेंद्र मौर्य, व प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद बाजार में दहशत का माहौल है। घटनास्थल से 500 मीटर की दूरी थाना है। इसके बाद भी हत्या हो जाना चर्चा का विषय बना है। मृतका निर्मला देवी के पति की मौत पूर्व में हो चुकी है। दो पुत्र सुशील कुमार व गंगाधर बाहर रहते हैं। विधवा सास पुत्री के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा के बगल बाजार में रहती थी। वह श्री बालाजी स्वयं सहायता समूह हरियाली प्रेरणा की अध्यक्ष थी। पुलिस ने आरोपी राकेश तिवारी को मुरादपुर मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


## उत्तर रेलवे

### ई ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PnU-LKO-PFM-WRL-103-24-1 (Management and operation of Pay and Use Lounges/Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-PRG-OH-544-24-1 (Advertising Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | MSS-LKO-LKO-SS-78-24-1 (Contract for installation, Operation Misc-Static-Services-Salon Services) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-PFM-OSN-545-25-1 (Advertising on Station Premise (Non-Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: Va-VI/OOH/Publicity/24/KKG Dt. 10.01.2025 130/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# नगर कोतवाली में डीएम और एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

माह के दूसरे शनिवार पर जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में थाना कोतवाली नगर में थाना समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया।
उन्होंने भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया।
उन्होंने पैमाईश के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर किसी भी प्रकार से अवैध कब्जा न हो, यह लेखपाल एवं राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सिटी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# तुलसीपुर पुलिस ने किया विद्युत तार चोरी का खुलासा, 2 गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर पुलिस ने बिजली के तारों की चोरी करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से 01 अवैध तमन्चा व कारतूस बरामद किया है।
जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा तार चोरी की घटना के शीघ्र अनावरण हेतु दिये गये सख्त दिशा निर्देश क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर बृज नन्दन राय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में थाना तुलसीपुर पुलिस टीम द्वारा थाना तुलसीपुर पर पंजीकृत मुकदमा से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त संत बक्श उर्फ शुभम पुत्र बृज कुमार निवासी नरसड़ा थाना उमरी बेगमगंज जनपद गोण्डा तथा प्रदीप यादव पुत्र अनन्त राम यादव नि0 नरसड़ा थाना उमरी बेगमगंज जनपद गोण्डा को मुखबिर खास की सूचना पर इटवा चौराहा के आगे सिरिया नाला के पास से गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से अवैध 01 तमन्चा व 01 कारतूस 315 बोर को बरामद कर घटना का सफल अनावरण किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना से संबन्धित चोरी हुये तार की पूर्व में ही बरामदगी की जा चुकी है। अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेज दिया गया है। अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोगों की गैंग द्वारा उक्त तार की चोरी घटना को कारित किया गया था तार को पिकअप से ले जाते समय, पिकअप रास्ते में पलट गयी थी जिसमें मेरे एक साथी की मृत्यु हो गई थी। हम लोग वहां से भाग गये थे, आज हम लोग अन्य जगह चोरी की घटना कारित करने के लिए एकत्रित होकर रणनीति बना रहे थे कि पुलिस ने हम लोगों को पकड़ लिया। गिरफ्तारी कर्ता टीम में उ0नि0 श्रवण चन्द, उ0नि0 जमील खां, हे0का0 प्रदीप शर्मा, का0 अखिलेश कुमार तथा का0 मनीष कुमार शामिल थे।

# संभागीय प्रतिभा खोज परीक्षा में प्रियांश प्रसून ने किया जिले का नाम रोशन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के छात्र प्रियांश प्रसून मिश्रा ने संभागीय प्रतिभा खोज परीक्षा में तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय के साथ पूरे जिले का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के छात्र प्रियांश प्रसून मिश्रा ने संभागीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2025 में तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय और परिवार का गौरव बढ़ाया है। पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज के प्रतिभाशाली छात्र प्रियांश प्रसून ने संभागीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2025 के वरिष्ठ वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के लिए उन्हें संभागीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2025 द्वारा 16,000 हजार रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इस सफलता पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी ने प्रियांश प्रसून मिश्रा, उनके पिता रवि कृष्ण मिश्रा और उनकी माता स्वर्णा मिश्रा को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि ''यह विद्यालय और परिवार दोनों के लिए गर्व का क्षण है। प्रियांश प्रसून मिश्रा ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण से यह सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि में उनके माता-पिता का विशेष योगदान है, जिन्होंने हर कदम उप उनका समर्थन किया और प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि रवि कृष्ण मिश्रा और स्वर्णा मिश्रा विद्यालय के लिए भी अत्यंत सहायक रहे है। उनकी सकारात्मक फीडबैक और सहयोग ने विद्यालय को लगातार सुधार और विकास के





लिए प्रेरित किया है। डॉ तिवारी ने कहा कि प्रियांश प्रसून जो बचपन से ही पायनियर पब्लिक स्कूल के छात्र रहे है, विद्यालय के सबसे मेधावी छात्रों में से एक है। उनकी यह सफलता न केवल उनके कठिन परिश्रम का परिणाम है, बल्कि उनके परिवार और विद्यालय के संयुक्त प्रयास का भी प्रमाण है। प्रबंध निदेशक ने कहा कि ''हमारा विद्यालय न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता में विश्वास रखता है, बल्कि यह भी मानना है कि बच्चों की सफलता में माता-पिता की सक्रिय भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। रवि कृष्ण मिश्रा और स्वर्णा मिश्रा जैसे जागरूक और सहायक अभिभावक विद्यालय और छात्रों की सफलता के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने संभागीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2025 को धन्यवाद दिया, जो हर वर्ष इस तरह की परीक्षाओं का आयोजन करता है। इन परिक्षाओं से न केवल छात्रों की प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ावा मिलता है।अंत में विद्यालय के प्रबंध निदेशक ने बताया कि सही सलाह और दिशा-निर्देशन किसी भी लक्ष्य को हासिल करने की कुंजी है। प्रियांश प्रसून मिश्रा की यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से हर शिखर पर पहुंचा जा सकता है। पॉयनियर पब्लिक स्कूल एंड कालेज बलरामपुर ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि यह शिक्षा और समर्पण का केंन्द्र है। साथ ही इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक, विद्यालय के उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने प्रियांश प्रसून मिश्रा, रवि कृष्ण मिश्रा और स्वर्णा को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई व शुभ कामनायें दी हैं।

# पिपरिया मझरा गौशाला में नहीं है सर्दी से बचाव के इंतजाम, ठिठुर रहे बेजुबान

- गौशाला में तीस पशुओं को संरक्षित करने की क्षमता चालीस मौजूद

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



गांव में घूम रहे निराश्रित गोवंशीय पशुओं को संरक्षित करने के लिए ग्राम पंचायत में बनाई गई गौशालाओं में अव्यवस्थाएं हावी है। गौशाला में मौजूद पशुओं के भरण पोषण में जमकर मनमानी की जा रही है। पशुओं को सर्दी से बचाव के लिए भी कोई इंतजाम नहीं किए गए। शीतलहर में पशु ठिठुर रहे हैं। लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी पशु सूखा भूसा खाने को मजबूर है। अफसर पशुओं के भरण पोषण के नाम पर भारी भरकम बजट ठिकाने लगाने में जुटे हुए।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता में शामिल बेसहारा गोवंशीय पशु संरक्षण को जिम्मेदार अधिकारी पलीता लगाने में जुटे हुए हैं। गोवंशीय पशुओं के चारे से लेकर दवाइयों तक में जमकर मनमानी की जा रही है। शासन के निर्देश के बाद भी गौशालाओं में व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हो पा रही हैं।बेसहारा गोवंशीय पशुओं को पड़कर संरक्षित करने के लिए घुंघचाई क्षेत्र के गांव पिपरिया मझरा में स्थित दो एकड़ भूमि पर लाखों रुपए की लागत से गौशाला का निर्माण कार्य कराया गया। ग्राम पंचायत की गौशाला में 30 पशुओं को संरक्षित करने की क्षमता है। गौशाला में अव्यवस्थाएं हावी है। गौशाला में 40 बेसहारा गोवंशीय पशुओं को संरक्षित किया है। 39 पशुओं का ईयर टैग लगा हुआ है, जबकि एक पशु बगैर ईयर टैग के मौजूद हैं। जिम्मेदारों की ओर से पशुओं को सर्दी से बचाव के लिए कोई भी समुचित इंतजाम नहीं किए हैं। सर्दी से बचाव के लिए पशुओं पर जूट बैग नहीं डाले गए हैं। जिससे वह ठंड से ठिठुर रहे हैं। टीन सेट के चारों तरफ डबल लेयर के बाजाए सिंगल लेयर तिरपाल लगाया है। जिससे पशुओं को ठंड से निजात नहीं मिल पा रही है। गोवंशीय पशुओं के बेहतर भरण पोषण के लिए चोकर, गुड, हरा चारा, भूसा, नमक का प्रबंध किया जाना है। गौशाला परिसर में पशुओं के लिए हरा चारा तैयार किया गया है, लेकिन पशुओं को सूखा भूसा खिलाया जा रहा है। गौशाला में मौजूद केयर टेकर ने जानकारी दी की रात्रि में ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था भी नहीं की गई है। पशुओं को चोकर देने के बजाए खाना पूर्ति की जा रही है।बीते एक माह से ठंड में पशुओं को गुड़ और नमक भी नहीं दिया जा रहा है।गौशाला में 40 पशुओं की देखरेख के लिए दो केयर टेकर लगाए गए हैं। पशुओं को पिलाने के लिए भरा गया पानी भी बेहद गंदा था। बीते एक सप्ताह पूर्व बीमारी की वजह से एक गोवंशीय पशु की मृत्यु हो गई थी। क्षमता से अधिक पशु संरक्षित होने के कारण उनका बेहतर ढंग से भरण पोषण नहीं हो पा रहा है।इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी कोई भी ध्यान देने को तैयार नहीं है।

### निरीक्षण में डिप्टी सीवीओ को नहीं जलते मिले अलाव

बरेली के अनंतपुर गौशाला में 24 पशुओं के भरण पोषण के नाम पर लाखों रुपए घोटाला करने वाले जिम्मेदारों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जिसके बाद मंडलायुक्त ने चारों जिलों में संचालित गौशालाओं का सत्यापन कराया। 9 जनवरी को प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी आशीष शर्मा ने पिपरिया मझरा गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था नहीं मिली। संरक्षित पशुओं पर जूट बैग नहीं डाले गए थे। केयरटेकर के लिए बनाए गए कमरे में विडों नहीं लगा हुआ था। गोबर के निस्तारण की भी कोई व्यवस्था नहीं मिली। डिप्टी सीवीओ ने गौशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे।

> गौशाला में 32 पशुओं को संरक्षित करने की क्षमता है। पशुओं पर जूट बैग न डालें जाने, हारा चारा न दिए जाने और अलाव की व्यवस्था न होने की जानकारी नहीं है। गौशाला में अगर अव्यवस्थाएं व्याप्त है तो शीघ्र दुरुस्त कराई जाएगी।
>
> **शिरीष कुमार, खंड विकास अधिकारी पूरनपुर।**

# ग्राम सुरक्षा समितियां निष्क्रिय, समाप्त हो गया पुलिस के मुखबिरों का जाल

- सूचना तंत्र निष्क्रिय होने से गांव में छुट पुट विवाद ले रहे हत्या का रुप
- सर्किल के किसी भी थाना पर नहीं हो रही ग्राम सुरक्षा समितियों की बैठक

**जन एक्सप्रेस । प्रशान्त शर्मा**

**पूरनपुर।** पुलिस महकमें ने अपराधियों पर निगरानी और घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ग्राम सुरक्षा समितियों का गठन किया था।इन समितियों की हर महीने थाने पर बैठक होना अनिवार्य थी। इसके पीछे महकमे में की मंशा थी कि इससे पुलिस और जनता के बीच दूरियां कम होगी। साथ ही गांव में होने वाली हर गतिविधियों पर पुलिस की नजर रहेगी। यह कवायद कई बार शुरू हुई, लेकिन जिला स्तरीय अफसर और थानेदारों की लापरवाही के कारण धरातल पर लागू नहीं हो सकी। नतीजतन जिले में गठित ग्राम सुरक्षा समितियां पूरी तरह से निष्क्रिय हो गई है। परिणामस्वरूप अपराध का ग्राफ भी तेजी से बढ़ रहा है। बीते छह माह हुई हत्यों का कारण छुट-पुट विवाद रहे हैं।
गांव से लेकर शहर तक पुलिस के मुखबिरों का जल होता था। इससे सभी छोटी बड़ी वारदातों की जानकारी पुलिस को मिलती थी। इतना ही नहीं गांव में आने वाले संदिग्ध लोग अपराधी आदि पर भी पुलिस की नजर रहती थी। इससे पुलिस का अपराधों पर काफी हद तक अंकुश लगा रहता था। पुलिस अपराधियों को आसानी से पकड़ लेती थी, लेकिन ज्यों-ज्यों पुलिस व्यवस्था हाईटेक होती गई। गांव और शहरों में फैले पुलिस के मुखबिरों का जाल भी समाप्त होता गया।मुखबिर तंत्र फेल होने के पीछे कई प्रमुख वजह रही है। उदाहरण स्वरूप कुछ पुलिसकर्मियों ने अपने आर्थिक लाभ के लिए मुखबिरों के नाम का कहीं खुलासा कर दिया, तो कहीं पुलिस ने मुखबिरों की मदद नहीं की। इससे लोगों का पुलिस से भरोसा उठ गया और उन्होंने पुलिस के लिए काम करना बंद कर दिया। इसका परिणाम यह आया कि अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ गया। पुलिस महकमे ने इसके लिए ग्राम सुरक्षा समितियों का गठन किया। बाकायदा थानों पर इसका एक रजिस्टर भी बनाया गया जो आज भी है।
सुरक्षा समितियों की कम से कम माह में एक बैठक भी तय की गई। यह कवायद एक बार नहीं कई बार आला अफसरों ने चालू कराई, लेकिन महीने दो महीने में इस पर अमल हुआ लेकिन बाद में वह पुराने ढर्रे पर लौट गई।

### गांव के सुलगते मसलों पर रहती थी नजर

ग्राम सुरक्षा समितियां छोटे-छोटे मामलों पर होने वाली रंजिश के बारे में जानकारी रखती थी ।इसकी सूचना पुलिस को देती थी। समय रहते पुलिस उन मसलों को सुलझा देती थी, या फिर काबू कर लेती थी। इससे बड़ी वारदात नहीं होने पाती थी। साथ ही गांव के संदिग्ध लोगों पर समिति के लोगों की नजर रहती थी। ग्राम सुरक्षा समितियों के समाप्त होने से जनता और पुलिस के बीच पारस्परिक संवाद कम हुआ। दूरियां बढी और पुलिस का सूचना तंत्र भी कमजोर हो गया ।नतीजा यह हुआ कि पुलिस को ना घटना की पूर्व संभावित सूचना और न ही घटना के तत्काल बाद आसानी से सूचना मिल पाती है।

### केस 1

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव उदरहा में 9 नवंबर 2024 को पूरनपुर भाजपा विधायक के तहेरे भाई फूलचंद की लाठी डंडों से पीट पीट कर हत्या कर दी गई थी। फूलचंद की हत्या के मामले में पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा था। एक माह से किशोरी को लेकर दोनों पक्षों में तनातनी थी।

### केस 2

29 दिसंबर को शाम छह बजे दबंगों ने परमाई लाल को लाठी डंडों से पीट कर अधमरा कर दिया था। उपचार के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में ग्रामीण की मृत्यु हो गई थी। स्वजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा कर हंगामा किया था ।दोनों पक्षों में लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद था।

> ग्राम सुरक्षा समितियों के बारे में पूरनपुर सर्किल के समस्त थानों से सूचना एकत्र कराई जा रही है। थाना स्तर पर समितियों की अंतिम बार बैठक की भी जानकारी की जा रही है ।शीघ्र ही इस विषय पर कार्य किया जाएगा।
>
> **प्रतीक दहिया, पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर।**

## एक्सप्रेस खबरें...

### तहसील परिसर में विधायक व उपजिलाधिकारी ने गरीबों को वितरित किये कम्बल

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर।** कड़ाके की ठंड पड़ने के बाद दो दिनों से धूम सुबह से ही निकलने लगी है तब प्रशासन ने गरीब जनता के लिए ठंड से बचाव करने हेतु कम्बल वितरित किये हैं। कड़ाके की ठंड पड़ने के बाद दो दिन से धूप निकल रही है। तब प्रशासन ने गरीब जनता की सुध ली। भाजपा विधायक विवेक वर्मा व उपजिलाधिकारी नागेन्द्र पाण्डेय ने लगभग 150 गरीबों को कम्बल वितरित किये। कम्बल वितरित होने की सूचना मिलते ही कई गरीब कम्बल लेने के लिए पहुंच गये। जब तक गरीब पहुंचे तब तक कम्बल वितरण बंद हो गया था और गरीब मायूश होकर अपने घर चले गये।

### नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगाया

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर।** रिश्तेदारी में आए मनचलों ने एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गए। आरोप है कि किशोरी के घर में रखे 50 हजार के जेवर व एक लाख रुपए की नकदी भी साथ ले गयी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी चचेरी बहन की शादी दिलावरपुर थाना घुंघचाई निवासी मुकेश पुत्र गोधन लाल के साथ हुई थी। आरोप है कि मुकेश, संजीव, रामकृष्ण पुत्रगण गोधन लाल निवासी दिलावरपुर थाना घुंघचाई व गोधन लाल, गोदावरी पत्नी गुड्डू, रेनू पत्नी करन निवासी सिकराना थाना बंडा जनपद शाहजहांपुर के सहयोग से संजीव उसकी नाबालिग बहन को भगा ले गया। जो अपने साथ 50 हजार के जेवर व यूकेलिप्टस बिक्री के एक लाख रुपए लेकर गयी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक दिगंबर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### जिलाधिकारी-पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर की जनसुनवाई


**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने आज आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना



कोतवाली सदर एवं सुनगढ़ी में पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। इसके साथ ही साथ आपसी विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। आयोजित थाना दिवस में जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुवाई के दौरान आईं समस्त शिकायतों में सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाये, किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे। रहे। जिलाधिकारी द्वारा थानाध्यक्ष को निर्देश देते हुये कहा कि आईजीआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये ।थाना समाधान दिवस के दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, संबंधित थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित उपस्थित रहे।

### श्री बालाजी महाराज वार्षिकोत्सव संपन्न, हुआ भंडारा

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।** शनिवार को श्रीबालाजी सिद्ध ब्रहमदेव संकीर्तन दरबार की ओर से बालाजी महाराज का चौथ वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन कन्या पूजन कर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण



किया। शहर के काशीराम ईदगाह कॉलोनी में बालाजी महाराज के मंदिर से नौ जनवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा की जय जयकार की। दूसरे दिन बाबा का दरबार के बाद तीसरे दिन शनिवार को कन्या पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे बाबा के मंदिर में हवन पूजन किया गया। महंत विशाल सेवक और श्रद्धालुओं ने हवन में आहूतियां देकर पूजा अर्चना की। इसके बाद मां अन्नपूर्णा का भोग लगने के बाद कन्या पूजन किया गया। जिसके बाद कॉलोनी में भंडारे के आयोजन हुआ। जहां श्रद्धालुओं ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। शहर के अलावा दूर दराज क्षेत्रों से भी भक्त पहुंचे और बाबा की भक्ति में डूबे रहे। भजन कीर्तन के दौर के बीच भंडारा देर शाम तक चला। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया ।बाबा के भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहा। इस मौके पर रत्नाकर रवि, मोहित, चिराग, मुकेश कुमार, मोहित लोधी, गौरव, अनुज भारती आदि लोग मौजूद रहे।

### बिजली विभाग की टीम ने अभियान चला कर 45 बकायदारों के काटे कनेक्शन

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर।** एक मुश्त समाधान योजना को लेकर विद्युत अधिकारियों की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। अधिकारियों ने शनिवार को अभियान के तहत करीब आधा दर्जन गांवों में बकाया बिल न जमा करने पर 45 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए हैं। कार्रवाई को लेकर खलबली मच गई है। बिजली विभाग द्वारा एक मुश्त समाधान योजना को चला कर वर्षों पुराने बिजली बिल का बकाया भुगतान को जमा कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद भी बकाया जमा करने में लोग रुची नहीं ले रहे हैं। जबकि योजना में उपभोक्ताओं को सौ प्रतिशत ब्याज की छूट दी जा रही है। योजना 15 दिसंबर से लागू की गई थी। और तीन चरणों में इसका लाभ दिया जा रहा है। जिसमें पहले चरण में 15 से 31 दिसंबर 70 प्रतिशत सर चार्ज में छूट थी। एक से 15 जनवरी तक 60 और अंतिम चरण में 15 से 31 जनवरी तक 50 प्रतिशत ब्याज में छूट दी जाएगी। विभाग की टीम घर घर जा कर भुगतान जमा कराने की प्रेरित कर रहे हैं।

# राम वनगमन व केवट संवाद सुन भाव विभोर हुए श्रोता

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



खुटहन। यूनिक आईडिया एजुकेशन पब्लिक स्कूल मरहट के प्रांगण में आयोजित आठ दिवसीय संगीत मयी श्रीराम कथा के छठवें दिन शनिवार को राम वनगमन, भरत मिलाप तथा राम-केवट संवाद का प्रसंग सुनाया गया। कथा वाचक पंडित धर्मराज तिवारी जी महराज ने कहा कि भरत जैसा भाई इस कलयुग में मिलना मुश्किल है। राम -केवट का प्रसंग सुन पंडाल में बैठे स्रोता भाव विभोर हो गए।
श्री महराज ने राम कथा में कहा भगवान राम मर्यादा स्थापित करने को मानव शरीर में अवतरित हुए। पिता की आज्ञा पर वह वन चले गए। भगवान राम वन जाने के लिए गंगा घाट पर खड़े होकर केवट से नाव लाने को कहते हैं, लेकिन केवट मना कर देता है और पहले पैर पखारने की बात कहता है। केवट भगवान का पैर धुले बगैर नाव में बैठाने को तैयार नहीं होता है। राम-केवट संवाद का प्रसंग सुनकर श्रोता भक्ति विभोर हो गए।
उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के द्वारा स्थापित आदर्श समाज में आज भी कायम है। भगवान प्रेम भाव के भूखे है।वे अपने भक्तों के कल्याण हेतु सदैव ततपर रहते है।महाराज जी ने भैया भरत के चरित्र को गाकर बताया और कहा भरत ने भगवान राम के वनगमन के बाद खड़ाऊं को सिर पर रखकर राजभोग की बजाय तपस्या की। कहा कि जीवन में भक्ति और उपासना का अलग महत्व है। निष्काम भाव से भक्ति करने वाले की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। सड़क कथा में भक्तों की आप भीड़ जुटी रही। इस मौके पर सुभाष उपाध्याय, सुधाकर सिंह, संतोष सिंह, रामाश्रय उपाध्याय, जिला जीत यादव,सुरेंद्र सिंह प्रदीप, लकी सिंह, गीता उपाध्याय, रमापति मिश्रा, राजेन्द्र सिंह, प्रधान संतलाल सोनी, सत्येन्द्र सिंह, ब्रह्मचारी सिंह, रमेश सिंह, तहसीलदार चौरसिया, विवेक सिंह, सुमन सिंह, पुनीता सिंह, वेवी सिह, मंजू सिंह, आभा सिंह, ऋषि केश तिवारी,राणा प्रताप सिंह, आदि मौजूद रहे।

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 83 युगल ने लिए फेरे

**जन एक्सप्रेस । मेरठ।** चरथावल। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में ब्लॉक के 95 युगल शादी के बंधन में बंध गए। अतिथियों ने नवदंपती को आशीर्वाद दिया। हिंदू और मुस्लिम युगलों की परंपरागत रीति रिवाज से मंडप में अलग-अलग विवाह की रस्म संपन्न हुई। शुक्रवार को कस्बे में एक विवाह मंडपमें आयोजित समारोह में 83 हिंदू और 12 मुस्लिम युगलों की शादी की रस्म हुई। पंडितों ने फेरे कराए और मौलवी ने निकाह की रस्म को निभाया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुंडीर एवं अन्य अतिथियों ने तमाम नवदंपती को शुभकामनाएं दी। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक योजना के बारे में विस्तार से बताया।

# करेंट से मृत दंपती के आश्रित को मिलेगा पीएम आवास

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



खुटहन विशुनपुर ग्रामसभा के मलूकपुर गांव निवासी दलित दंपति की खेत की बाड़ में लगे नंगे तार के करेंट से हुई मौत के मामले में घटना के सातवें दिन उनके आवास पर पहुंचे स्थानीय विधायक रमेश सिंह ने दोनों नाबालिग बेटियों से मिल उनके सिर पर ममता का हाथ फेरा। उन्होंने बेटियों की आर्थिक मदद कर एक अभिभावक की तहर उन्हें संभव मदद का भरोसा दिया। आश्वासन दिया कि शव को बहुत जल्द बरामद कर लिया जाएगा।
ज्ञातव्य हो कि गांव के दलित दंपति रामचरित्तर अपनी पत्नी किस्मत्ती के साथ गत रविवार की सुबह खेत की सिंचाई के लिए गए थे। जहां से दोनों पति पत्नी लापता हो गए। पुलिस की पड़ताल में उनकी मौत का कारण बगल के खेत में नंगे तार से लगाई गई बांड़ में प्रवाहित विद्युत करेंट की चपेट में आने से होना साबित हुआ। मामले में पुलिस ने एक चकदार को गिरफ्तार कर जेल भी भेज चुकी है। उसकी निशानदेही पर शव की तलाश करायी जा रही है। सप्ताह बीतने को है उनका शव बरामद नहीं हो पाया है। मृतक के घर ढांढस बंधाने पहुंचे विधायक ने बीडीओ गौरवेंद्र सिंह को निर्देशित किया कि स्वजन को अविलंब प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध करायें। मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी राजेश चौरसिया से कहा कि जो भी सरकारी योजनाएं हैं। जिसकी वे पात्र हैं, उसका पूरा लाभ नाबालिग पुत्रियों को अविलंब मुहैया कराए।इस मौके पर सीओ अजीत सिंह चौहान, तहसीलदार आशीष सिंह, थानाध्यक्ष खुटहन दिव्य प्रकाश सिंह, रोशन अली लेखपाल, अजीत सिंह, संदीप यादव, कृष्णा यादव, अवधेश सिंह, अनीस शाह, बिपिन सिंह, वीरेन्द्र कुमार, रिंकू मिश्र, गोल्डू मिश्र, विनोद यादव आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने धनाराघाट पर बने पेंटून पुल का फीता काटकर किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



हजारा। शारदा नदी के धनारा घाट पर बनें पेंटून पुल का शनिवार को क्षेत्रीय भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने विधि-विधान एवं हवन-पूजन के उपरांत फीता काटकर शुभारंभ किया। वाहनों के लिए आवागमन का शुभारंभ किया है।पेंटून पुल चालू हो जाने और बसों का संचालन शुरू हो जाने से ग्रामीणों के लिए सुविधा हो गया है।
पूरनपुर तहसील के शारदा नदी के धनारा घाट पर बने पेंटून पुल का शनिवार को पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने विधि-विधान एवं हवन-पूजन के उपरांत फीता काटकर पेंटून पुल का उद्घाटन किया है पेंटून पुल के उद्घाटन के पश्चात दोपहिया चार पहिया एवं बसों का आवागमन चालू हो जाने से ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के लाखों की आबादी को इसका सीधा लाभ मिलेगा तहसील और जिला मुख्यालय जाने आने के लिए सैकड़ो किमी का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा।पेंटून पुल का उद्घाटन होने और सभी वाहनों के आवागमन सुचारू रूप से चालू होने पर क्षेत्र वासियों ने खुशी का इजहार किया है। पेंटून पुल उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विधायक बाबूराम पासवान पूरनपुर के उपजिलाधिकारी अभिजीत सिंह तहसीलदार विरेन्द्र कुमार पीडब्ल्यूडी विभाग पीलीभीत के अवर अभियंता अनूप कुमार बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी अनिल कुमार हजारा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह वन दरोगा पुष्कर सिंह रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, राजीव जायसवाल, आदर्श सिंह परिहार राष्ट्रीय अध्यक्ष, कबीर गंज साधन समिति अध्यक्ष योगेश कुमार श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष चौधरी पदम सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, प्रधान महेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, शमशेर आलम, मनोज सिंह, रोहित मिश्रा, पूरनपुर-टाटरगंज बस यूनियन के अध्यक्ष भूरे खां सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### बसों के संचालन से इन गांवों को मिलेगा लाभ

पेंटून पुल के उद्घाटन और बसों के चालू हो जाने से क्रमश :टाटरगंज, बमनपुरी भगीरथ, बैल्हा, सिध्द नगर, शास्त्री नगर, भरतपुर, रामनगर, अशोकनगर, शांतिनगर, मुरैना गांधीनगर, श्रीनगर, कबीरगंज, कुठिया गुदिया, विजयनगर, नहरोसा, राणा प्रताप नगर सहित अन्य गांवों और पड़ोसी जिला लखीमपुर-खीरी के भी लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

# पांच साल से वर्मी कंपोस्ट यूनिट के इंतजार में किसान

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर जिले के किसान पिछले पांच साल से वर्मी कंपोस्ट यूनिट के निर्माण के लिए सरकारी बजट का इंतजार कर रहे हैं। जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार ने इस योजना में 75त्न अनुदान देने की घोषणा की थी, लेकिन शासन से बजट जारी न होने के कारण यह योजना अधर में लटकी हुई है। रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग से मिट्टी के पोषक तत्वों में कमी आ रही है, जिससे फसल उत्पादन पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। इसी समस्या के समाधान के लिए जैविक खेती और वर्मी कंपोस्ट यूनिट को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। वर्मी कंपोस्ट यूनिट के निर्माण के लिए 21 घन फीट का पिट बनाया जाता है, जिसकी लागत लगभग ?8,000 आती है। इसमें किसानों को ?6,000 की सब्सिडी सीधे उनके खाते में भेजी जाती थी। यह गड्ढा सड़ी हुई गोबर की खाद, फसल अवशेष और अन्य अपशिष्ट पदार्थों से भरा जाता है, जिसमें केंचुए जैविक खाद तैयार करते हैं। डिप्टी पीडी आत्मा डॉ. रमेश चंद्र यादव के अनुसार, पिछले पांच वर्षों से वर्मी कंपोस्ट यूनिट निर्माण के लिए कोई बजट और लक्ष्य नहीं मिला है। हालांकि, मनरेगा योजना के तहत किसानों को वर्मी कंपोस्ट यूनिट के निर्माण का लाभ लेने का सुझाव दिया गया है। बढ़ती जनसंख्या और घटती जोत के बीच सरकार किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित कर रही है। परंतु योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी से किसानों का भरोसा टूट रहा है।

# इंडो नेपाल सीमा पर स्थित गन्ना क्रय केंद्र का जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**





जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव द्वारा इंडो नेपाल सीमा पर स्थिति गन्ना क्रय केंद्र बंदरबोझ का निरिक्षण किया द्य यह क्रय केंद्र एल.एच. चीनी मिल के द्वारा संचालित किया जा रहा है द्य भारत - नेपाल सीमा पर एल. एच. चीनी मिल के दो गन्ना क्रय केंद्र संचालित है द्य यह दोनों गन्ना क्रय केंद्र जिला मुख्यालय से 50 किमी. से अधिक दूरी पर स्थिति है द्य यहाँ एक तरफ जहाँ नेपाल देश की सीमा है वही दूसरी ओर उत्तराखंड राज्य स्थिति है द्य बंदरबोझ क्रय केंद्र पर दो राजस्व ग्राम बंदरबोझ एवं एवं बूंदीभूंढ सम्बन्ध है द्य क्रय केंद्र चूका पर पांच राजस्व गाँव सम्बन्ध है द्य चीनी मिल में गन्ना अपूर्ति हेतु यहाँ के 906 किसानो को सदस्य बनाया गया है द्य यह सभी किसान सहकारी गन्ना विकास समिति मझोला एवं पूरनपुर के माध्यम से चीनी मिल को अपने गन्ने की आपूर्ति करते है द्य क्रय केंद्र बंदरबोझ पर आज तक 23326 कु गन्ने की खरीद की जा चुकी है द्य क्रय केंद्र प्रभारी सतीश सिंह ने बताया की प्रति दिन 600 कु गन्ने की उठान हो रही है द्य जबकि क्रय केंद्र चूका पर 36900 कु गन्ना खरीद की जा चुकी है द्य किसानो द्वारा बताया गया कि गन्ना यहाँ की मुख्य फसल है द्य 80 प्रतिशत ज़मीन पर गन्ना बोया जाता है बाकी ज़मीन पर धान, गेहूँ बोया जाता है द्य गाँव मे क्रय केंद्र लगा होने से काफी सुविधा है द्य समय से गन्ना उठान हो जाता है
तथा समय से गन्ना मूल्य का भुगतान भी चीनी मिल द्वारा किया जा रहा है द्य गन्ना किसान रामकिशन द्वारा बताया गया
कि 29 दिसम्बर 2024 तक जो गन्ना चीनी मिल मे आपूर्ति किया गया था उसका भुगतान उनके बैंक खाते मे आ गया है द्य इस अवसर पर राम भद्र द्विवेदी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत व गन्ना किसान राजेंद्र मौर्य, रामकिशन, संजय मौर्य, हरिश्चन्द्र, धर्मेंद्र व अन्य लोग उपस्थित थें।

# सिपाही धर्मवीर के चौके–छक्कों से बिल्हौर पुलिस टीम विजयी





- टीटीएस क्रिकेट टूर्नामेंट में बिल्हौर पुलिस टीम ने एंट्री लेकर खेला मैच
- कप्तान आईपीएस सुमित सुधाकर रामटेके ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का लिया फैसला

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर स्थित बीआईसी ग्राउंड पर आयोजित टीटीएस क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच बिल्हौर पुलिस व सिंह वाहिनी इलेवन टीम के बीच खेला गया। यह मैच काफ़ी रोमांचक रहा। बिल्हौर पुलिस टीम के कप्तान आईपीएस सुमित सुधाकर रामटेके (एसीपी बिल्हौर) ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सिंहवाहिनी इलेवन की टीम ने 12 ओवर के मैच में कुल 130 रन का लक्ष्य दिया। बिल्हौर पुलिस टीम के कोच अशोक कुमार सरोज (कोतवाल बिल्हौर) व कप्तान आईपीएस सुमित सुधाकर रामटेके ने ओपनिंग बैटिंग करने के लिए साईं देव के साथ सिपाही धर्मवीर को उतारा।अपने बैट से चौवे -छक्कों की बारिश कर धर्मवीर 46 रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन धर्मवीर ने मैच जीतने की राह आसान कर दी। इस तरह चार विकेट खोकर बिल्हौर पुलिस टीम ने 10 ओवर 3 गेंद में 130 रन का लक्ष्य पार करते हुए मैच जीत लिया।

मैन ऑफ द मैच बने धर्मवीर को पुरस्कार दिया गया। शुक्रवार को बीआईसी ग्राउंड पर टीटीएस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बिल्हौर एसीपी सुमित सुधाकर रामटेके व प्रशिक्षु एसीपी कृष्णकांत यादव, बिल्हौर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने संयुक्त रूप से पहले मैच का फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया।

बिल्हौर पुलिस टीम ने टूर्नामेंट में एंट्री लेकर मैच खेला और जीत दर्ज की। वहीं दोपहर बाद अपने समर्थकों के साथ पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने दूसरा मैच शुरू होने से पहले फीता काटकर सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

टीटीएस क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक सलमान व बिल्हौर बार एसोसिएशन के महामंत्री महेंद्र सिंह कुशवाहा ने आए हुए मुख्य अतिथियों का स्वागत किया।

मंच का संचालन अरशद मास्टर ने किया। इस दौरान अधिवक्ता अतुल शुक्ला, अभिषेक सिंह, अमित और रफीक, राजबाबू, आकाश, जुबैर समेत कई लोग मौजूद रहे।

# राम जन्मभूमि मंदिर स्थापना के 1 वर्ष पूरे होने पर कस्बे में जगह–जगह भंडारे का आयोजन





जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के एक वर्ष पूरे होने पर जगह-जगह विशाल भंडारे के आयोजन हुए जिसमें कस्बे में ग्रामीण क्षेत्र से भी लोगों ने पहुंचकर भंडारे में पहुंचकर प्रसाद चखा। कस्बे के त्रिवेणीगंज मोहल्ला स्थित शनि धाम मंदिर में शनिवार को सुंदरकांड का आयोजन किया गया अयोध्या में बीते वर्ष भगवान श्री राम लाला के विराजमान होने की तिथि और एक वर्ष पूरे होने पर बड़ी संख्या में श्री राम भक्तों ने सुंदरकांड में अपना प्रतिभा किया और गाजी बजे के साथ चौपाई गई आयोजक मंडल के राजू द्विवेदी ने बताया कि सुंदरकांड में आसपास गांव के करीब पांच सैकड़ा भक्तों ने प्रतिभा किया और भगवान श्री राम भगवान हनुमान का भी नमन करते हुए उत्सव मनाया सुंदरकांड के मौके पर भगवान श्री राम और उनके भक्त हनुमान जी का सुंदर श्रृंगार भी किया गया साथ ही भगवान श्री राम की स्तुति और भगवान के भक्त हनुमान जी की भी स्थिति भक्तों द्वारा गाई गई इस मौके पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया इसमें भक्तों को प्रसाद वितरित कर जय श्री राम के नारे भी लगाए गए शनिवार होने के कारण शनि देव के दर्शन के लिए भी इस मौके पर बड़ी संख्या में वक्त मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की उधर मानस विहार स्थित है शिव मंदिर में भी अयोध्या में राम लला विराजमान होने के 1 वर्ष पूरे होने पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया आयोजक मंडल के मानस शुक्ला ने बताया कि भगवान श्री राम के अयोध्या में 500 वर्षों के बाद विराजमान होने पर भक्तों ने विशाल भंडारे का आयोजन किया है भंडारे में दूर-दूर से आए भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया इस मौके पर अनामिका अधिवक्ता सुशांक मिश्रा, अशोक तिवारी उर्फ गुड्डा सभासद, वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वेश यादव, दीपक दीक्षित, देवेश यादव, सुनील यादव, अवधेश कटियार आदि मौजूद रहे। इसी तरह कस्बे में नेहरू पार्क पर भी बलखंडेश्वर सेवा समिति भोला गुप्ता राम पांडे आदि सहयोगियों के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया

इसमें राहगीरों को आयोजकों द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया नगर पालिका चौराहे पर भी भक्तों द्वारा पूर्व सभासद रामनारायण गुप्ता के नेतृत्व में विशाल

भंडारे का आयोजन किया गया जहां पर भक्तों को राहगीरों को सभी भाइयों ने खीर का वितरण किया गया नगर पालिका के फब्बारे के पास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवधेश त्रिवेदी और उनके समर्थन व्यापारियों द्वारा भी भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री

जन एक्सप्रेस । बस्ती



पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी 59 वीं पुण्यतिथि पर याद किया गया। शनिवार को कांग्रेस नेता डा. मारूफ अली और राकेश पाण्डेय गांधियन के संयोजन में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने शास्त्री चौक पर स्थित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद योगदान पर चर्चा किया।

डा. मारूफ अली ने कहा कि भारत के दूसरे प्रधानमंत्री और 'जय जवान, जय किसान' का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री का निधन 11 जनवरी 1966 को हुआ था। अपनी साफ-सुथरी छवि और सादगी के लिए प्रसिद्ध शास्त्री ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद नौ जून 1964 को प्रधानमंत्री का पद ग्रहण किया था। वह करीब 18 महीने तक देश के प्रधानमंत्री रहे। उनके नेतृत्व में भारत ने 1965 की जंग में पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। राकेश पाण्डेय गांधियन ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का कार्यकाल बेहद छोटा था, लेकिन इस दौरान उन्होंने अपने सरल स्वभाव और मजबूत इच्छाशक्ति के दम पर कई मिसालें कायम कीं। उन्होंने मुश्किल समय में देश की सत्ता संभाली थी और चुनौतियों का डटकर सामना किया। इसी कड़ी में साधू शरन आर्य, अवधेश सिंह, अतीउल्ला सिद्दीकी ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री के नेतृत्व में भारत ने 1965 की जंग में पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। ताशकंद में पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के साथ युद्ध समाप्त करने के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद 11 जनवरी 1966 की रात में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई थी। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से गिरजेश पाल, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, रामधीरज चौधरी, गौरीशंकर, अनिल भारती, सद्दाम हुसेन के साथ ही विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## चेयरमैन संघ के हुई बैठक

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। शनिवार को रामनगर चेयरमैन संघ जिलाध्यक्ष राम शरण पाठक के आवास पर जिले के चेयरमैनों की एक बैठक आहुत की गई। बैठक में चेयरमैनों ने बारी–बारी से अपनी बात रखी। नगरों के विकास को लेकर संघ के जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि जो भी समस्याएं आ रही हैं उन्हें निस्तारित करवाने का काम किया जाएगा। समूचे जिले में अधिशासी अधिकारियों की कमी है जिसको लेकर बहुत जल्द संघ का एक प्रतिनिधि मंडल नगर विकास मंत्री से मुलाकात करेगा, इसके बाद आवश्यकता पड़ी तो संघ उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से भी भेंटकर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराएगा। नगर पंचायत के विकास में अड़चनों को लेकर उन्होंने दो टूक कहा कि विकास में किसी भी प्रकार की कोई भी बाधा नहीं आने दी जाएगी यदि कोई फिराक परस्त ताकतें विकास में बाधा बनेंगी ।

# ग्राम प्रधान को दबंग भू- माफियाओं से जान का खतरा, एसपी से न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस । बस्ती



जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के हरदिया बुर्जुग निवासी ग्राम प्रधान विजय प्रकाश पुत्र गनपत ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कहा है कि दबंग भू- माफिया गांव के ही रामकुबेर पुत्र बनारसी और नगर थाना क्षेत्र के कोठवा भरतपुर निवासी ताज मोहम्मद से उन्हें और उनके परिवार को जान माल का खतरा है। दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई कर न्याय दिलाया जाय। एसपी को दिये पत्र में हरदिया बुर्जुग के ग्राम प्रधान विजय प्रकाश ने कहा है कि रामकुबेर और ताज मोहम्मद आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। गरीब लोगों या सरकारी ग्राम समाज की भूमि पर प्लाटिग कर बेच लेना इनका धंधा है। ग्राम सभा की सरकारी कीमती भूमि गाटा संख्या 60 पर उन लोगों ने बाडन्ड्रीवाल बनाकर कब्जा कर लिया और प्लाटिंग करने लगे। ग्राम प्रधान होने के नाते जब विजय प्रकाश ने उक्त भूमि की पैमाइश कराया तो वह ग्रामसभा की निकली। नायब तहसीलदार ने उसे खाली कराने का निर्देश दिया। इससे रामकुबेर और ताज मोहम्मद उनसे नाराज रहने लगे। ग्राम प्रधान विजय प्रकाश ने पत्र में कहा है कि उक्त लोगों ने खलिहान की भूमि पर पक्का अवैध निर्माण करा लिया है। 9 जनवरी की सुबह जब ग्राम प्रधान पंचायत भवन पर जाने के लिये निकले तो रामकुबेर ने अपने दरवाजे के सामने गालियां देते हुये धारदार हथियार लेकर उन्हें रोका और मारा पीटा जिससे उन्हें चोटें आयी। उसने जान से मारने की धमकी देते हुये कहा कि तुम्हारा हाथ पैर सलामत नहीं रहने देंगे। किसी तरह से ग्रामीणों के हस्तक्षेप से उनकी जान बची।

ग्राम प्रधान विजय प्रकाश ने एसपी से मांग किया है कि रामकुबेर और ताज मोहम्मद के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही उनके और परिवार के सदस्यों के जान माल की रक्षा कराया जाय। उक्त लोग आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और किसी भी घटना को अंजाम दे सकते हैं।

## दरिया निवादा टोल प्लाजा पर निशुल्क नेत्र परीक्षण कैंप लगाकर रोगियों की जांच हुई

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिवराजपुर दरिया निवादा टोल प्लाजा पर निशुल्क नेत्र परीक्षण कैंप आयोजित किया गया। जहां सैकड़ों ग्रामीणों की जांच की गई। इस कैंप में शंकरा आई हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने दो सैकड़ा से अधिक लोगों का नेत्र परीक्षण करवाया। क्षेत्र के कई विद्यालयों के बच्चों का भी नेत्र परीक्षण हुआ। इस दौरान, एनएचएआई प्रोजेक्ट मैनेजर ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया और लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा हमारी रक्षा है और हमें इसका पालन करना चाहिए। परीक्षण कैंप में पीडी अमन रौहिला, मैनेजर टेक्निकल अजर सिंह, राम कुमार वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर गुंजन सिंह, सीआरओ अरविंद चौधरी, इंजीनियर विक्रम सिंह, टोल मैनेजर के के त्रिपाठी, पैरामेडिकल स्टाफ सुनील सचान मौजूद रहे।

## बिना हेलमेट के नहीं मिला पेट्रोल, बैरंग लौटे

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

रोड सेफ्टी नियमो के पालन एंव जागरुकता को लेकर परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग ने शनिवार को नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत स्वास्तिक पेट्रोल पम्प पर बिना हेलमेट सीटबेल्ट के विरुद्ध संघन अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट के आने वालों को बैरंग लौटना भी पड़ा। तथा हेलमेट न पहनने वालों के चालान भी काटे गये। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन, प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत पेट्रोल भरवाने आये वाहन चालकों को हेलमेट सीटबेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने के लिये प्रेरित किया। तो वही बिना हेलमेट के आने वाले दर्जनो बाइक-स्कूटी वाहनो के चालान भी काटे गये। इसी दौरान एआरटीओ प्रशासन ने हेलमेट लगाकर पेट्रोल भरवाने आये चालको को गुलाब भेंटकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस मौके पर यातायात प्रभारी रामयतन यादव, दीपक जैन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एचएमपीवी वायरस से निपटने में कारगर है होम्योपैथी–डा. वी.के.वर्मा

जन एक्सप्रेस । बस्ती



बस्ती जिले के वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक एवं जिला चिकित्सालय में आयुष चिकित्साधिकारी डा.वी.के. वर्मा ने चीन से फैले नये वायरस एचएमपीवी पर जानकारी देते हुये बताया कि इससे डरने की जरूरत नहीं है। यह कोरोना की तरह जान लेवा वायरस नहीं है। बताया कि राइनोवायरस और ह्यूमन मेटान्यूमो वाइरस (एचएमपीवी) के संक्रमण के कुछ मामले भारत में भी सामने आये हैं। संक्रमितों में 14 साल से कम उम्र के बच्चों की संख्या अधिक है। डा. वर्मा ने बताया कि आम तौर पर सर्दियों के दिनों में सर्दी जुकाम , सांस रोग के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की जाती है। एचएमपीवी वायरस से बचाव के लिये होम्योपैथी में अनेक दवायें उपलब्ध हैं।

डा. वर्मा ने बताया कि एचएमपीवी वायरस के संक्रमण से मरीज को बचाने या हो जाने पर आर्सेनिक एलबम 200, यूपेटोरियम पर्फ 200 बहुत प्रभावी है। डा. वर्मा ने बताया कि मरीजों को यह दवायें किसी कुशल चिकित्सक के परामर्श से ही लेना चाहिये। वैसे होम्योपैथी की एक दवा अनेक रोगों में कारगर है और लक्षण के अनुसार दवायें काम करती है, होम्योपैथी दवाओं का कोई दुष्प्रभाव नहीं होता फिर भी सजगता आवश्यक है। डा. वर्मा ने बताया कि एचएमपीवी वायरस की पुष्टि हो जाने के बाद लक्षणानुसार एकोनाइट, बेलाडोना, एल्यिम सीपा, नेट्रम म्योर, चाइना, एल्यिम सटाइबा, नेट्रम सल्फ, नक्सबोम, इपिकाक आदि दवाओं का सेवन चिकित्सक के परामर्श पर करना चाहिये। इस वायरस से डरने की कोई आवश्यकता नही है।

# पुलिस अधीक्षक ने समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस । पंकज यादव



**शुक्लागंज।** शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने किया। इस अवसर पर कोतवाली क्षेत्र के नगर और ग्रामीण इलाकों से लोग अपनी समस्याओं को लेकर कोतवाली पहुंचे। समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण था, जिससे नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके।

समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर भी उपस्थित रहे, जिन्होंने फरियादियों से उनकी समस्याएं सुनीं। एसपी के सामने अधिकांश मामले भूमि से संबंधित थे, जिनमें भूमि विवाद, भूमि अधिग्रहण और अन्य राजस्व से जुड़ी समस्याएं शामिल थीं। एसपी ने इन मामलों को गंभीरता से लिया और संबंधित राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया कि वे इन मामलों का निस्तारण शीघ्र करें। इंस्पेक्टर ने बताया कि कुल 13 मामले राजस्व से संबंधित थे, जिनमें से कुछ को तुरंत निपटारा नहीं किया जा सका। इस पर एसपी ने संबंधित विभागों को मामले के निस्तारण के लिए आदेशित किया। हालांकि, समाधान दिवस में कोई भी मामला मौके पर हल नहीं हो सका, जिससे फरियादी मायूस होकर लौट गये। इस दौरान एसपी ने गंगाघाट कोतवाली का निरीक्षण भी किया और वहां की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और क्षेत्र में अपराध की रोकथाम के लिए कुछ नए उपायों पर भी चर्चा की।

## अज्ञात महिला के शव की पहचान कर परिजन ने एक युवक पर लगाए हत्या के आरोप

जन एक्सप्रेस । उन्नाव




नवाबगंज। रेलवे क्रॉसिंग के समीप मिले अज्ञात महिला के शव की परिजन ने शिनाख्त के साथ एक युवक पर हत्या कर शव फेकें जाने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कुसुंभी गांव स्थित रेलवे क्रॉसिंग के समीप शुक्रवार को मिले अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त देर रात उसकी मां बारी ने बेटी रीना पत्नी बाबू के रुप में ने की। मृतका के पति बाबू और मां बारी ने बताया की काफी समय से वह लोग सरोजनीनगर थाने के मक्काखेड़ा गांव के पास डेरा डालकर रह रहे थे। वही से महिला 9 तारीख तो दोपहर को बाहर निकली थी और वापस नही आयी। काफी खोजबीन के भी नहीं मिली। 10 तारीख को महिला का शव कुसुम्भी में झाड़ियो के पास मिला।

मृतका के पति ने सोहरामऊ थाना निवासी युवक पर हत्या कर शव फेंके जाने का शक जाहिर करते हुये मुकदमा लिखाने के लिये प्रार्थना पत्र दिया है।

कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया की प्रार्थना पत्र मिला है जांच की जा रही है।

पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा।

# दो मार्ग दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल, तीनों घायल गंभीर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव




बांगरमऊ। अलग-अलग दो मार्ग दुर्घटनाओं में दो वृद्ध समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से एक को हैलट कानपुर तथा तथा एक वृद्ध और एक युवक को नाजुक हालत में जिला अस्पताल उन्नाव रेफर किया गया। मानसिंह 70 वर्ष पुत्र सूर्यबली निवासी ग्राम जामड़ शनिवार पूर्वाह्न साइकिल से बांगरमऊ बाजार जा रहे थे। तभी रास्ते में नगर के नानामऊ मार्ग पर स्थित माढ़ापुर मार्ग मोड़ के निकट अचानक तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल चकनाचूर हो गई और साइकिल सवार वृद्ध का पैर टूट गया। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर घायल वृद्ध को हैलट कानपुर रेफर कर दिया।दुर्घटना के बाद चालक डंपर खड़ा कर भाग निकला। पुलिस ने डंपर कब्जे में ले लिया है।

वहीं दूसरी घटना में शर्विंदर 40 वर्ष पुत्र यदुनाथ जिला हरदोई के थाना सुरसा अंतर्गत ग्राम दहिगवां निवासी अपने रिस्तेदार मानसिंह 65 वर्ष पुत्र बहादुर को बाइक से लेकर शनिवार को अपनी रिश्तेदारी में ग्राम माखन खेड़ा थाना बेहटा मुजावर गया था। वापस अपने घर लौटते समय संडीला मार्ग पर अज्ञात डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे रिश्तेदार दोनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक बताकर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, परिजनों में कोहराम



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत जाजमऊ चौकी क्षेत्र के रजवा खेड़ा गांव में शनिवार को एक 24 वर्षीय छात्रा ने पारिवारिक झगड़े से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतका की पहचान आरती निषाद के रूप में हुई है, जो एमए की पढ़ाई कर रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरती का शनिवार दोपहर अपने परिवार के साथ किसी बात पर मामूली विवाद हो गया था। इस बात से नाराज़ होकर वह घर से निकली और गांव के बाहर एक अमरूद के बाग में चली गई। वहाँ उसने अपने दुपट्टे से पेड़ पर फांसी लगा ली। बताया जाता है कि खेत के पास मौजूद उसकी चचेरी बहनों ने उसे लटका हुआ देखा और तुरंत घरवालों को सूचित किया। घटना की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। आरती की माँ बेलावती का कई साल पहले निधन हो चुका है। उनके दो भाई, गुड्डू और राकेश, और एक बड़ी बहन हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# उन्नाव बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने अधिवक्ताओं व पत्रकारों को अंग वस्त्र व डायरी देकर किया सम्मानित



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सतीश शुक्ला प्रत्याशी बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश सदस्य ने बताया के जनपद के प्रत्येक अधिवक्ताओं का समर्थन स्नेह और प्यार हमें हमेशा परिवार के सदस्य के रुप में मिलता रहा है सभी अधिवक्ताओं व पत्रकारों ने अध्यक्ष जी को नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित कर आभार प्रकट किया

शनिवार को राजधानी मार्ग गंगाघाट के गिरधर पैलेस में नौ बार उन्नाव बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित रहे सतीश शुक्ला प्रत्याशी बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश सदस्य पद ने अधिवक्ताओं व पत्रकारों का विशाल सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में जनपद उन्नाव के अधिवक्ता बड़ी संख्या में पहुंचे व पत्रकार भी शामिल हुए जहां सतीश शुक्ला ने सभी अधिवक्ताओं व पत्रकारों को अंग वस्त्र व डायरी भेंट कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी वीरेंद्र शुक्ला कमल वर्मा राजेश साहू एडवोकेट स्वदेश शुक्ला एडवोकेट उमेश त्रिवेदी एडवोकेट वेद प्रकाश शुक्ला एडवोकेट अतुल कनौजिया एडवोकेट अमित त्रिवेदी एडवोकेट सिद्धांत अवस्थी एडवोकेट पंकज यादव(पत्रकार)पन्नालाल(पत्रकार) सूरज मिश्रा (पत्रकार) लगभग पांच लोग उपस्थित रहे।

# दिल्ली शराब नीति पर कैग रिपोर्ट 2026 करोड़ का नुकसान

## केजरीवाल सरकार ने फैसलों पर एलजी की मंजूरी नहीं ली, लाइसेंस में गड़बड़ी, नेताओं को घूस

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

विधानसभा चुनाव से 25 दिन पहले दिल्ली में शराब नीति को लेकर कैग (कंप्ट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया) की रिपोर्ट लीक हुई है। इसमें सरकार को 2026 करोड़ रुपए का रेवेन्यू लॉस होने की बात कही गई है। इंडिया टुडे ने दावा किया है कि रिपोर्ट की कॉपी उसके पास है। रिपोर्ट में बताया गया है कि शराब नीति में काफी गड़बड़ियां थीं, जिनमें लाइसेंस देने में खामी भी शामिल है। इसके साथ ही आप लीडर्स को कथित तौर पर घूस के जरिए फायदा पहुंचाया गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि डिप्टी चीफ मिनिस्टर जिस ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की अगुआई कर रहे थे, उसने एक्सपर्ट पैनल के सुझावों को खारिज कर दिया था। कैबिनेट ने नीति को मंजूरी दे दी थी और कई अहम फैसलों पर तब के उप-राज्यपाल की मंजूरी भी नहीं ली गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, शिकायतों के बावजूद सभी को नीलामी की बोली लगाने की मंजूरी दे दी गई थी। जिन्हें घाटा हुआ था, उन्हें भी लाइसेंस दे दिए गए या रिन्यू कर दिए गए थे। कैग रिपोर्ट को अभी दिल्ली विधानसभा में रखा जाना है। दिल्ली में 2021 में नई शराब नीति लागू की गई थी। इसमें लाइसेंस आवंटन को लेकर कई सवाल खड़े हुए। नीति वापस लेनी पड़ी। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा। दोनों जेल भी गए। सीएम और डिप्टी सीएम पद छोड़ना पड़ा। फिलहाल जमानत पर बाहर हैं।




### केस पहले से, एलजी के अब अनुमति देने की वजह 5 पॉइंट में समझें...

- ईडी ने ट्रायल कोर्ट में केजरीवाल के खिलाफ 7वीं चार्जशीट दायर की थी। ट्रायल कोर्ट ने 9 जुलाई को चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कहा था- केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं।
- केजरीवाल ने नवंबर में दिल्ली हाईकोर्ट में ईडी की 7वीं चार्जशीट पर संज्ञान लेने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद्द करने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि ईडी ने जो आरोप लगाए हैं, उन आरोपों के समय वे पब्लिक सर्वेंट थे।
- दिल्ली के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। केस चलाने के लिए ईडी के पास आवश्यक मंजूरी नहीं थी। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने चार्जशीट पर एक्शन लिया।
- हाईकोर्ट से केजरीवाल की मांग खारिज होने के बाद केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। जहां कोर्ट ने उनके हक में फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि केस चलाने के लिए सरकार की अनुमति जरूरी है।
- इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 6 नवंबर को फैसला सुनाते हुए कहा था कि पब्लिक सर्वेंट पर सरकार की अनुमति के बिना मनी लॉन्ड्रिंग की धाराओं के तहत केस नहीं चलाया जा सकता है। यह नियम सीबीआई और स्टेट पुलिस पर भी लागू होगी। इसके बाद ईडी ने राज्यपाल से इजाजत मांगी।

### कैग रिपोर्ट पर रिएक्शन...

"शराबबंदी पर कैग रिपोर्ट ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी सरकार की पोल खोल दी। नीति बनाते समय जानबूझकर की गई चूक से सरकार को 2026 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

"यह कैग रिपोर्ट कहां है? ये दावे कहां से आ रहे हैं? क्या यह भाजपा कार्यालय में दाखिल की गई है? भाजपा नेता अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। कैग रिपोर्ट पेश हुई नहीं और वे ऐसे दावे कर रहे हैं।
-संजय सिंह, आप सांसद

### कैग रिपोर्ट में क्या...

- आप सरकार ने नई शराब नीति को रद्द करने के फैसले में न कैबिनेट की मंजूरी ली और उपराज्यपाल से राय मांगी।
- कोविड प्रतिबंधों के कारण जनवरी 2022 के लाइसेंस शुल्क के रूप में 144 करोड़ रुपए की छूट रिटेल लाइसेंस धारियों को कैबिनेट की मंजूरी लिए बिना दी गई।
- जिन वार्ड में शराब खोलने की अनुमति नहीं थी। वहां भी शराब की दुकान के लाइसेंस बांटे गए। ये फैसला भी उपराज्यपाल की मंजूरी के बिना लिया गया।

### 21 दिसंबर को एलजी ने केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने की अनुमति दी

दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने 21 दिसंबर को प्रवर्तन निदेशालय को शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने की इजाजत दे दी थी। ईडी ने 5 दिसंबर को एलजी से केजरीवाल के खिलाफ ट्रायल चलाने की अनुमति मांगी थी। पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ ईडी ने इस साल मार्च में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत केस दर्ज किया था। 21 मार्च को 4 घंटे की पूछताछ के बाद केजरीवाल को अरेस्ट किया गया था। केजरीवाल को इस केस में जमानत मिल गई थी, लेकिन ईडी ट्रायल शुरू नहीं कर पाई थी।

# केजरीवाल ने अन्ना जैसे संत का इस्तेमाल किया: अमित शाह

## सत्ता में आकर भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़े, 5 फरवरी आप 'दा' से मुक्ति का दिन



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन में कहा कि दिल्ली के झुग्गीवासी झूठे वादे करने वाले अरविंद केजरीवाल को सबक सिखाने जा रहे हैं। 5 फरवरी दिल्ली का आप 'दा' से मुक्ति का दिन है। इस दिन दिल्ली को करप्शन से मुक्ति मिलेगी। आप सरकार ने दिल्ली को नरक बनाने का काम किया है। जिन लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया। अन्ना जैसे संत पुरुष को आगे करके सत्ता में आए, उन्होंने इतना भ्रष्टाचार किया कि सारे रिकॉर्ड टूट गए। दिल्ली सरकार 10 साल से डिजास्टर बनी हुई है। पूरा देश कहां से कहां पहुंच गया, लेकिन दिल्ली वाले वहीं रह गए। पंजाब के लोग कह रहे हैं कि केजरीवाल को वोट मत दो, क्योंकि वे झूठे हैं, विश्वासघाती हैं, भ्रष्ट हैं। इस सम्मेलन में राजधानी के करीब 30,000 झुग्गी बस्तियों के प्रधान ने हिस्सा लिया। शाह ने उनकी समस्याओं को सुना।

### केजरीवाल से काम नहीं होता तो सत्ता छोड़ दें

केजरीवाल ने 10 साल में कुछ नहीं किया। अगर आपसे काम नहीं हो पा रहा तो सत्ता छोड़ दो। भाजपा विकास के सारे काम कर देगी। लेकिन ये तो सत्ता छोड़ने वालों में से नहीं हैं। जेल जाकर भी इस्तीफा न देना वाला एकमात्र मुख्यमंत्री केजरीवाल हैं।

### केजरीवाल ने खुद के लिए शीशमहल बनाया

प्रधानमंत्री मोदी ने भरी सभा में कहा कि यह मोदी गारंटी है कि एक-एक झुग्गी वालों को पक्का मकान देने का काम भाजपा करेगी। हमने यह करके दिखाया है। हमने गरीब कल्याण के सारे काम 10 साल में धरातल पर किए हैं। हमने साढ़े तीन करोड़ गरीबों को घर दिया। 10 करोड़ से ज्यादा गरीबों को गैस का सिलेंडर दिया, 6 लाख गांव में 2 करोड़ 62 लाख घरों में बिजली दी, 12 करोड़ गरीबों के घर में शौचालय बनाए लेकिन उन्होंने गरीबों के घर से महंगा शौचालय अपने शीशमहल में खुद के लिए बनाया।

### केजरीवाल ने अन्ना से लेकर दिल्ली वालों को धोखा दिया

केजरीवाल दिल्ली के लिए आप-दा हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार से लड़ने का वादा करके लोगों को धोखा दिया है, जबकि वह खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। देश ने तरक्की की है, लेकिन दिल्ली अभी भी विकास का इंतजार कर रही है। सड़कें गड्ढों से भरी हैं, हवा प्रदूषित है, यमुना का जल प्रदूषित है। केजरीवाल ने अन्ना, पंजाब और दिल्ली के लोगों के साथ विश्वासघात किया है।

### हमारे घोषणापत्र में आपकी सभी जरूरतें होंगी

दिल्ली को 'आप-दा' से मुक्ति दिलाना झुग्गियों की जिम्मेदारी है। हमने आपकी सभी जरूरतों की सूची बनाकर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और पीएम मोदी को सौंप दी है। जैसे ही हम जीतेंगे, हम आपकी सभी समस्याओं को दूर कर देंगे। हमारे घोषणापत्र में आपकी सभी जरूरतें होंगी।

# शिवसेना का ऐलान, मुंबई-नागपुर महानगर पालिका चुनाव अकेले लड़ेंगे

## राउत ने कहा था, इंडिया ब्लॉक की तरह एमवीए में भी तालमेल नहीं




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

इंडिया ब्लॉक में बढ़ती रार के बीच शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने शनिवार को कहा कि पार्टी मुंबई और नागपुर महानगरपालिका के चुनाव अकेले लड़ेगी। उन्होंने कहा, हम मुंबई और नागपुर महानगरपालिका अपने दम पर लड़ेंगे, जो भी होगा, हमें खुद देखना होगा। उद्धव ठाकरे ने हमें संकेत दिया है। मैंने अभी-अभी हमारे नागपुर शहर अध्यक्ष प्रमोद मनमोड़े से इस बारे में चर्चा की है। राउत ने कहा, यह फैसला लोकल लेवल पर पार्टी मजबूत करने के लिए लिया गया है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को मौका नहीं मिलता। इससे पार्टी की ग्रोथ प्रभावित हो रही है। हमें नगर निगम, जिला परिषद और नगर पंचायत में अपने दम पर लड़ना चाहिए और अपनी पार्टी को मजबूत करना चाहिए। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार को कहा था, इंडिया गठबंधन की तरह महाराष्ट्र चुनाव में भी एमवीए के बीच कोई तालमेल नहीं था। संजय राउत ने शुक्रवार को कहा था, मैं उमर अब्दुल्ला से सहमत हूं। यदि इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों को लग रहा है कि अब इसका कोई वजूद नहीं है तो इसके लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर गठबंधन सिर्फ लोकसभा के लिए था और अब इसका वजूद नहीं है तो कांग्रेस इसकी घोषणा कर दे, हम अपने-अपने रास्ते चुन लेंगे, लेकिन मैं बता दूं कि अगर एक बार इंडिया ब्लॉक टूट गया तो दोबारा नहीं बन पाएगा, इसलिए पहले ये सोच लें कि आगे क्या होगा। राउत जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बयान पर बात कर रहे थे। उमर ने 9 जनवरी को कहा था कि गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था तो इसे खत्म कर देना चाहिए।

### संजय राउत के बयान की 3 अहम बातें...

1. सहयोगियों को शंका कि गठबंधन में सब ठीक है या नहीं हमने लोकसभा चुनाव एक साथ लड़ा और अच्छे नतीजे मिले। आगे की योजना के लिए कांग्रेस को इडिया ब्लॉक की बैठक करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे सहयोगियों के मन में शंका है कि इडिया ब्लॉक में सब कुछ ठीक है या नहीं।
2. इडिया ब्लॉक की तरह एमवीए में भी कोई तालमेल नहीं हमें पिछली गलतियों को सुधारने की जरूरत है। महाराष्ट्र चुनाव में कांग्रेस की स्टेट यूनिट सीटों के लिए सौदेबाजी कर रही थी, तब भी कांग्रेस आलाकमान ने दखल नहीं दिया। कई विधानसभा सीटें ऐसी थीं जहां एनसीपी और शिवसेना के पास अच्छे उम्मीदवार थे, लेकिन कांग्रेस ने उन पर दावा नहीं छोड़ा। इडिया गठबंधन की तरह महाराष्ट्र में भी एमवीए के बीच कोई तालमेल नहीं था।
3. दिल्ली चुनाव में कांग्रेस-भाजपा नहीं, आप जीतेगी मैं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को राष्ट्र-विरोधी कहने वाले कांग्रेस नेताओं से सहमत नहीं हूं। दिल्ली चुनाव में कांग्रेस या भाजपा नहीं बल्कि आप जीतेगी। गठबंधन के दोनों दल अलग-अलग दिल्ली चुनाव लड़ रहे हैं। अच्छा होता कि दोनों एक साथ होते।

# एचएमपीवी के देश में 16 केस

## असम में 10 महीने का बच्चा पॉजिटिव, गुजरात में सबसे ज्यादा 4, महाराष्ट्र में 3 मामले

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के देश में कुल 16 मामले हो गए हैं। शनिवार को असम में पहला केस सामने आया। यहां 10 महीने का बच्चा पॉजिटिव है। बच्चे का डिब्रूगढ़ में असम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एएमसीएच) में इलाज चल रहा है। उसकी हालत स्थिर है। डॉ. ध्रुबज्योति भुइयां ने बताया कि बच्चे को चार दिन पहले सर्दी-जुकाम के लक्षणों के चलते सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके अलावा पुडुचेरी में भी एक तीन साल का बच्चा एचएमपीवी पॉजिटिव पाया गया, लेकिन वह अब पूरी तरह से ठीक है। देश में एचएमपीवी के सबसे ज्यादा 4 मामले गुजरात में हैं। महाराष्ट्र में 3, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, यूपी, राजस्थान, असम और बंगाल में एक-एक केस सामने आया है। एचएमपीवी केस बढ़ने पर अब राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को एचएमपीवी केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं।

### छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित

एचएमपीवी संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। केंद्र ने राज्यों को इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस और सीवर एक्यूट रेस्परेट्री इश्यूज जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और एचएमपीवी के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है।

### एचएमपीवी का इन्फेक्शन आम

चीन में एचएमपीवी के बढ़ते मामलों के बीच इमरजेंसी जैसे हालात बनने की बात कही गई थी। हालांकि भारत सरकार ने 4 जनवरी को जॉइंट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक की थी। इसके बाद सरकार ने कहा था कि सर्दी के मौसम में फ्लू जैसी स्थिति असामान्य नहीं है। चीन के मामलों पर भी नजर रखे हुए हैं और सरकार इनसे निपटने के लिए तैयार है- देश सांस से जुड़ी बीमारियों के मामलों में किसी भी बढ़त से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। चीन में फ्लू के बढ़ते मामलों की वजह और एचएमपीवी हैं। इस मौसम में ये इन्फ्लूएंजा के सामान्य वायरस हैं। सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। साथ ही चीन की स्थिति के बारे में समय-समय पर अपडेट देने को कहा है।

# 5 साल में 60+ लोगों ने यौन शोषण किया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोच्चि**

केरल में एक 18 साल की एथलीट ने दावा किया है कि पिछले 5 साल में 60 से ज्यादा लोगों ने उसका यौन शोषण किया। मामलें में अब तक 40 लोगों की पहचान हो गई है, जबकि पुलिस ने अब तक 15 को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि पथानामथिट्टा जिले के दो पुलिस थानों में पांच एफआईआर दर्ज करने के बाद शुक्रवार को 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद शनिवार को 9 अन्य को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में युवती के कोच, क्लासमेट और घर के आसपास रहने वाले लोग शामिल हैं। पीड़िता के स्कूल ने चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को उसके व्यवहार में बदलाव के बारे में जानकारी दी थी। इसके बाद उसकी साइकॉलोजिकल काउंसलिंग के दौरान पूरा मामला सामने आया। पीड़िता ने बताया कि जब वह 13 साल की थी, तब उसके एक पड़ोसी ने उसके साथ पहली बार पोर्नोग्राफिक मटेरियल शेयर किया था।

**ट्रेनिंग सेशन के दौरान भी यौन शोषण हुआ:** युवती ने काउंसलिंग के दौरान बताया कि वह स्कूल टाइम में स्पोर्ट्स एक्टिविटी में शामिल होती थी। ट्रेनिंग सेशन के दौरान भी उसके साथ कई बार यौन शोषण किया गया था। उसके कुछ वीडियो भी सर्कुलेट हुए थे। इससे उसका मनोबल टूट चुका था।

**पुलिस बोली- युवती ने पिता के फोन में आरोपियों का नंबर सेव किया था:** पथानामथिट्टा पुलिस ने बताया कि लड़की का विस्तृत बयान दर्ज किया जाएगा। मामले में अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। युवती के पास खुद का मोबाइल फोन नहीं है।



# घने कोहरे के कारण दिल्ली-यूपी में 133 ट्रेनें लेट

- कश्मीर में तापमान माइनस 10डिग्री, एमपी में पारा 2.8डिग्री पहुंचा, राजस्थान के 15 जिलों में बारिश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के 16 राज्यों में लगातार दूसरे दिन घना कोहरा देखने को मिला। कई शहरों में दोपहर तक भी धुंध देखने को मिली। दिल्ली के कुछ इलाकों में विजिबिलिटी 0 रिकॉर्ड की गई। इससे 45 ट्रेनें लेट हुईं। यूपी के भी कई जिलों में विजिबिलिटी 100 मीटर तक घट गई। कानपुर स्टेशन पर करीब 88 ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पाईं। दिल्ली और यूपी मिलाकर कुल 133 ट्रेनें लेट रहीं। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में सर्दी तेज हो गई है। मध्य प्रदेश के शहडोल में तापमान 2.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान में जयपुर, अजमेर समेत 15 शहरों में शनिवार सुबह तेज बारिश हुई। यहां 5 जिलों में ओले गिरने का भी अलर्ट है। मौसम विभाग ने कहा कि राजस्थान में तापमान अभी और गिरेगा। जम्मू-कश्मीर का पहलगाम -10डिग्री तापमान के साथ सबसे ठंडा रहा। हिमाचल के ताबो में तापमान माइनस 11 डिग्री दर्ज किया गया।

### यूपी में कोहरा, भदोही में 5 गाड़ियां टकराईं

यूपी में मौसम का उलटफेर जारी है। अभी ठंड से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग ने आज 36 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई जिलों में तेज हवाओं के साथ ओले भी गिर सकते हैं। सुबह 30 जिलों में कोहरा छाया रहा। जालौन में विजिबिलिटी 10 मीटर तक रह गई। भदोही में हाइवे पर 5 गाड़ियां एक-दूसरे से टकरा गईं। इसमें 5 लोग चोटिल हो गए। हादसा गोपीगंज इलाके में हुआ। पहले ट्रक को पीछे से दूसरे ट्रक ने टक्कर मारी। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने पीछे से आ रही गाड़ियों को रुकने का इशारा किया, लेकिन कोहरा इतना था कि कुछ दिखा ही नहीं। एक मैजिक गाड़ी और दो कार और भिड़ गई। इधर, कानपुर आने वाली 88 ट्रेनें 6 से 10 घंटे लेट आईं। शुक्रवार को अयोध्या सबसे ठंडा जिला रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# विवेकानंद जयंती पर अपने युवा दोस्तों से मिलेंगे पीएम, विकसित भारत समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपना पूरा दिन विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में प्रतिभागियों के साथ बिताएंगे। यह कार्यक्रम बिना किसी राजनीतिक संबंध वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने के प्रयासों के तहत आयोजित किया जा रहा है। इसे राष्ट्रीय युवा दिवस के दिन आयोजित किया गया है। बता दें कि हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के मौके पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पीएम मोदी देशभर के 3,000 युवा नेताओं से मुलाकात करेंगें। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, भारत की युवा शक्ति को श्रद्धांजलि। कल 12 जनवरी विशेष दिन है, क्योंकि इस दिन स्वामी विवेकानंद की जयंती हैं। इस खास मौके पर मैं अपना पूरा दिन विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 में अपने युवा दोस्तों के साथ समय व्यतीत करूंगा। बातचीत और लंच के अलावा हम विकसित भारत के निर्माण के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। पीएम मोदी ने आगे बताया कि जिन युवाओं से वे मिलेंगे उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवीनीकरण, संस्कार और अन्य चीजों में दिलचस्पी दिखाई। प्रधानमंत्री कई गतिविधियों में शामिल होंगे।बयान में बताया गया कि युवा नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष भारत के विकास के लिए महत्वपूर्ण 10 विषयगत क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए 10 पावरपॉइंट प्रस्तुतियां देंगे। रविवार को शुरू होने वाले कार्यक्रम में युवा नेता प्रतियोगिताएँ, गतिविधियाँ और सांस्कृतिक और विषयगत प्रस्तुतियों में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के लिए कुल 3000 युवा नेताओं का चयन किया गया है।

# राज्यपाल तमिलनाडु का विकास पचा नहीं पा रहे, सीएम स्टालिन ने आरएन रवि की बातों को बताया बचकाना

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई**



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बताया कि राज्यपाल आरएन रवि इस बात को नहीं पचा पा रहे हैं कि राज्य विकास कर रहा है और विधानसभा में अभिभाषण नहीं देने संबंधी उनका फैसला बचकाना है। उन्होंने कहा कि रवि के राज्यपाल बनने के बाद पिछले कुछ वर्षों से राज्य विधानसभा में अजीब दृश्य देखने को मिल रहा है। सीएम स्टालिन ने विधानसभा में कहा, ÷राज्यपाल विधानसभा में आते हैं, लेकिन सदन में अभिभाषण दिए बिना लौट जाते हैं। इसीलिए मैंने कहा था कि उनकी हरकतें बचकानी हैं।÷ उन्होंने आगे बताया कि संविधान के अनुच्छेद 176 के अनुसार राज्यपाल को सत्र की शुरुआत में विधानसभा में अपना अभिभाषण देना होता है। धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा को समाप्त समाप्त करते हुए सीएम स्टालिन ने कहा, ÷ऐसा लगता है कि वे (राज्यपाल) योजनाबद्ध तरीके से नियमों का उल्लंघन करने से इच्छुक हैं।÷ उन्होंने आगे कहा कि 2022 में राज्यपाल ने बिना किसी बदलाव के अपना अभिभाषण दिया। हालांकि, इसके तीन वर्षों में वह बेतुके कारणों का हवाला देते हुए अपना अभिभाषण देने से बचते रहें।

# आतंकियों के तीन मददगार बारामुला से गिरफ्तार, एके-47 और अन्य हथियार बरामद



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद किए हैं। पुलिस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी तीन आतंकवादी हाल ही में एक सेना के शिविर पर हमले में शामिल थे। इस हमले के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी और जांच शुरू की थी। जांच के दौरान तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से एक आतंकवादी पहले भी गिरफ्तार हो चुका था और हाल ही में रिहा हुआ था। पुलिस ने बताया कि इन आतंकवादियों के पास से एक एके-47 राइफल, एक मैगजीन, 13 राउंड, एक पिस्टल, पिस्टल के राउंड, पिस्टल का मैगजीन और एक वाहन सहित अन्य सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने यह भी कहा कि आगे की जांच के आधार पर और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। ऑपरेशन के दौरान एक हैंड ग्रेनेड 1 एके सीरीज राइफल, 1 पिस्टल और 250 लाइव एके राउंड और 21 लाइव पिस्टल राउंड भी बरामद किए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)